**रांची, रविवार**

02:04:2023

देश/विदेश 11 | कम चर्चित फर्मों से हो चुका है संपर्क.. .. .. ..

झारखंड 9 | उपायुक्त के निर्देश...

अभिव्यक्ति 6 | ना पूछो कोई हमें जहर क्यों.. .. .....

राधिका आप्टे की फिल्म 10



अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर

## हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 089 | epaper.rashtriyakhabar.com | चैत्र, शुक्लपक्ष द्वादशी, विक्रम संवत 2080



शहर >> अपडेट

## सीसीएल ने किया रिकॉर्ड कोयला उत्पादन

रांची: सेंट्रल कोलफिल्ड्स लिमिटेड ( ने 2018-19 के बाद इस वर्ष कोयला उत्पादन में रिकॉर्ड टारगेट हासिल किया है। साथ ही सीएसआर, आर एंड आर पॉलिसी, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और अन्य पहलुओं पर भी उल्लेखनीय कार्य किए हैं। सीसीएल के अध्यक्ष सह सीएमडी पीएम प्रसाद ने दरभंगा हाउस स्थित कन्वेंशन सेंटर में प्रेस कॉन्फ्रेंस में शनिवार को इस संबंध में यह जानकारी दी। बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में राज्य सरकार, ग्रामीणों और अनय के सहयोग से 76.09 एमटी कोयला उत्पादन राज्य में हुआ। यह निर्धारित लक्ष्य (76 एमटी) से अधिक रहा। पिछले वर्ष यह लक्ष्य 68.85 एमटी था। इस तरह से पिछले वर्ष की तुलना में 11 फीसदी अधिक उत्पादन हुआ।

प्रदर्शन — एक ही व्यक्ति विधायिका कार्यपालिका न्यायपालिका व मीडिया बन गया : शिल्पी

# राहुल के खिलाफ कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस के धरना में शामिल हुए टाना भगत

राष्ट्रीय खबर



रांची: कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त होने, सरकारी आवास को खाली कराने, अडाणी को लेकर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट की जेपीसी जांच की मांग को लेकर आज कांग्रेस के ओबीसी प्रकोष्ठ, अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ, अल्पसंख्यक विंग की ओर से बापू वाटिका मोरहाबादी में सत्याग्रह किया। इस सत्याग्रह में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की सहित सभी विभाग के प्रदेश अध्यक्ष शामिल हुए। कांग्रेस नेताओं ने इस दौरान सभी ने डरो मत के नारे लगाए। महात्मा गांधी के अनुयायी टाना भगत भी सत्याग्रह स्थल पहुंचे। एक दिवसीय सत्याग्रह में बापू के अनुयायी टाना भगत भी बड़ी संख्या में शामिल हुए लोकतंत्र बचाने और राहुल गांधी की तपस्या के समर्थन में आयोजित सत्याग्रह में शामिल होने बेड़ो, लापुंग, चान्हो एवं कर्रा सहित दूर-दराज के इलाकों से आए टाना भगतों ने कहा कि निर्दोष को सरकार दोषी बना रही है। मांडर से कांग्रेस की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि लोकतंत्र को बचाने की हम कोशिश कर रहे हैं। आज एक ही व्यक्ति विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका, मीडिया सब बन गया है। इससे ज्यादा काला दिन देश के लिए क्या होगा। एक और देश की आवाज बन चुके राहुल गांधी की आवाज को दबाने की कोशिश की गई। 24 मार्च, राहुल गांधी की जिस दिन सदस्यता गयी, उसी दिन चुपके से संसद से फाइनेंसियल प्रस्ताव पास करा लिया गया। इसका असर आने वाले दिनों में आम आदमी के पॉकेट पर पड़ना तय है। दवा से लेकर जीवन बीमा तक महंगा हो जाएगा। विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि यह एक तरह की लूट ही है । बेड़ो से आए मंगरा टाना भगत ने कहा कि राहुल गांधी को भी परेशान किया जा रहा है। मंगरा टाना भगत ने कहा कि वह किसी का विरोध नहीं कर रहें हैं। लेकिन जिस तरह बापू छोटे-बड़े सबको साथ लेकर चले थे और देश को आजाद कराया था। उसी तरह सरकार को सबको साथ लेकर चलना चाहिए।

## न्यूज फटाफट

### डिस्टिलरी पुल वेंडर मार्केट में 74 नॉनवेज दुकानदारों को लॉटरी से मिली जगह

रांची: रांची नगर निगम में मेयर डॉ आशा लकड़ा की उपस्थिति में लालपुर-कोकर मार्ग स्थित नवनिर्मित डिस्टिलरी वेंडर मार्केट में नॉन वेज के फुटपाथ विक्रेताओ को स्थल निर्धारित हेतु लॉटरी किया गया। पर्ची के माध्यम से पूरी पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण रुप से लॉटरी सम्पन्न कराया गया। इस दौरान 74 विक्रेताओं में से 71 विक्रेता लॉटरी प्रक्रिया में उपस्थित रहे। सभी 74 विक्रेताओं का स्थान लॉटरी के माध्यम से निर्धारित किया गया। विक्रेताओं ने नवनिर्मित सब्जी मार्केट में स्थान का निर्धारण किए जाने पर हर्ष व्यक्त किया।मेयर ने कहा कि निगम क्षेत्रांतर्गत सभी वेंडर्स को व्यवस्थित करना रांची नगर निगम की प्राथमिकता रही है। आज पहले चरण में लॉटरी के माध्यम से डिस्टिलरी वेंडर मार्केट में विक्रेताओं को जगह दी गई है। दूसरे चरण में लालपुर कोकर मार्ग के सभी सब्जी विक्रेताओं की सूची तैयार कर उन्हें व्यवस्थित किया जायेगा। मेयर ने सभी विक्रताओं से कहा कि सड़क को स्वच्छ, सुंदर एवं ट्रैफिक मुक्त बनाने में सभी की भागीदारी जरूरी है। स्थल निर्धारित होने के बाद कोई विक्रेता सड़क पर दुकान नहीं लगाएगा। इसके बाद भी कोई दुकान लगाता है तो उनका आवंटन रद्द किया जायेगा। साथ ही साफ-सफाई को भी प्राथमिकता देनी होगी।लॉटरी कार्यक्रम के दौरान डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय ने कहा कि लगातार वर्ष 2008 से ही लालपुर-कोकर मार्ग के फल सब्जी एवं मास-मछली के विक्रेताओं को व्यवस्थित करने हेतु प्रयास किया जा रहा था। आज यह योजना धरातल पर उतरी है। आज लॉटरी के माध्यम से लालपुर-कोकर मार्ग स्थित डिस्टलरी वेंडर मार्केट में 74 मांस-मछली के फुटपाथ विक्रेताओं को व्यवस्थित किया जा रहा है। इसके बाद निदेश दिया जा चुका है कि अगले 15 दिनों के अंदर सब्जी विक्रेताओं को व्यवस्थित करने हेतु सूची तैयार करते हुए लॉटरी किया जाए। जिससे कि लालपुर-कोकर मार्ग के सभी वेंडर्स व्यवस्थित हो सके।

स्कूटी छोड़ भागे स्नैचर

## राजधानी में दिनदहाड़े प्रेग्नेंट महिला से छिनतई

राष्ट्रीय खबर



रांची: राजधानी में चोर-उच्चकों की हिम्मत इतनी बढ़ गई है कि वह पुलिस को देख कर भी छिनतई की वारदातों को अंजाम देने से बाज नहीं आ रहे हैं। ताजा मामला रांची के सहजानंद चौक का है। शुक्रवार को यहां स्कूटी पर सवार दो अपराधी स्वाति सिंह नाम की एक महिला का मोबाइल और पर्स स्नैचिंग करके फरार हो गए। हालांकि पुलिस ने दोनों अपराधियों का काफी दूर तक पीछा किया, जिसके बाद दोनों ही अपराधी अपना स्कूटी छोड़कर फरार हो गए।हरमू की रहने वाली स्वाति सिंह प्रेग्नेंट हैं, स्वाति सिंह ने बताया कि वह अपने घर से दवा लेने के लिए निकली थी। उन्हें दवा और एक थमार्मीटर खरीदना था। जैसे ही वह मेडिसिन दुकान जाने के लिए मुड़ी तभी स्कूटी सवार दो युवक उनके पास आए और उनसे उनका पर्स झपट कर भाग गए। स्वाति सिंह ने अपराधियों का विरोध इसलिए नहीं किया क्योंकि वह प्रेग्नेंट हैं। उन्हें डर था कि अगर कहीं विरोध करने पर अपराधियों ने उन्हें धक्का दे दिया, तो फिर ज्यादा मुसीबत हो जाएगी। स्वाति सिंह के द्वारा शोर मचाए जाने पर पास में खड़े पीसीआर ने तुरंत स्कूटी सवार अपराधियों का पीछा करना शुरू कर दिया, लेकिन एक पतली गली आने के बाद अपराधियों ने अपने स्कूटी वहीं छोड़ दिया और गली का फायदा उठाते हुए फरार हो गए। पुलिस ने स्कूटी जब्त कर लिया है। हालांकि अब तक की जानकारी में यह बात सामने आई है कि स्कूटी भी चोरी की है।

राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने पत्रकारों को दी जानकारी

# झारखंड ने राजस्व वसूली का रिकार्ड कायम किया है

राष्ट्रीय खबर



रांची: वाणिज्य कर विभाग द्वारा 21000 करोड़ रुपये से अधिक की वसूली कर झारखण्ड राज्य के लिए एक रिकॉर्ड स्थापित किया गया है। वितीय वर्ष 2022-23 का अंतिम दिन यानी 31 मार्च है और अभी तक वाणिज्य कर विभाग अपने निर्धारित लक्ष्य रुपए 18,500 करोड़ के विरुद्ध रुपए 2500 करोड़ से अधिक की वसूली कर ली है। इस तरह पिछले वित्त वर्ष में विभाग ने निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध लगभग 114प्रतिशत की प्राप्ति है। जीएसटी कर प्रणाली के लागू होने के पश्चात मात्र 5 वर्षों तक ही केंद्र सरकार द्वारा राज्य सरकारों को कंपनसेशन का भुगतान किया जाना था जो अवधि चालू वित्तिय वर्ष के प्रथम त्रैमास में ही समाप्त हो गया। अर्थात 1 जुलाई 2022 से केन्द्र सरकार द्वारा राज्य सरकारों को यह कंपनसेशन भुगतान बन्द कर दिया गया है फिर भी वाणिज्य कर विभाग में यह उपलब्धि हासिल की है। उल्लेखनीय है कि विगत वित्तीय वर्ष में केंद्र सरकार के कंपनसेशन की राशि को अलग करने के बाद वित्तीय वर्ष 2020-21 में प्राप्त 15741 करोड़ की तुलना में चालू वित्त वर्ष में 18941 करोड़ हुई है जो लगभग 3200 करोड़ रुपए अधिक की प्राप्ति हुई है। वाणिज्य कर विभाग द्वारा विगत वर्ष 2021-22 में प्राप्त राजस्व संग्रहण की तुलना में एसजीएसटी में 18प्रतिशत , वैट मद में 22प्रतिशत, विद्युत शुल्क मद में 43प्रतिशत , पेशा कर मद में 4प्रतिशत से अधिक की वसूली की गई है।

डॉ उरांव ने अपने साथ मौजूद विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी ने बताया कि वाणिज्य कर विभाग द्वारा इस कंपनसेशन की कमी को पूरा करने के लिए कुछ नया कदम उठाया गया जिसके प्रतिफल के रूप में राजस्व संग्रहण में अत्यधिक वृद्धि हुई। विभाग द्वारा मुख्यालय एवं प्रमंडलीय स्तर पर इंटेलिजेंस एंड रेवेन्यू एनालाइसिस यूनिट का गठन किया गया जिनके द्वारा आंकड़ो का विश्लेषण कर निरीक्षण आदि कार्य किया गया है। इसके अतिरिक्त 05 बड़े अंचलों में स्पेशल टास्क यूनिट का गठन किया गया है जिनका कार्य बड़े करदाताओं के विवरणियों आदि का अनुश्रवण करना है ।साथ ही चालू वित्तीय वर्ष में इंटेलीजिबल आईजीएसटी के रिवर्सल से भी लगभग 563 करोड़ राजस्व की वसूली हुई है। वाणिज्य कर विभाग द्वारा वैट के ऑनलाइन कर निर्धारण प्रक्रिया को प्रारम्भ किया गया है जिसमें व्यवसायियों को कार्यालय आने की आवश्यक न के बराबर है। पुराने कराधानों के अंतर्गत बकाया राशि की वसूली एवं विभिन्न न्यायालयों में लंबित वादों को कम करने के लिए कर समाधान योजना इस वित्तीय वर्ष के अन्त में लाई गयी है और अभी तक लगभग 04 करोड़ की प्राप्ति की जा चुकी है और उम्मीद है कि लगभग 500 करोड़ की वसूली आगामी वित्तीय वर्ष में होगी । वाणिज्य कर विभाग इस अप्रत्याशित राजस्व वसूली के पीछे प्रधान सचिव आराधना पटनायक वाणिज्य कर आयुक्त श्री संतोष कुमार वत्स और विभाग के सभी पदाधिकारियों का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

## पेज एक का शेष

### कहा, देश में अभी .. ..

सेशन कोर्ट में मामले की सुनवाई हुई।1999 में सेशन कोर्ट ने ने केस को खारिज कर दिया। इसके बाद केस हाई कोर्ट पहुंचा और दिसंबर 2006 को हाईकोर्ट ने सिद्धू और संधू को दोषी ठहराते हुए 3-3 साल कैद की सजा सुनाई, साथ ही 1 लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया। मई 2018 में पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट ने सिद्धू और संधू को रोड रेज के मामले में दोषी ठहराते हुए 3-3 साल कैद की सजा सुनाई। फिर इस सजा के ऐलान को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई।मामले पर सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने सिद्धू और संधू को सभी आरोपों से बरी कर दिया था। हालांकि, कोर्ट ने रोड रेज मामले में सिद्धू पर 1 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया। इसी फैसले पर पुनर्विचार याचिका दाखिल की गई थी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने सिद्धू को एक साल की सजा सुनाई गई थी।

### अनपढ़ या कम पढ़ा-लिखा .. ..

कर दिया। यह देखते हुए कि केजरीवाल और सीआईसी दोनों अपने दृष्टिकोण में बिल्कुल आकस्मिक थे, अदालत ने यह भी कहा कि इस मामले में आरटीआई अधिनियम का अंधाधुंध दुरुपयोग था।

### टिपरा मोथा ने कहा .. ..

सूत्र यह भी दावा कर रहे थे कि टिपरा मोथा विधायकों के लिए कई अहम पद खाली रखे जा रहे हैं। लेकिन खुद प्रद्योत ने उस कयास पर पानी फेर दिया। यानी अगर मांग पूरी नहीं हुई तो फिलहाल त्रिपुरा विधानसभा में सीपीएम और कांग्रेस के साथ विपक्ष की सीट पर टिपरा माथा बैठेंगे।

### वहां धरती से बहुत ...

करती है, जो आकार और द्रव्यमान में समान होने के बावजूद प्लेट टेक्टोनिक्स का अभाव है। एक नए शोध पत्र के अनुसार, शुक्र में ज्वालामुखीय गतिविधि प्रतीत होती है, जो पृथ्वी के जैसा ही ज्वालमुखी विस्फोट और लावा प्रवाह के तथ्यों की पुष्टि कर रहा है। इस बारे में शोध हाल ही में साइंस जर्नल में प्रकाशित हुआ था। वैसे यह स्पष्ट किया गया है कि इस ग्रह को जीवित मानने का यह अर्थ नहीं है कि वहां पर जीवन के संकेत मिले हैं। इस ग्रह को जीवंत बताने का अर्थ है कि वहां की धरती के नीचे भी हलचल होती है। दरअसल वैज्ञानिक भूगर्भीय रूप से सक्रिय होने पर ग्रह को जीवित कहते हैं। भूगर्भीय रूप से सक्रिय ग्रह में एक गतिशील कोर, ज्वालामुखीय गतिविधि या विवर्तनिक गति हो सकती है। वैज्ञानिक सोचते थे कि शुक्र भूगर्भीय रूप से मृत है, लेकिन यह नया शोध इस बात का पुख्ता सबूत है कि यह अभी भी भूगर्भीय रूप से सक्रिय है। शुक्र, हालांकि आकार और द्रव्यमान में पृथ्वी के समान है, इसमें स्पष्ट रूप से भिन्नता है कि इसमें प्लेट टेक्टोनिक्स नहीं है। पृथ्वी की गतिमान सतह प्लेटों की सीमाएँ ज्वालामुखी गतिविधि के प्राथमिक स्थान हैं।
हेरिक ने फरवरी 1991 के मध्य की एक मैगलन छवि की तुलना अक्टूबर 1991 के मध्य की छवि के साथ की और एक गुंबददार ढाल ज्वालामुखी के उत्तर की ओर एक गड्ढे में बदलाव देखा जो माट मॉन्स ज्वालामुखी का हिस्सा है। बाद की छवि इंगित करती है कि गड्ढे की दीवारें छोटी हो गईं , शायद केवल कुछ सौ फीट ऊँचा, और यह कि गड्ढे लगभग अपने रिम तक भर गया था। शोधकर्ता अनुमान लगाते हैं कि छवियों के बीच आठ महीनों के दौरान गड्ढे में एक लावा झील का निर्माण हुआ, हालांकि सामग्री तरल थी या ठंडी और जमी हुई थी, यह ज्ञात नहीं है। हालांकि, 45 वर्षों में कुछ भी नहीं हुआ है कि हम मंगल ग्रह का अवलोकन कर रहे हैं, और अधिकांश वैज्ञानिक कहेंगे कि नए लावा प्रवाह को देखने का उचित मौका पाने के लिए आपको शायद कुछ मिलियन वर्षों तक सतह को देखने की आवश्यकता होगी।

### असम राइफल्स बटालियन .. ..

विकास के लिए प्रतिबद्ध है, ह्लउन्होंने राज्य में लगभग 2,500 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं के उद्घाटन के बाद लोगों को संबोधित करते हुए कहा।उन्होंने कहा कि हमारी सरकार पर्यटन, कृषि या कोई अन्य क्षेत्र जहां विकास की गुंजाइश है, हर क्षेत्र की खोज करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।
गृहमंत्री ने कहा कि मिजोरम राज्य में हिंसा होती थी, लेकिन आज शांति स्थापित हो गई है। उन्होंने कहा, ह्यएक समय यहां हिंसा और अशांति थी। गोलियां चलाई गईं, और बम विस्फोट हुए। लेकिन आज जोरमथांगा मिजोरम के मुख्यमंत्री हैं, और यहां शांति है। यह भारत में लोकतंत्र की सफलता का एक उदाहरण है।उन्होंने सशस्त्र समूहों से सशस्त्र संघर्ष का रास्ता छोड़ने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल होने की भी अपील की। उन्होंने कहा, ह्यआज, मैं पूर्वोत्तर में जो भी सशस्त्र समूह बचे हैं, उनसे अपील करता हूं कि वे आएं और मुख्यधारा में शामिल हों, लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा बनें और क्षेत्र और देश के विकास में अपना योगदान दें. मिजोरम पूरी दुनिया के सामने लोकतंत्र की जीत का एक बड़ा उदाहरण है। पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने यह भी कहा कि सरकार के विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों ने पिछले नौ वर्षों में कुल 432 बार पूर्वोत्तर का दौरा किया है। उन्होंने कहा, ह्लनरेंद्र मोदी सरकार ने पीएम-देविन योजना के तहत पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए बजट में 276% की वृद्धि की है। क्षेत्र की सभी आठ राज्य राजधानियों को 2025 से पहले 1,76,000 करोड़ रुपये की लागत से हवाई, रेल और सड़क मार्ग से जोड़ा जाएगा।उन्होंने आगे कहा कि नई सड़क परियोजनाओं से राज्य के व्यापार और व्यवसाय को बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, ह्ल1,200 करोड़ रुपये की चार नई सड़क परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया गया है। इससे न केवल राज्य के व्यापार और कारोबार में वृद्धि होगी, बल्कि मिजोरम और म्यांमार के बीच व्यापार भी बढ़ेगा। इन परियोजनाओं में 163 करोड़ रुपये की लागत से असम राइफल्स बटालियन मुख्यालय परिसर जोखवसांग का निर्माण और स्मार्ट सिटी लिमिटेड (एएससीएल) के तहत 119.2 करोड़ रुपये की लागत से एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र (आईसीसीसी) का निर्माण शामिल है।

## सरना झंडा का अपमान बर्दाश्त नहीं : नायक

राष्ट्रीय खबर



रांची: लोअर करम टोली में भू-माफियाओं द्वारा पवित्र सरना झंडा को उखाड़ कर फेंके जाने एवं जलाने की घटना को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा अगर 72 घंटे के अंदर दोषी अपराधियों को गिरफ्तारी नहीं की गई तो रांची बंद का आह्वान किया जायेगा। उक्त बातें झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय संयोजक विजय शंकर नायक ने कही। उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं राज्य के पुलिस महानिदेशक श्री अजय कुमार सिंह को अपने भेजे गए ईमेल के माध्यम से पत्र में कहा । इन्होंने आक्रोश पूर्ण शब्दों में कहा कि सरना झंडा उखाड़ फेंके जाने एवं जलाए जाने की घटना से आदिवासी सरना धर्मावलंबियों की धार्मिक भावना को ठेस पहुंचा है इसलिए सरकार एवं पुलिस प्रशासन इसको अनदेखी ना करें अन्यथा इसके गंभीर परिणाम भी हो सकते हैं। श्री नायक ने कहा कि 25 मार्च को राजेंद्र मुंडा लोअर करम टोली थाना लालपुर जिला रांची के खतियानी जमीन पर लगाए गए सरहुल के पवित्र झंडों को भू-माफियाओं के द्वारा उखाड़ कर फेंक देना और इसका विरोध करने पर हथियारों से लैस होकर भू माफियाओं के द्वारा श्री राजेंद्र मुंडा को मारा पीटा जाना तथा जातिसूचक गाली गलौज करना सरना झंडा को जला देना सरना धर्म का अपमान है जिसे कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा । इन्होंने यह भी कहा कि लालपुर थाना को लिखित शिकायत करने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं किया जाना आदिवासी समाज के साथ अन्याय है ।

## मूलवासी सदान मोर्चा सड़कों पर उतरा

राष्ट्रीय खबर

दुमका/ रांची :मूलवासी सदान मोर्चा के महासचिव सह संथाल परगना प्रभारी के नेतृत्व में सदानी झंडा के साथ सड़क पर उतरे बन्द कराने। शनिवार को छात्र समन्वय समिति संथाल परगना दुमका , संथाल परगना प्रमंडल बंद का का आह्वान किया गया था, जिसका समर्थन मूलवासी सदान मोर्चा झारखंड द्वारा किया गया है। मूलवासी सदान मोर्चा का कहना है। झारखंड सरकार हम मूलवासी के छात्रों, नौजवानों एवं किसानों को ठग रही है। झारखंड बने 23 साल हो गई, लेकिन जितने भी सरकार आए पक्ष की हो या विपक्ष की हो वह सिर्फ यहां के नौजवानों को ठगने का ही काम किया है। अब इसको हम लोग बर्दाश्त नहीं करेंगे। मोर्चा के लोगों ने कहा कि नियोजन नीति और स्थानीय नीति के लिए मूलवासी सदान मोर्चा ईमानदारी से लम्बे समय से आंदोलनरत रहा है। हम स्वागत करते हैं। छात्र समन्वय समिति का कि उन्होंने एकजुट होकर सरकार के विरुद्ध जंग का ऐलान किया है।

सहायता — यह राशि केंद्र प्रायोजित पुलिस आधुनिकीकरण योजना अंतर्गत विशेष केंद्रीय सहायता योजना के तहत

# झारखंड के छह नक्सल प्रभावित जिलों को विशेष केंद्रीय सहायता के तहत मिले 51.73 करोड़

राष्ट्रीय खबर



रांची: झारखंड के छह नक्सल प्रभावित जिलों को वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 51.73 करोड़ मिले हैं। यह राशि केंद्र प्रायोजित पुलिस आधुनिकीकरण योजना अंतर्गत विशेष केंद्रीय सहायता योजना के तहत दी गयी है। गिरिडीह को 10।25 करोड़, गुमला को 10.25 करोड़, खूंटी को 9.89 करोड़, सरायकेला को 10.25 करोड़, चाईबासा को 10.25 करोड़ और चतरा 84 लाख रुपए मिले हैं।विशेष केंद्रीय सहायता योजना के तहत मिली राशि से राज्य के छह जिलों में सार्वजनिक आधारभूत संरचना और सेवाओं से संबंधित क्रिटिकल गैप्स को भरा जायेगा। इसके लिए भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने देश के अति उग्रवाद प्रभावित जिलों में विशेष केंद्रीय सहायता देने की योजना बनायी थी, जिसमें छह जिले झारखंड के हैं।झारखंड के आठ जिले माओवादियों की सक्रियता के लिहाज से अति माओवाद प्रभाव श्रेणी में हैं। वहीं राज्य के 16 जिलों में माओवादियों का प्रभाव है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के मुताबिक, पूर्व में देशभर के 90 जिले माओवाद प्रभावित थे। लेकिन अब इसकी संख्या घटकर 70 रह गयी है। केंद्र ने 70 में से 25 जिलों को अति माओवादी प्रभाव वाला माना है। देश के अति माओवाद प्रभाव वाले 25 में 8 जिले झारखंड के हैं। झारखंड में माओवाद प्रभाव वाले 16 जिलों में रांची, खूंटी, बोकारो, चतरा, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, गिरिडीह, गुमला, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा, पलामू, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम शामिल हैं। वहीं आठ अति माओवाद प्रभावित जिलों में चतरा, गिरिडीह, गुमला, खूंटी, लोहरदगा, लातेहार, सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम शामिल हैं।



02:04:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र

पेज » 12 मूल्य » 3 रुपये » वर्ष » 14 अंक » 089 | epaper.rashtriyakhabar.com | चैत्र, शुक्लपक्ष द्वादशी, विक्रम संवत 2080

## चाणक्य नीति

धर्मे तत्परता मुखे मधुरता दाने समुत्साहता
मित्रेऽवञ्चकता गुरौ विनयता चित्तेऽति गम्भीरता।
आचारे शुचिता गुणे रसिकता शास्त्रेषु विज्ञानता
रूपे सुन्दरता शिवे भजनता सत्स्वेव संदृश्यते॥

**भावार्थ :** धर्म में निरंतर लगे रहना, मुख से मीठे वचन बोलना, दान देने में सदैव उत्सुक रहना, मित्र के प्रति कोई भेद भाव न रखना, गुरु केप्रति नम्रता और अपने हृदय में गंभीरता, अपने आचरण में पवित्रता, गुणों के ग्रहण करने में रुचि, शास्त्रों का विशेष ज्ञान, रूप में सौंदर्य और प्रभु में भक्ति आदि का होना- ये गुण सज्जन पुरुषों में ही दिखाई देते हैं।

**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 29.00 °c | 17.00 °c |

सूर्यास्त (आज) » 18 .04 बजे

सूर्योदय (कल) » 05 .40 बजे

## माता पिता को ब्लैकमेल कारावास की सजा

**लंदन:** ब्रिटेन की एक अदालत ने भारतीय मूल के 49 वर्षीय एक व्यक्ति को मादक पदार्थों की लत के लिए माता-पिता को भावनात्मक रूप से ब्लैकमेल करने के आरोप में जेल की सजा सुनाई है। बर्मिंघम लाइव की रिपोर्ट के अनुसार, देवन पटेल ने पैसा पाने के लिए अपने माता-पिता से संपर्क करने पर रोक लगाने वाले कई आदेशों का उल्लंघन किया, जो अब अपने क्रूर पुत्र के व्यवहार से अपमानित और उदास महसूस करते हैं। वॉल्वरहैम्प्टन क्राउन कोर्ट ने 27 मार्च को सुनवाई की कि कैसे पटेल ने लगातार' पैसे मांगे और कभी-कभी तो उसने दिन में 10 बार अपने माता-पिता को फोन किया। उन्होंने जब जवाब नहीं दिया तो वह उनके घर पर भी देखा गया। न्यायाधीश जॉन बटरफ़ील्ड केसी ने सजा सुनाते हुए कहा कि पटेल ने अपनी नशीली दवाओं की आदत को पूरा करने के लिए अपने माता-पिता का जीवन को कैसे नर्क बना दिया।

## राहुल नौ अप्रैल को सभा को करेंगे संबोधित: सिद्दारमैया

**बेंगलुरु :** कर्नाटक में 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी नौ अप्रैल को कोलार में जय भारत रैली' के जरिये भारतीय जनता पार्टी पर जोरदार हमला करेंगे। यह जानकारी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्दारमैयान ने शनिवार को दी। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा,श्री गांधी नौ अप्रैल को कोलार में होंगे और वहां जय भारत रैली' को संबोधित कर राज्य में होने वाले चुनाव प्रचार अभियान का भी शुभारंभ करेंगे। श्री गांधी को इससे पहले पांच अप्रैल को रैली को संबोधित करना था, लेकिन किसी काम के कारण इसे स्थगित कर दिया। जय भारत रैली' की तैयारियों का जायजा लेने के लिए श्री सिद्दारमैया यहां पहुंचे हुए हैं। लोकसभा के सदस्य के रूप में अयोग्य ठहराए जाने के बाद श्री गांधी की यह पहली रैली होगी। उन्हें सूरत जिला अदालत ने दोषी ठहराया था और 2019 में कोलार में एक चुनावी रैली में की गई उनकी मोदी उपनाम' टिप्पणी पर मानहानि के मामले में दो साल कैद की सजा सुनाई थी।

## विवाह समारोह में अचानक मधुमक्खियों का हमला

**पत्थलगांव :** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में आज पत्थलगांव स्थित किलकिलेश्वर धाम में एक शादी समारोह के दौरान अचानक मधुमक्खियों का हमला के बाद दुल्हा दुल्हन सहित सभी मेहमानों को भाग कर अपनी जान बचानी पड़ी। पत्थलगांव पुलिस सूत्रों के अनुसार मधुकम्मखियो के हमले से वर-वधू पक्ष के दर्जन भर लोग घायल हो गए थे, जिन्हें स्थानीय सिविल अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। दरअसल, पाकरगांव का हेमंत यादव का परिवार ने किलकिलेश्वर धाम परिसर में शादी का आयोजन किया था। इस दौरान वर-वधु के सात फेरों की रश्म के समय हवन के धुएं से मधुमक्खियों ने अचानक वहां उपस्थित मेहमानों पर हमला शुरू कर दिया। देखते ही देखते मधुमक्खियो का हमला तेज हो जाने के बाद इससे दूल्हा दुल्हन को भी विवाह स्थल से भागना पड़ा। मधुमक्खियो के हमले की वजह से कुछ देर शादी का कार्यक्रम रोक कर मधुमक्खियों के शांत होने के बाद ही विवाह की शेष रश्में पूरी की गयी।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**प्रहार** 35 साल पुराने केस में दस महीने की कैद के बाद निकले सिद्धू

# कहा, देश में अभी लोकतंत्र खतरे में है

- सुबह से ही बाहर लगी थी समर्थकों की भीड़
- ढोल नगाड़ों के बीच ही अभिवादन किया
- कांग्रेस की गतिविधियां भी तेज होंगी

राष्ट्रीय खबर

**चंडीगढ़:** पूर्व अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर और कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू आज पटियाला जेल से बाहर निकले। उनके बाहर निकलने की खबर कल ही सार्वजनिक हो गयी थी। इसमें कहा गया था कि आज सुबह के दस बजे के बाद वह जेल से बाहर आयेंगे। इसी सूचना पर जेल के बाहर सुबह से ही उनके समर्थकों की भारी भीड़ एकत्रित हो गयी थी। लेकिन वह शाम को छह बजे के बाद बाहर निकले। बता दें कि सड़क पर हुई मारपीट और एक व्यक्ति की मौत के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल 19 मई को सिद्धू को एक साल की सजा सुनाई थी। कांग्रेस नेता सिद्धू ने पटियाला जेल से निकलते ही मीडिया से बात की। इस बीच सिद्धू के रिहा होने से पहले ही पटियाला जेल के बाहर कांग्रेस के कई कार्यकर्ता पहुंचे।पटियाला जेल के बाहर ढोल-नगाड़े बजाकर सिद्धू का स्वागत किया गया। समर्थकों का आभार व्यक्त करने तथा नेताओं से मिलने के बाद वह सीधे अपने घर की तरफ निकले। जहां वह सबसे पहले अपनी बीमार चल रही पत्नी से मुलाकात करेंगे। इसके आगे के कार्यक्रम के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गयी है।

वैसे इस क्रम में वह मामला फिर से चर्चा में आ गया, जिसकी वजह से पंजाब कांग्रेस के इस कद्दावर नेता को जेल जाना पड़ा था। दरअसल 27 दिसंबर 1988 की शाम सिद्धू अपने रूपिंदर सिंह संधू के साथ पटियाला के शेरावाले गेट की मार्केट में पहुंचे थे। इसी मार्केट में कार पार्किंग को लेकर उनकी 65 साल के बुजुर्ग गुरनाम सिंह से कहासुनी हो गई। बात हाथापाई तक जा पहुंची। सिद्धू ने गुरनाम सिंह को घुटना मारकर गिरा दिया। उसके बाद गुरनाम सिंह को अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। रिपोर्ट में आया कि गुरनाम सिंह की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई थी। उसी दिन सिद्धू और उनके दोस्त रूपिंदर पर कोतवाली थाने में गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज हुआ। इसके बाद

» पेज 2 भी देखें



**जेल से बाहर निकलते ही सिद्धू ने सरकार पर हमला बोला**

जेल से बाहर निकलते ही कांग्रेस नेता सिद्धू ने सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा, देश में लोकतंत्र नाम की कोई चीज नहीं बची है। पंजाब में राष्ट्रपति शासन लाने की साजिश अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है। पंजाब में राष्ट्रपति शासन लाने की साजिश की जा रही है, अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है। सिद्धू ने सरकार को चुनौती दी कि पंजाब को कमजोर करने की कोशिश की तो खुद कमजोर हो जाओगे। जेल के बाहर ही ऐसा बयान देकर सिद्धू ने साफ कर दिया है कि उनके सक्रिय होने पर पंजाब में कांग्रेस की गतिविधियों में भी सक्रियता आयेगी।

गुजरात हाईकोर्ट के फैसले के बाद भी पीछे हटने को तैयार नहीं केजरीवाल

## अनपढ़ या कम पढ़ा-लिखा पीएम देश के लिए खतरनाक

राष्ट्रीय खबर

**नईदिल्ली:** गुजरात हाईकोर्ट द्वारा 25 हजार जुमार्ना लगाये जाने के बाद भी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पीछे हटने को तैयार नजर नहीं आ रहे हैं। सजा सुनाये जाने के एक दिन बाद आज भी उन्होंने फिर से पीएम मोदी की शिक्षा योग्यता पर सवाल उठाया है। केजरीवाल ने कहा कि उनके खिलाफ हाईकोर्ट के आदेश ने पीएम मोदी की डिग्री पर संदेह और बढ़ा दिया है। उन्होंने एक कदम आगे बढ़ते हुए पूछा कि क्या पीएम की डिग्री फर्जी है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, दिल्ली के सीएम ने कहा, यह महत्वपूर्ण है कि पीएम को शिक्षित किया जाए क्योंकि उन्हें एक ही दिन में बहुत सारे फैसले लेने होते हैं। गुजरात हाई कोर्ट के आदेश ने पीएम मोदी की डिग्री पर संदेह बढ़ा दिया है. अगर उसके पास डिग्री है और वह असली है तो उसे दिखाया क्यों नहीं जा रहा है? 31 मार्च को, गुजरात की एक अदालत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री के खिलाफ ?25,000 का जुमार्ना लगाया, जिसमें कहा गया था कि पीएम मोदी की शैक्षणिक डिग्री की जानकारी की आवश्यकता नहीं है। एकल न्यायाधीश की पीठ ने संबंधित विश्वविद्यालयों द्वारा डेटा प्रस्तुत करने के लिए मुख्य सूचना आयोग के पहले के एक आदेश को भी रद्द

» पेज 2 भी देखें



**न्यायमूर्ति ने केजरी पर 25,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया**

सीआईसी के आदेश के खिलाफ गुजरात विश्वविद्यालय की अपील को स्वीकार करते हुए, न्यायमूर्ति बीरेन वैष्णव ने केजरीवाल पर 25,000 रुपये का जुमार्ना भी लगाया और उन्हें चार सप्ताह के भीतर गुजरात राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (जीएसएलएसए) को राशि जमा करने के लिए कहा। न्यायमूर्ति वैष्णव ने अपने आदेश में कहा, इस अदालत ने पाया कि विवादित आदेश पारित करते समय सीआईसी अच्छी तरह से जानता था कि वह जो निर्देश दे रहा था वह एक विशिष्ट और निश्चित नहीं था। अदालत का फैसले अपने खिलाफ आने के तुरंत बाद सीएम ने ट्वीट कर कहा, क्या देश को यह जानने का हक है कि उनके पीएम कितने पढ़े-लिखे हैं। उन्होंने कोर्ट के आदेश की प्रतिक्रिया में कहा कि जो लोग अपनी डिग्री देखने की मांग करेंगे उन पर जुमार्ना लगाया जाएगा। अनपढ़ या कम पढ़ा-लिखा पीएम देश के लिए बहुत खतरनाक है।

त्रिपुरा से भाजपा को फिर से मिल रहे तूफान आने के संकेत

## टिपरा मोथा ने कहा वादा नहीं निभाता तो विपक्ष में



राष्ट्रीय खबर

**अगरतला:** हाल ही में दोबारा सरकार बनाने के बाद भी भाजपा की परेशानियां अभी त्रिपुरा में समाप्त होती नजर नहीं आ रही हैं। टिपरा मोथा खेमा से जो संकेत मिले हैं, वे भाजपा के लिए अच्छे नहीं है। इस क्षेत्रीय दल का आरोप है कि भाजपा ने अपना वादा नहीं निभाया है। इसलिए अगर उनकी मांगें पूरी नहीं हुई तो पार्टी त्रिपुरा में विपक्ष में रहेगी। पार्टी के मुखिया और त्रिपुरा राजघराने के सदस्य प्रद्योत माणिक्य देवबर्मन ने कहा कि अगर लोगों के अधिकारों से जुड़ी मांगें नहीं मानी गईं तो वे राज्य में विपक्षी दल की भूमिका निभाएंगे। प्रद्योत ने इन लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए एक संवैधानिक समाधान की मांग की। कुछ दिन पहले प्रद्योत ने ट्वीट किया था कि देश के गृह मंत्री अमित शाह ने उन्हें फोन किया और आश्वासन दिया कि लोगों के अधिकारों पर चर्चा के लिए 27 मार्च को एक मध्यस्थ नियुक्त किया जाएगा। लेकिन प्रद्योत ने शिकायत की, उसके बाद भी केंद्र ने अपनी बात नहीं रखी। इस बीच त्रिपुरा की राजनीति में यह खबर फैल रही थी कि टिपरा मोथा भाजपा सरकार में शामिल होने जा रहे हैं। भाजपा के एक

» पेज 2 भी देखें

**त्रिपुरा की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी है टिपरा मोथा**

त्रिपुरा की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी, टिपरा मोथा ने विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा विरोधी स्वर उठाया, लेकिन बाद में भाजपा के प्रति नरमी का संकेत दिया। लेकिन उन्होंने केंद्र और त्रिपुरा की सत्तारूढ़ पार्टी पर भाजपा के खिलाफ अपनी बात नहीं रखने का आरोप लगाया है। पार्टी के मुखिया और त्रिपुरा राजघराने के सदस्य प्रद्योत माणिक्य देवबर्मन ने कहा कि अगर स्थानीय लोगों के अधिकारों की मांग पूरी नहीं हुई तो वे राज्य में विपक्षी दल की भूमिका निभाएंगे। हालांकि साथ ही उन्होंने कहा कि वह इस मसले पर केंद्र से चर्चा करते रहेंगे। भाजपा त्रिपुरा विधानसभा चुनाव में 31 सीटें जीतकर दूसरी बार एकल बहुमत वाली पार्टी बनी है। जनता के अधिकारों की रक्षा की मांग को लेकर टिपरा मोथा को पहली ही बार के चुनावी मैदान में 13 सीटें मिली हैं। गठबंधन में सीपीएम को 11, कांग्रेस को 3 सीटें मिली थीं। जनजातियां त्रिपुरा की कुल आबादी का एक तिहाई हिस्सा हैं।

## प्रधानमंत्री ने भोपाल-नईदिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखायी



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज रानी कमलापति स्टेशन पर भोपाल-नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन, मध्य प्रदेश की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भोपाल से राष्ट्रीय राजधानी के बीच देश की 11वीं वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन 7.45 घंटे में 708 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान उपस्थित थे। पीएम ने कहा कि वंदे भारत भारत में नए विकास का प्रतीक है और देश के कोने-कोने में इसकी मांग है। प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए, पीएम ने कहा कि सबसे पुरानी पार्टी इस कार्यक्रम के दौरान मोदी अप्रैल फूल प्रैंक खींचेंगे कहेगी, लेकिन वंदे भारत को आज हरी झंडी दिखाई जाएगी। पिछली सरकारों में एक ही परिवार को भारत का पहला परिवार समझते थे और भारत के मध्यमवर्गीय परिवारों की जरूरतों पर कोई ध्यान नहीं दिया, भारतीय रेलवे इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। भारतीय रेल आम आदमी की सवारी है। पिछले 9 वर्षों में, हम भारतीय रेलवे को दुनिया में सर्वश्रेष्ठ बनाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 900 स्टेशनों में सीसीटीवी लगाए गए हैं। उन्होंने कहा, वंदे भारत सुपरहिट हो गई है। अधिकारियों ने कहा कि ट्रेन में, पीएम ने 300 से अधिक स्कूली बच्चों के साथ बातचीत की, जिन्हें ह्यभारतीय रेलह्न विषय पर एक ड्राइंग और निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से चुना गया था। प्रधान मंत्री ने दावा किया कि ट्रेन से यात्रा करना अब सुरक्षित हो गया है, और ट्रेनें साफ और समय पर हैं। उन्होंने कहा, नया वंदे भारत रोजगार के नए अवसर और विकास लाएगा।

कर्नाटक में फिर से बदलनी पड़ेगी भाजपा को अपनी चुनावी रणनीति

## येदियुरप्पा के पुत्र अपने पिता की पूर्व सीट से ही चुनाव लड़ेंगे

राष्ट्रीय खबर

**बेंगलुरु:** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा के बेटे बीवाई विजयेंद्र उसी सीट से चुनाव लड़ेगे जहां उनके पिता 1983 से सात बार जीत चुके हैं, न कि उस सीट से जहां से राज्य कांग्रेस प्रमुख सिद्धारमैया चुनाव लड़ेंगे। येदियुरप्पा ने आज इसकी घोषणा करते हुए कहा कि उनका बेटा कांग्रेस प्रमुख के खिलाफ वरुणा से नहीं, बल्कि शिकारीपुरा से विधानसभा चुनाव लड़ेगा। येदियुरप्पा ने संवाददाताओं से कहा, किसी भी कारण से विजयेंद्र के वरुणा से चुनाव लड़ने का कोई सवाल ही नहीं है। उन्होंने कहा कि उनका बेटा शिवमोग्गा जिले में मेरे निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ेगा।

येदियुरप्पा ने गुरुवार को संकेत दिया कि उनका बेटा सिद्धारमैया के खिलाफ चुनाव लड़ सकता है, जिससे कांग्रेस नेता के बेटे यतींद्र सिद्धारमैया के निर्वाचन क्षेत्र पर एक बड़ी लड़ाई की अटकलें लगाई जा रही हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने हाल ही में घोषणा की कि वह अब चुनाव नहीं लड़ेंगे, एक ऐसा निर्णय जिसने उनके बेटे के निर्वाचित होने के प्रयास का मार्ग प्रशस्त किया। श्री विजयेंद्र ने कहा है कि वह भाजपा की कर्नाटक भाजपा युद्ध योजना पर पार्टी आलाकमान के फैसले का सम्मान करेंगे। हालांकि, उनके पिता ने आलाकमान की योजना के साथ रहने के फैसले से सहमत होते हुए कहा कि वह केंद्रीय भाजपा नेतृत्व को श्री विजयेंद्र की शिकारीपुरा से चुनाव लड़ने की पसंद के बारे में बताएंगे। उनका बयान (पार्टी नेतृत्व के फैसले पर) सही है, लेकिन मैं कह रहा हूं कि वह शिकारीपुरा से चुनाव लड़ेंगे। मैसूरु में वरुणा से उनके चुनाव लड़ने का कोई सवाल ही नहीं है।



**राजनीति में प्रवेश करने से पहले, विजयेंद्र का वकील के रूप में एक छोटा कार्यकाल था**

राजनीति में प्रवेश करने से पहले, विजयेंद्र का वकील के रूप में एक छोटा कार्यकाल था। उन्होंने भाजपा की युवा शाखा, भारतीय जनता युवा मोर्चा के महासचिव के रूप में कार्य किया है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव 10 मई को होंगे। वोटों की गिनती 13 मई को होगी। इस बीच ही दो अन्य दलों के विधायकों के इस्तीफे से राजनीति गरमाती नजर आने लगी है। भाजपा के विधायक एन वाई गोपालकृष्णा ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है जबकि जेडीएस के विधायक एटी रामास्वामी भी इसी रास्ते पर हैं। चर्चा है कि यह दोनों ही खेमा बदलकर कांग्रेस में शामिल होने जा रहे हैं। वैसे इस चर्चा की अब तक कोई पुष्टि नहीं हुई है।

**नया शोध** नये अंतरिक्ष अनुसंधान के मुताबिक शुक्र ग्रह एक जिंदा पिंड है

# वहां धरती से बहुत बड़े बड़े ज्वालामुखी मौजूद

- खास इलाके पर ध्यान केंद्रित था
- ज्वालामुखी का यह आकार बदला है
- कंप्यूटर के जरिए भी तथ्य की पुष्टि की

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** हमारे सौर जगत में शुक्र ग्रह पर खगोल वैज्ञानिकों की पहले से नजर रही है। दूसरी तरफ हिंदू ज्योतिष में भी इस ग्रह का अलग महत्व बताया गया है। लेकिन वैज्ञानिक तौर पर इससे पहले इस ग्रह में कोई गतिविधि होने की पुष्टि इससे पहले नहीं हुई है। अब जाकर नया शोध शुक्र पर ज्वालामुखीय गतिविधि के पुख्ता सबूत प्रदान करता है। अध्ययन ने लगभग 1-वर्ग-मील ज्वालामुखीय गड्ढे की पहचान की जो आकार बदल गया और आठ महीनों में बढ़ गया। पृथ्वी पर इस तरह के परिवर्तन ज्वालामुखी गतिविधि से जुड़े हैं, या तो विस्फोट या मैग्मा आंदोलन के कारण गड्ढे की दीवारें ढह जाती हैं और फैल जाती हैं। यह खोज पृथ्वी के बहन ग्रह शुक्र के भूविज्ञान में अंतर्दृष्टि प्रदान

» पेज 2 भी देखें



**प्रोफेसर हेरिक ने ज्वालामुखीय गड्ढे का खुलासा किया**

यूनिवर्सिटी ऑफ अलास्का फेयरबैंक्स जियोफिजिकल इंस्टीट्यूट के शोध प्रोफेसर रॉबर्ट हेरिक के नए शोध ने लगभग 1-वर्ग-मील ज्वालामुखीय गड्ढे का खुलासा किया जिसका आकार आठ महीनों में बढ़ गया। पृथ्वी पर इस तरह के पैमाने पर परिवर्तन ज्वालामुखीय गतिविधि से जुड़े हैं, चाहे माध्यम से गड्ढे पर एक विस्फोट या गड्ढे के नीचे मैग्मा की गति जिससे गड्ढे की दीवारें ढह जाती हैं और गड्ढे का विस्तार होता है। हेरिक ने नासा के मैगेलन अंतरिक्ष जांच के पहले दो इमेजिंग चक्रों के दौरान 1990 के दशक की शुरूआत में ली गई छवियों का अध्ययन किया। हाल तक, नए लावा प्रवाह को खोजने के लिए डिजिटल छवियों की तुलना करने में बहुत अधिक समय लगता था। परिणामस्वरूप, कुछ वैज्ञानिकों ने फीचर निर्माण के लिए मैगेलन डेटा की खोज की है। हेरिक ने कहा, यह वास्तव में केवल पिछले दशक में है या ऐसा है कि मैगेलन डेटा पूर्ण संकल्प पर उपलब्ध है, एक विशिष्ट व्यक्तिगत वर्कस्टेशन के साथ एक जांचकर्ता द्वारा मोजेक और आसानी से छेड़छाड़ की जा सकती है। नया शोध शुक्र के दो सबसे बड़े ज्वालामुखियों, ओज्जा और माट मॉन्स वाले क्षेत्र पर केंद्रित है। ओजा और मैट मोंस नाम से दर्ज वहां की दो ज्वालामुखी, मात्रा में पृथ्वी के सबसे बड़े ज्वालामुखियों के बराबर हैं, लेकिन कम ढलान हैं और इस तरह अधिक फैले हुए हैं।

## असम राइफल्स बटालियन कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया अमित शाह ने

सशस्त्र समूहों से मुख्यधारा में शामिल होने की अपील की

भूपेन गोस्वामी

**गुवाहाटी:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आगामी मिजोरम विधानसभा चुनाव 2023 के मद्देनजर रखते हुए आज मिजोरम का दौरा किया। शाह ने एक ही दिन में कई नई परियोजनाओं की आधारशिला रखने के साथ-साथ 2,500 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया है।मिजोरम के आइजोल दौरे पर गए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक अप्रैल को पूर्वोत्तर के सशस्त्र समूहों से मुख्यधारा में शामिल होने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा बनने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि मोदी सरकार का लक्ष्य पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र का विकास करना और 2025 से पहले सभी आठ राज्यों की राजधानियों को हवाई, रेल और सड़क मार्ग से जोड़ना है। उन्होंने कहा, ह्यआज मिजोरम जैसे छोटे से राज्य में एक ही दिन में 2,500 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया है। यह दिखाता है कि हमारी सरकार पूर्वोत्तर के



» पेज 2 भी देखें

राष्ट्रीय खबर हमारी नजर झारखंड

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

## शहर >> अपडेट

### ढोरी में 13 सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गई विदाई

**बेरमो :** ढोरी में 13 सेवानिवृत्त हुए कर्मियों को महाप्रबंधक कार्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। एसओपी प्रतुल कुमार ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र, शॉल देकर सम्मानित किया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर अधिकारी और यूनियन प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### दिवंगत लिपिल कटरियार के परिजनों को मिली आर्थिक सहायता

**बेरमो :** तेनुघाट अधिवक्ता लिपिक संघ के महासचिव सत्येंद्र कुमार सिन्हा की अगुवाई में अधिवक्ता लिपिक के दिवंगत सदस्य प्रसिद्ध कटरियार के परिवार को आर्थिक मदद दी गई' बताते चलें कि 24 मार्च को अधिवक्ता लिपिक संघ के वरीय सदस्य प्रसिद्ध कटरियार का देहांत हो गया था। जिनका दाह संस्कार तेनुघाट में किया गया। अधिवक्ता लिपिक संघ के महासचिव सत्येंद्र कुमार सिंहा ने बताया कि तेनुघाट अधिवक्ता लिपिक संघ के द्वारा लिपिक संघ के सदस्यों को किसी भी तरह का बीमारी होने पर या मृत्यु होने पर उन्हें आर्थिक रूप से मदद किया जाता है। इसी में दिवंगत प्रसिद्ध कटरियार के परिवार को आर्थिक मदद दिया गया। दिवंगत प्रसिद्ध कटरियार एक बहुत ही हंसमुख इंसान थे। वह हमेशा सभी के दुख सुख में शरीक होते थे। उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट मौन रख कर भगवान से प्रार्थना की। मौके मौके पर दिवंगत प्रसिद्ध कटरियार की पत्नी रामा देवी, पुत्र संतोष कटरियार, पुत्री बबली सिन्हा, बबीता सिंहा, सरिता सिंहा, लवली सिंहा सहित पूरा परिवार मौजूद था।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### ओपी जिंदल स्कूल में शिक्षक नागेश्वर महतो को दी गई भावभीनी विदाई

**भुरकुंडा :** जेएसपी केंपस स्थित ओपी जिंदल स्कूल,पतरातू में शिक्षक नागेश्वर महतो के अवकाश ग्रहण करने के अवसर पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम विद्यालय द्वारा पुष्प-गुच्छ , श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं शॉल प्रदान कर उनका स्वागत किया गया। इसके पश्चात उप-प्राचार्य पी के डे ,शुभ्रा सिन्हा, विकास चंद्र एवं आर के झा ने उनके साथ बिताए गए अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि एक शिक्षक के रूप में नागेश्वर महतो का जीवन पूरी तरह विद्यालय के लिए समर्पित था। उन्होंने पूरी ईमानदारी से बच्चों व विद्यालय के विकास में अपना योगदान दिया है। उनका व्यक्तित्व सहज,सरल एवं सर्वप्रिय था। इस अवसर पर विद्यालय की संगीत शिक्षिका सुचित्रा पाणिग्रही ने अपनी गीतमय प्रस्तुति से सबको भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ रमेश प्रसाद सिंह ने तथा धन्यवाद ज्ञापन ए के झा ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### रामगढ़ जिला कांग्रेस कमिटी में जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम की प्रेस वार्ता की गई

**रामगढ़ :** आज रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वधान में जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम के तहत प्रेस वार्ता की गई रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्ना पासवान ने बताया की गत दिन हम सबका नेता का नेता राहुल गांधी जी को सूरत न्यायालय द्वारा 2 साल की सजा सुनाई गई जो नए संगत नहीं है हम सब उसका विरोध करते हैं कि न्यायालय ने जो कदम उठाया वह जल्दबाजी में है यह आर्टिकल 19 की अवहेलना है अगर इस तरह सब को सजा मिलने लगा तो आर्टिकल 19 का कोई महत्व नहीं रह जाएगा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर जी के निर्देश पर सभी जिलों में जय भारत सत्याग्रह के आंदोलन को तेज किया जाएगा।

**बैठक** अपनी मांगों को लेकर सड़क पर उतरना ही मात्र एक विकल्प हैं

# बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति के कोर कमिटी की बैठक

▶▶ अब सदन में लड़ाई लड़ते-लड़ते थक चुके अब सड़क पर लड़ाई के लिए तैयार है

राष्ट्रीय खबर



**बेरमो :** बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि अब जिला बनाओ को लेकर लड़ाई धार दार करना होगा अपनी मांगों को लेकर सड़क पर उतरना ही मात्र एक विकल्प हैं। बेरमो अधिवक्ता संघ भवन में बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति की बैठक अधिवक्ता संघ अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा की अध्यक्षता की गई। उन्होंने कहा कि वर्षों से बेरमो को जिला बनाने की मांग समय समय पर विभिन्न विधायकों द्वारा उठाई गई है। परंतु आज तक बड़ा ही दुर्भाग्यपूर्ण रहा है वर्तमान सरकार हेमंत सोरेन तथा पूर्व सरकार रघुवर दास के समय में भी यह मांग कई बार विधानसभा में उठते रहा है परंतु क्या रीजन है जो आज तक बेरमो को जिला बनाने की घोषणा अबतक नहीं हो सका। जबकि बेरमो अनुमंडल जिला बनने के सभी अहारतें पूरी करती है अब समय आ गया है जनांदोलन ही मात्र एक विकल्प है। अधिवक्ता संघ के सचिव वकील प्रसाद महतो ने कहा कि इतिहास गवाह है कि हक और अधिकार के लिए लड़ाई लड़नी पड़ती है अब सदन में लड़ाई लड़ते-लड़ते थक चुके अब सड़क पर लड़ाई के लिए तैयार है अब पूरी तैयारी के साथ सड़क लड़ाई के लिए उतरना हमारी मजबूरी हो गई है। अंधो - बहरों की सरकार को अब ना तो सुनाई दे रहा है और ना ही दिखाई दे रहा। बेरमो अनुमंडल से छोटा-छोटा अनुमंडल को जिला का दर्ज मिल चुका है तथा कम आबादी वाले अनुमंडल को भी जिला का दर्जा मिल चुका है जबकि बेरमो अनुमंडल पूर्णा आहर्ता रखते हुए भी जिला का दर्जा नही मिल सका है। जनसंख्या के दृष्टिकोण से भी पूर्ण है। जिला बनाओ संघर्ष समिति के पदाधिकारि एवं सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि आगामी माह 25 अप्रैल को कसमार प्रखंडों से एक दिवसीय धरना कार्यक्रम का शुरवात किया जायेगा। वंही बेरमो अनुमंडल के सभी सात प्रखंडों में बारी बारी जिला बनाओ संघर्ष समिति के सदस्यों एवं महिला पुरूष ग्रामीणों के द्वारा एक दिवसीय धरना दी जाएगी और इस बार जिला लेकर ही रहेंगे। इस मौके पर जिला बनाव संघर्ष समिति पदाधिकारी संतोष कुमार नायक, कसमार प्रखंड प्रमुख पति लोकेश कुमार डे, भोला प्रसाद, कुलदीप प्रजापति, डीएन तिवारी, विश्वनाथ महतो, मदन महतो, संतोष महतो सहित कई लोग शामिल थे।

हनुमान मंदिर में मनाई गई बाबू जी की 18वीं जयंती

## बाबू जी हमेशा हमारे प्रेरणा स्रोत बने रहेंगे : अजमेरिया




राष्ट्रीय खबर

**भुरकुंडा :** जिंदल कारखाना परिसर स्थित श्री हनुमान मंदिर में ओ पी जिंदल समूह के संस्थापक ओ पी जिंदल (बाबू जी) की 18वीं पुण्य तिथि मनाई गई। इस अवसर पर श्रद्धेय बाबू जी को पुष्पांजलि दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्लांट हेड रमेश कुमार अजमेरिया, एच आर हेड सुभाष चंद्र सहित कंपनी के कई आला उचाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी लोगों ने श्रद्धेय बाबू जी को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। मौके प्लांट हेड रमेश कुमार अजमेरिया ने बाबू जी को याद करते हुए कहा कि उनका हमेशा हम सबों पर आशीर्वाद बना रहता है। आज उनकी प्रेरणा और उनके बताए हुए रास्ते पर चलकर ही कंपनी निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। बाबू जी का कहना था कि मानव सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है।

कलाकारों ने एक से एक भक्ति गीत गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया

## विजयदशमी पर गोमिया में भक्ति जागरण का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो/गोमिया:** गोमिया बस्ती के मध्य दुर्गा मंदिर में विजयादशमी की शाम 31 मार्च को भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो, जिप सदस्य डॉ। सुरेंद्र राज, पूजा कमिटी के संरक्षक शरद अग्रवाल, अध्यक्ष शिवशंकर रवानी व गोमिया थाना के अवर निरीक्षक अनुज प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। जागरण में गोमिया जागरण ग्रुप के डब्ल्यू कुमार, मनोज चंचल, गोपाल कुमार, मौसमी व अन्य कलाकारों ने एक से एक भक्ति गीत गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकारों ने गजानन आ जाना, भोले ओ भोले मेरे यार को मना दे। मां शेरों वाली ओ मां शक्तिशाली। मुख्य अतिथि विधायक डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि पूजा अर्चना व धार्मिक अनुष्ठान से मन को शांति मिलती हैं। इस दौरान उन्होंने मध्य दुर्गा मंदिर परिसर में स्टेज व शेड निर्माण की घोषणा की। इस अवसर पर विधायक डॉ.लंबोदर महतो व जिप सदस्य डॉ। सुरेंद्र राज ने मंदिर कमिटी के पदाधिकारियों व सदस्यों को सम्मानित भी किया। मौके पर मुखिया बलराम रजक,पंसस जनकदेव यादव, अभय पांडेय आदि उपस्थित थे।

## मनोरमा देवी पब्लिक स्कूल में ओरियंटेशन प्रोग्राम का किया गया आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**पतरातू :** मनोरमा देवी पब्लिक स्कूल, कोतो, पतरातू के परिसर में दिनांक 01 अप्रैल, 2023 को नए सत्र के प्रारम्भ में ओरियंटेशन प्रोग्राम घर के नए बच्चों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत रामगढ़ जिले के जिला पार्षद राजाराम प्रजापति एवं विद्यालय के संरक्षक एवं पीटीपीएस मिडिल स्कूल हेसला के सेवानिवृत्त पूर्व प्रधानाचार्य राम भवन शर्मा ने दीप प्रज्वलन कर प्रारंभ किया। इस शुभ अवसर पर बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बहुत ही कम समय में यह स्कूल अपने प्रखण्ड में अपना नाम दर्ज करा रही है। आशा ही नहीं बल्कि विश्वास है कि जल्द ही यह प्रखंड में अग्रणी स्कूल बनेगी। संरक्षक महोदय ने कहा कि बच्चों को जीवन पर्यन्त अपना पहला स्कूल याद रहता है। कोतो पंचायत की मुखिया निधि सिंह ने कहा कि इस पंचायत में जल्द ही यह विद्यालय सर्वोत्तम माना जाएगा क्योंकि इस विद्यालय के पास भवन के साथ साथ खेल का मैदान भी है और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ शारीरिक अभ्यास आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस ग्राम की मुखिया के नाते जो भी सम्भव होगा प्रयास करूंगी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी बच्चों अभिभावकों और शिक्षकों का अविस्मरणीय योगदान रहा। कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक अनिल कुमार शर्मा, डोली एवं वाणी एवम् पंचायत सेवक अनिता जैन जी के साथ साथ कई अभिभावक और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## डीएवी स्कूल के बच्चे जिले में टॉप होते आये हैं अब और होगें : मनीष

▶▶ पतरातू डीएवी स्कूल में 6 अप्रैल से क्लास इलेवन की पढ़ाई होगी शुरू

राष्ट्रीय खबर



**पतरातू :** डीएवी स्कूल पतरातु में नए प्राचार्य मनीष कुमार सिन्हा ने अपना पदभार ग्रहण किया। साथ ही उन्होंने बताया कि नए सेशन 2023 - 2024 की पढ़ाई 6 अप्रैल से प्रारंभ होगी। उन्होंने आगे बताया कि डीएवी पब्लिक स्कूल पतरातु में सभी क्लासों के साथ क्लास एलेवेन की विज्ञान एवं वाणिज्य( साइंस कॉमर्स) का नामांकन शुरू है उनके नए सत्र की पढ़ाई की शुरूआत भी 6 अप्रैल से प्रारंभ कर दी जाएगी। मनीष कुमार सिन्हा ने आगे कहा कि डीएवी स्कूल पतरातु शुरू से डिसिप्लिन और पढ़ाई के प्रति डेडीकेशन के लिए प्रख्यात रही है। बतौर प्रिंसिपल मैंने अपने जॉइनिंग के साथ अपने स्कूल के सभी टीचर्स एवं स्टूडेंट्स को यह स्पष्ट तौर पर बता दिया है कि हमारे स्कूल में पढ़ाई और डिसिप्लिन के साथ कोई समझौता नहीं होगा। टीचर्स भी अपना हंड्रेड परसेंट देंगे और बच्चों को भी अपना हंड्रेड परसेंट देकर रिजल्ट में बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा। बच्चों के बेहतर रिजल्ट के लिए बतौर प्रिंसिपल स्कूल में मुझे जो भी कुछ करना पड़ेगा मैं वह सब करूंगा ताकि बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सके।

**समापन** पुलिस, प्रशासन की सक्रिय भूमिका और सजगता के कारण

# शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ रामनवमी : डॉ उषा

▶▶ डीएसपी, और तिनो थाना प्रभारियों को शॉल ओढ़ा और बुके देकर समाजसेवी ने किया सम्मानित

राष्ट्रीय खबर



**बेरमो :** डॉ रविंद्र उषा सिंह चैरिटेबल फाउंडेशन के संस्थापक डॉ उषा सिंह रामनवमी के दौरान पुलिस और प्रशासन कि सक्रिय भूमिका निभाने और शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न करवाने को लेकर इतना प्रभावित हुई कि उन्होंने पुलिस, प्रशासन के जिम्मेवार अधिकारियों को सम्मानित करने का मन बना ली और सम्मान करने के सिलसिले के प्रथम चरण में सर्व प्रथम प्रथम बेरमो एसडीपीओ सतीश चंद्र झा के तेनुघाट आवासीय कार्यालय पहुची और उन्हें बुके देकर तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित की। इसके बाद बेरमो थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार सिंह से चपरी रेस्ट हाउस पहुची और उन्हें भी सम्मानित की। वही शनिवार को श्रीमती डॉ उषा अपने कुछ सहयोगियों के साथ बोकारो थर्मल थाना पहुची और थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर शैलेश चौहान को बुके देकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर डॉ श्रीमती उषा सिंह ने कही कि आप लोगो की कठीन ड्यूटी से वे इतना प्रभावित आज कोई पहली बार नही हुई है। आप लोग अपने कर्तव्यों के पालन करने के लिए महिनो महिनो अपने बच्चों और परिवार से दुर रहते हैं जो सराहनीय है। कही इस बार के रामनवमी के दौरान आप लोगो की सक्रियता ने हमे इतना प्रभावित किया कि सर आपके कर्त्तव्यों के आगे झुक गया और उसी समय हमारे मन में यह ख्याल आया कि क्यो ना हम भी आप लोगो के प्रति अपना फर्ज निभाए। हम लोग हमेशा पुलिस, प्रशासन की कमियों को लेकर टीका टिपनी करते रहते है कभी हम लोग यह नही सोचते ही खाखी के अंदर जो शरीर है वह भी हाड मांस का ही है वहां भी दिल धड़कता। मौके पर उन्होंने कही कि रामनवमी शांतिपूर्ण सम्पन्न करवाने जितनी अहम भूमिका पुलिस, प्रशासन ने निभाई उससे भी बड़ी भूमिका अखाड़ा कमेटियों, समाजिक संगठनों, पूजा समिति आदि ने निभाई है। इस मौके पर श्रीमती डॉ उषा सिंह के साथ भाजपा नेता अभय विश्वकर्मा, लक्ष्मण मिश्रा पत्रकार रवि कुमार गुप्ता तथा ओमप्रकाश उर्फ राजा मुख्य रूप से शामिल थे।

### बीएडके से हुए 8 सेवानिवृत्त कर्मी को किया गया सम्मानित

**बेरमो :** शुक्रवार को बीएडके के आफिसर्स क्लब में 8 सेवानिवृत्त कर्मियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महाप्रबंधक एम के राव उपस्थित रहे। उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही दर्जनों उत्कृष्ट काम करने वाले कर्मियों को किया गया सम्मानित। जीएम राव ने कहा कि कोल इंडिया लिमिटेड ने 700 का टारगेट पूरा किया। कहा कि क्षेत्र 81.55 लाख मीट्रिक टन कोयला का उत्पादन लक्ष्य को पूरा करते हुए सीसीएल में चौथा स्थान प्राप्त किया। कहां कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में 11 मिलियन मेट्रिक टन कोयला उत्पादन होगा। कहा कि 1 मई को मजदूर दिवस पर श्रमिक मेला लगाया जायेगा। मौके पर एसओपी राजीव कुमार पीओ राजीव कुमार सिंह, केडी प्रसाद व के आर सत्यार्थी, एसओ एक्स प्रवीण कुमार, एएफएम जी चौबे, एसओ पीएंडपी एस के झा, एएमओ डॉक्टर एस के भारतीय, सीएसआर अधिकारी निखिल अखौरी, कार्मिक प्रबंधक हेमचंद्र महतो व विश्वास वत्स सहित यूनियन प्रतिनिधि विनय पाठक, राम निहोरा सिंह, अनिल सिंह, पंकज महतो, सुरेश शर्मा, राजकुमार ठाकुर, सुरेश कुमार, संतोष कुमार, दिलीप मारिक आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### ओएनजीसी के सीएसआर मद से निर्मित शौचालय का विधायक ने किया उद्घाटन



**बेरमो :** तेनुघाट मुख्यालय के समीप ओ एन जी सी के सी एस एस आर मद से लगभग 8 लाख की लागत से सार्वजनिक शौचालय का निर्माण किया गया है। जिसका उदघाटन संयुक्त रूप गोमिया विधयक डॉ लम्बोदर महतो, अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार एवं ओ एन जी सी के महा प्रबंधक आर एस रामाराव के द्वारा फीता काट कर किया गया। वंही विधायक लंबोदर महतो ने बताया कि अनुमंडल परिसर में विभिन्न कार्यालय है परंतु शौचालय नही होने के कारण दूरदराज से आनेवाले महिला पुरुष ग्रामीणों को काफी कठनाइयों से जूझना पड़ता था। वंही श्री महतो ने पानी की व्यवस्था के लिए शौचालय मे एक बोरिंग भी करने का दिशानिर्देश दिया। जबकि यह शौचालय अनुमंडल पदाधिकारी के पहल पर ओएनजीसी के द्वारा निर्माण कराया गया।

### मिशन ऑफ लाइफ के तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय किन्नर दिवस मनाया गया




**बेरमो :** मिशन मिशन ऑफ लाइफ के फाउंडर सुमिता सिंह एवं उनके सहीयोगियों द्वारा अंतरराष्ट्रीय किन्नर दिवस मनाने को लेकर बोकारो जिला के बेरमो प्रखंड अंतर्गत जरीडीह बाजार में रहने वाली किन्नरों के बीच जाकर केक कटवाई मिठाई खिलाई एवं शॉल ओढ़ाकर उन्हें सम्मानित करने का काम किया इस अवसर पर मिशन ऑफ लाइफ के संस्थापक श्रीमती सुनीता सिंह ने कहा की किन्नर हमारे समाज के अभिन्न अंग होने के बावजूद उन्हें सम्मान की दृष्टि से नहीं देखा जाता है एवं सरकार के कई योजनाओं के लाभ भी उन्हें नहीं मिल पाता है इसलिए इनकी स्थिति दयनीय होती जा रही है समाजसेवी श्रीमती सुनीता सिंह ने लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि समाज इन किन्नरों को सम्मान की दृष्टि से देखें एवं बढ़-चढ़कर मदद करें इस कार्यक्रम के दौरान मिशन ऑफ लाइफ फाउंडेशन के फाउंडर सुनीता सिंह डायरेक्टर मनोज सिंह एवं सदस्यों में श्रीमती सुधा सिंह श्रीमती के ललिता राव, रोशन कुमार, जुगनू यादव, राकेश कुमार सिंह, जागेश्वर यादव आदि मौजूद थे।

### एक फिर से टीवी के पर्दे पर शुरू होने वाली धारावाहिक मे दिखेगी बेरमो की बिटिया



**बेरमो /फुसरो :** बॉलीवुड की चकाचौंध में बेरमो का मान सम्मान बढ़ाने के लिए बेरमो की बेटी ने फिर से तैयारी कर ली है। फुसरो निवासी स्वर्गीय कामेश्वर शर्मा की पुत्री पूजा शर्मा फिर से छोटे परदे पर नजर आने वाली है। पूजा पांच वर्ष के बाद टीवी धारावाहिक में वापसी कर रही है, जो कि 1 अप्रैल शनिवार से दंगल चैनल पर नजर आने वाली है। लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व दंगल चैनल में प्रारंभ हुए टीवी सीरियल नाथ, जेवर या जंजीर में पूजा शनिवार से नजर आएगी। यह धारावाहिक सोमवार से रविवार प्रतिदिन रात्रि 8 बजे टेलीकास्ट होगा। इसमें पूजा कोमल के किरदार में नजर आएगी। इस सीरियल को लेकर पूजा काफी उत्साहित है। कहा कि मैं बीच में ब्रेक ली थीं। पांच वर्ष के बाद फिर से टीवी सीरियल नाथ, जेवर या जंजीर से वापसी कर रही हूं। बाद में कई और दूसरे चैनल के सीरियल में काम करने का फिर से मौका मिलेगा। विदित हो कि पूजा शर्मा फुसरो निवासी स्वर्गीय कामेश्वर शर्मा की पुत्री है। पूर्व में पूजा कई सीरियल में काम कर अपने अभिनय का लोहा मनवा चुकी है। पूजा की पहली सीरियल तुम संग प्रीत लगाई सजना 2008 में प्रकाशित हुई। उसके उपरांत नागिन वन में तनवी के किरदार में, मेरे अंगने मेंह्व में चंदा, देवों के देव महादेव में देवी सरस्वती, सावधान इंडिया, सीआईडी, क्राइम पेट्रोल सहित 25 से 30 सीरियल के अलावा कई ऐड मेरी नजर आई थी।

### सरस्वती विद्या मंदिर में हवन-पूजन के साथ सत्रारंभ

**चितरपुर :** सी.सी. एल.रजरप्पा क्षेत्र आवासीय कॉलोनी स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में नवीन सत्र 2023-24 का आरंभ किया गया। विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद के द्वारा हवन-पूजन की क्रियाविधि पंडित रामकुमार शर्मा, विद्यालय के संस्कृताचार्य वेदप्रकाश पांडेय के द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ सुसंपन्न किया गया। इनके साथ विद्यालय की आचार्या गायत्री कुमारी, ज्योति राजहंस, शुक्ला चौधरी, ललिता गिरी, अमरदीप,दुर्गा प्रसाद महतो आदि सभी आचार्य-आचार्या ने भी हवन-पूजन में भाग लिया। प्राचार्य श्री प्रसाद ने कहा कि हवन-पूजन से वातावरण की शुद्धि के साथ तन-मन में पवित्रता का भाव जागृत होता है तथा आगे कार्य में नवीन उत्साह का संचार होता है।नवीन सत्र सभी के लिए मंगलकारी एवं शुभ हो, इस भाव के साथ हवन का कार्यक्रम सुसंपन्न किया गया। 03 अप्रैल, सोमवार से विधिवत कक्षाएँ प्रारंभ होंगी।

# ना पूछो कोई हमें जहर क्यों.. .. ..



रजत कुमार गुप्ता

सवाल पूछना इतना राष्ट्र विरोधी कैसे हो गया, यह बात समझ में नहीं आ रही है। वइसे इनलोगों से ज्यादा चालाक तो ममता बनर्जी रही। उन्होंने किसी से कुछ पूछा नहीं बल्कि अपने धरना मंच पर वाशिंग मशीन चलाकर ही वह बता दिया, जो वह पूछना चाहती थी। सवाल पूछने की बात है तो सुप्रीम कोर्ट भी कई मुद्दों पर केंद्र सरकार से सवाल पूछ रही है। दूसरी तरफ कानून मंत्री किरेण रिजिजू माईलॉर्ड लोगों से सवाल पूछ रहे हैं।

ना पूछो और ना पूछने दो, यह भारतीय राजनीति का नया फैशन है। इसकी चर्चा इसलिए अधिक है कि पहले बोलने की वजह से अरविंद केजरीवाल को 25 हजार का जुमार्ना लगा है। दूसरी तरफ बोलने के पहले ही असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा यह चेतावनी दे रहे हैं कि कुछ उल्टा बोला तो मामला कर देंगे। ना पूछो का दूसरा नमूना राहुल गांधी भी है।

जब तक अडाणी पर सीधा सवाल नरेंद्र मोदी से नहीं पूछा था तब तक सब ठीक था। सवाल पूछ लिया तो अचानक सूरत की अदालत का फैसला आ गया और फैसला आने के तुरंत बाद सदस्यता भी खारिज हो गयी। अब लोग इस पर भी पूछ रहे हैं। सवाल पूछना इतना राष्ट्र विरोधी कैसे हो गया, यह बात समझ में नहीं आ रही है। वइसे इनलोगों से ज्यादा चालाक तो ममता बनर्जी रही। उन्होंने किसी से कुछ पूछा नहीं बल्कि अपने धरना मंच पर वाशिंग मशीन चलाकर ही वह बता दिया, जो वह पूछना चाहती थी। सवाल पूछने की बात है तो सुप्रीम कोर्ट भी कई मुद्दों पर केंद्र सरकार से सवाल पूछ रही है। दूसरी तरफ कानून मंत्री किरेण रिजिजू माईलॉर्ड लोगों से सवाल पूछ रहे हैं। अब वकीलों का समूह रिजिजू से सवाल पूछ रहा है।

इसी बात पर एक चर्चित फिल्म अमानुष का यह गीत याद आने लगा है। इस फिल्म की चर्चा इसलिए भी अधिक है क्योंकि बांग्ला फिल्मों के सुपरस्टार उत्तर कुमार ने इस फिल्म में अभिनय किया था। वैसे भी फिल्म को बांग्ला में बनने के बाद हिंदी में बनाया गया था। इस गीत के बोल कुछ इस तरह हैं

***न पूछो कोई हमें जहर क्यों पी लिया***
***जहर यह पी लिया तो तो थोड़ा सा जी लिया***
***ना पूछो कोई हमें पी के ना भूख लगे***
***ना रहे दर्द कोई गरीबो का तो नहीं***
***ऐसा हमदर्द कोई कब तक हम आहें***
***भरते ना पिटे तो क्या करते***
***पी गयी आज हमें डंस गए नाग हमें***
***सुना है जहर से ही जहर मरा करता है***
***ना पूछो कोई हमें जहर क्यों पी लिया***
***जहर यह पी लिया तो तो थोड़ा सा जी लिया***
***ना पूछो कोई हमें***
***मिट्टी के प्याले जैसा सभी मुझे तोड़ गए***
***खाली बोतल की तरह रास्ते में छोड़ गए***
***झूठे तो पूजे जाएँ सजा यह सच्चे पाए***
***जुल्म निर्दोष रहा न्याय खामोश रहा***
***तू भी भगवन क्या इंसाफ किया करता है***
***ना पूछो कोई हमें जहर क्यों पी लिया***
***जहर यह पी लिया तो थोड़ा सा जी लिया***
***थोड़ा सा जी लिया***



तो सवाल पूछने का ऐसा असर आखिर है तो क्यों है। अचानक से भारतीय पॉलिटिक्स के आसमान पर यह कौन से बादल मंडराने लगे हैं जो माहौल को गर्म कर रहे हैं। सवाल तो दोनों दलों के भीतर भी है। भाजपा की बात करें तो अब नितिन गडकरी भाजपा नेतृत्व से दूरी बनाकर चल रहे हैं। चुनाव के वक्त क्या होगा, कहना मुश्किल है। दूसरी तरफ खडगे के खिलाफ अध्यक्ष का चुनाव लड़ चुके शशि थरूर से भी लोग दूरी बनाकर चल रहे हैं। इसलिए इन दोनों दलों की हालत अंदर से लगभग एक जैसी ही है। इस पर सवाल पूछो तो दोनों ही दलों के दूसरे नेता भड़क जाते हैं। कुछ तो ऐसे नाराज हुए मानो अदालत होते तो अरविंद केजरीवाल की तरह मुझपर भी आर्थिक जुमार्ना लगा देते। आखिर सवालों से इतना घबड़ाना क्यों। सवाल उठना ही लोकतंत्र के जिंदा होने की पहचान है।

लेकिन जनता का सवाल यह भी है कि संसद चलाने में जनता का पैसा खर्च होने के बाद भी संसद का काम चल क्यों नहीं पाता है। यही हाल विधानसभाओं का भी है। अपने पैसे से यह काम करना पड़ता तो जनप्रतिनिधि ऐसे समय नष्ट करते क्या, यह आम सवाल है जो आम जनता यानी देश के मैंगो मैन का है।

देश से बाहर निकले तो अमेरिका और जर्मनी भारतीय लोकतंत्र से सवाल पूछ रहे हैं। इन विदेशी सवालों से हमारी विदेश नीति का जो ढोल बजाया जाता रहा है, उसकी हवा निकल गयी है। अब विदेश से सवाल करने वालों को यह तो नहीं कह सकते कि राष्ट्रद्रोही हो और पाकिस्तान चले जाओ। वे तो इस देश में हैं ही नहीं।

अब झारखंड की बात करें तो गनीमत है कि पूर्व राज्यपाल के पास आया चुनाव आयोग का लिफाफा चिपक गया। लिफाफा खुलता तो पता नहीं ऊंट किस करवट बैठता। भाई लोगों ने तो हेमंत सोरेन की गाड़ी को पंक्चर करने का पूरा इंतजाम कर लिया था। ऐन वक्त पर सरयू राय ने पूरे अभियान की हवा अपनी जानकारी की बदौलत निकाल दी। यह राय जी (सरयू राय) भी बड़े जिद्दी आदमी है। उनकी जिद ने भाजपा को किसी खास तरीके से हेमंत सोरेन पर हमला करने के लायक ही नहीं छोड़ा है। जो भी हमला होता है वह सवाल घूमकर भाजपा की तरफ गोला बनकर गिरता है। इसलिए सवाल कौन पूछे और किससे पूछे।

# लोगों ने फिल्म बॉम्बे में काम न करने की दी थी सलाह : मनीषा

**बॉलीवुड** अभिनेत्री मनीषा कोईराला का कहना है कि उनसे कई लोगों ने फिल्म बॉम्बे में काम नहीं करने की सलाह दी थी। मनीषा कोईराला ने वर्ष 1995 में प्रदशैत सुपरहिट फिल्म ह्यबॉम्बेह्न में काम किया था। फिल्म ह्यबॉम्बेह्न में मनीषा के काम की काफी सराहना हुई थी। 20 साल की उम्र में मां का किरदार निभाने वाली मनीषा का काम लोगों को खूब पसंद आया। मनीषा कोईराला ने बताया कि कई लोगों ने मनीषा को 'बॉम्बे' फिल्म न करने की सलाह दी थी। मनीषा कोईराला ने बताया, ''लोगों ने मुझे मां का किरदार निभाने को लेकर चेतावनी दी थी और कहा था कि अभी मुझे मां का रोल नहीं करना चाहिए। लेकिन सिनेमैटोग्राफर अशोक मेहता ने यह कहते हुए मुझ पर बरसे कि क्या आप जानती हैं कि मणिरत्नम ने किस हद तक का अच्छा काम किया है? यदि आप उनकी फिल्म को मना करती हैं तो आप मूर्ख हैं। अशोक मेहता के इस बात से मुझे धक्का लगा और मैं और मां चेन्नई गए और लुक टेस्ट किया। लेकिन मुझे अब फिल्म ह्यबॉम्बेह्न का हिस्सा बनने पर गर्व है।''

मनीषा कोइराला नेपाली मूल की भारतीय अभिनेत्रीं हैं। वह हिंदी फिल्मों के अलावा के नेपाली, तमिल, तेलुगु मलयालम फिल्मों में सक्रिय हैं। वह भरतनाट्यम और मणिपुरी नृत्य में भी पूर्ण रूप से पारंगत हैं।

मनीषा कोइराला का जन्म 16 अगस्त 1970 को नेपाल के काठमांडू में हुआ था। उनके पिता का नाम प्रकाश कोइराला और माँ का नाम सुषमा कोइराला हैं। इनके पिता नेपाल राजीनीति में कैबिनेट मंत्री हैं। वह नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री बिश्वेश्वर प्रसाद कोइराला की नातिन हैं। इनका एक भाई है- सिद्धार्थ कोइराला-जोकि एक बॉलीवुड अभिनेता है।

मनीषा कोइराला की शादी नेपाली बिजनेसमैंन सम्राट दहाल से 19 जून 2010 को हुई थी। लेकिन यह शादी ज्यादा दिन नहीं टिक सकी, और



2012 में इस जोड़ी ने तलाक ले लिया।

मनीषा कोइराला एक गैर-फिल्मी परिवार से थीं। उसके बावजूद उन्होंने उस दौर में खुद को अभिनय से हिंदी सिनेमा में सर्वश्रेठ अभिनेत्रीयों में शुमार कर लिया था। साल 1996 में पार्थो घोष निर्देशित फिल्म अग्नि साक्षी और निर्देशक संजय लीला भंसाली की फिल्म खामोशी ने मनीषा को इंडस्ट्री की टॉप लीडिंग हीरोइन बना दिया। दोनों ही फिल्मों में मनीषा के दो अलग रूप देखने को मिले। पहली फिल्म अग्नि साक्षी में में मनीषा अपने एक बीमार पति का ध्यान रखते हुए एक पतिव्रता पत्नी के रूप में दशार्यी गयीं। वहीं दूसरी फिल्म खामोशी में वह अपने गूंगे माँ-बाप का ध्यान रखने वाली एक प्यारी सी ऐनी की भूमिका निभाती हुई नजर आयीं। दोनों ही फिल्मों में उनके अभिनय को देख सभी आलोचक दाँतो टेल उँगली दबा गए। साल 2012 ,में मनीषा लाईलाज बीमारी ओवरी कैंसर से पीड़ित हो गयी। उन्होंने इसका इलाज मुंबई और यूएसए में कराया। उसके बाद वह इस खतरनाक बिमारी से जीत गयी।

मनीषा के फिल्मी करियर की शुरूआत साल 1991 में सुभाष घई निर्देशित फिल्म सौदागर से हुई थी। फिल्म में उस समय दो लीजेंड कलाकार राज कुमार- दिलीप कुमार एक साथ बड़े पर्दे पर दिखाई दिए थे। यह फिल्म उस साल की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर हिट फिल्म साबित हुई थी।

# पहली अप्रैल का दिन

## ››व्यंग्य›› अनूप कुमार शुक्ल

कल रात देर तक जगा। फिर सो नहीं पाया। घर के बाहर पक्षी आवाज कर रहे थे। कोलाहल से नींद टूट गई। इस कोलाहल को पता नहीं क्यों कविगण कलरव कहते रहे? बाहर निकल कर मैंने देखा तो मोर हल्ला मचा रहे थे। मैंने कहा - तुम क्यों चिल्ला रहे हो? सोने क्यों नहीं देते। एक स्मार्ट से दिखने वाले मोर ने इठलाते हुए कहा साहब, अब तो भोर हो गई। उठ जाइए। रात तो कब की बीत गई। आप उठते क्यों नहीं? मैंने उसे 'दिस इज नन आफ योर बिजनेस' कहकर हड़काने के लिए मुंह खोला कि मेरे मुंह से सवाल चू पड़ा - पर बांग देकर जगाने का काम तो मुर्गे करते थे। तुम लोग क्यों जुटे हो इस काम में? वह बोला, साहब यह काम मुर्गों ने, मोरों को आउटसोर्स कर दिया है। वे खुद तो सो रहे होंगे कहीं। हम जुटे हैं पेट की खातिर।

मैं वापस लौट रहा था कि एक मोर गर्दन उचकाते हुए बोला , साहब, आप तो मुझे पहचानते होंगे। मैं वेब पत्रिकाओं की छत पर रहता हूं। मेरे संपादक ने मुझे आपका लेख लेने के लिए भेजा है। अगले अंक में छापेंगे। मैं बोला , क्या हाल है तुम्हारे संपादक के, मूड ठीक है? वह बोला , हां, हवाखोरी के बाद कुछ ठीक लग रहे हैं। देखो कब तक ठीक रहते हैं। मैंने कहा , ठीक है, तुम चलो मैं लेख भेजता हूं।

सवेरे आफिस पहुंचा तो लिखने का दबाव हावी था। एक अप्रैल आ गया था पर वहां दिगदिगंत में 31 मार्च हावी था। बिल, रजिस्टर, चिठ्ठी,पत्री चतुर्दिक 31 मार्च का साम्राज्य पसरा था। सूरज 1 अप्रैल का साइनबोर्ड लटकाए था पर फाइलों पर मार्च का कब्जा था। एक दिन , समय दो तारीखें चोर,सिपाही की तरह गलबहिंयां डाले घूम रहीं थीं।

दुनिया का तो पता नहीं पर अपने देश में 31 मार्च का दिन सबसे लंबा होता है। हफ़्तों पसरा रहता है। कहीं,कहीं तो महीनों, सालों तक। बालि को वरदान था कि उसके शत्रु की आधी शक्ति उसे मिल जाती थी। राम को उसे छिपकर मारना पड़ा। यहां देख रहा हूं कि 31 मार्च का दिन अप्रैल के दिनों को पनपने ही नहीं देता। अप्रैल के दिन आते हैं। अपना सर काटते हैं। मार्च के चरणों में चढ़ाते हैं, चले जाते हैं।

31 मार्च की ताकत का कारण तलाशने पर पता चलता है कि यह वित्तीय वर्ष का अंतिम दिन होता है। आज खर्च ने का आखिरी दिन होता है सरकारी महकमों में। जो आज खर्चा नहीं होता वह हाथ से निकल जाता है। 'लैप्स' हो जाता है। सारी कोशिशें की जाती हैं कि पैसा इसी साल हिल्ले लग जाए। एक पेन खरीदने की स्वीकृति देने में नखरे करने वाला साहब छापाखाना लगवाने का आदेश बिना जरूरत दे देता है। आज अभी इसी वक्त वाले अंदाज में। सब कुछ 31 मार्च को होना है।

इस दिन सरकारी कर्मचारियों की कार्यक्षमता चरम पर होती है। 11.30 पर मिली ग्रांट 11.35 तक ठिकाने लग जाती है। 'कंज्यूम' हो जाती है। अगर 31 मार्च की कार्यक्षमता के अंश के टुकड़े-टुकड़े करके साल के बाकी दिनों में मिला दिए जाएं तो देश पलक झपकते चमकने लगे। देश 2020 के बजाय अगले साल ही विकसित हो जाते। 31 मार्च का 'फ्लेवर' ही कुछ ऐसा है।

मैं और तमाम बातें कहता पर हमारे दोस्त ने टोंक दिया। ये क्या मजाक है। 'मूर्ख दिवस' पर ज्ञान की बातें कर रहे हो। अजीब मूर्खता है। मैंने कहा , क्या यह साबित नहीं करता कि 31 मार्च का




समय बीत गया। एक अप्रैल आ गया है। दोस्त ने कहा , करो कोई मूर्खतापूर्ण हरकत। हम बोले , लिख रहे हैं यह कोई कम मूर्खतापूर्ण काम है। इससे बड़ी मूर्खता भी की जा सकती है क्या कोई? दोस्त उवाचा , यह मूर्खता तो तुम बहुत दिन से कर रहे हो। कुछ नया करो। अपने से ऊपर उठो। देश, काल, समाज की बात करो। मार्च,अप्रैल को नादान ब्लागरों की तरह मत लड़वाओ। हम फौरन गंभीर हो गए। अपने गुरुकुल गए , इलाहाबाद। अकबर इलाहाबादी से कहा , बुजुर्गवार कोई ऐसा शेर बताएं जो आज के हाल का बयान करता हो। बुजुर्गवार ने गला साफ कर-के फरमाया ,

कौम के डर से खाते हैं डिनर हुक्काम के साथ,
रंज लीडर को बहुत है, मगर आराम के साथ।

जब देश के कर्णधार आराम के मूड़ में हों तो उनका अनुसरण न करना बेअदबी है। कम से कम मैं ऐसा नहीं कर सकता।

# लो आ गया पत्रकारिता का 'गटर काल '



निर्मल रानी

देश इन दिनों बड़े ही अजीब-ो-गरीब दौर से गुजर रहा है। मुख्यधारा का भारतीय मीडिया जो सत्ता के समक्ष 'षाष्टांग दंडवत ' हो चुका है। देश के लोकतंत्र का चौथा स्तंभ पुकारा जाने वाला भारतीय मीडिया अब 'गोदी मिडिया' कहकर सम्बोधित किया जाने लगा है। पूरे विश्व की निगाहें इस समय उस चाटुकार भारतीय मीडिया पर टिकी हुई हैं जो सत्ता के प्रवक्ता के रूप में अपना काम कर रहा है। दुनिया देख रही है कि किस तरह भारतीय गोदी मीडिया सत्ता से नहीं बल्कि विपक्ष से अधिक सवाल कर रहा है। जिस मीडिया से निष्पक्ष पत्रकारिता की उम्मीद की जाती थी वह पूर्णतः न केवल पक्षपातपूर्ण हो गया है बल्कि सत्ता के गुप्त एजेंडे को भी आगे बढ़ा रहा है। देश के उच्च व सर्वोच्च न्यायालय भी कई बार इसी मीडिया की कड़ी आलोचना कर चुके हैं। यह वही बेशर्म मीडिया है जिसने कोरोना जैसे महामारी के अभूतपूर्व संकट काल में भी साम्प्रदायिकता का जहर फैलाने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। देश में सैकड़ों ऐसी घटनायें हो चुकी हैं जबकि मीडिया को अपने सिर आँखों पर बिठाने वाली जनता ने इनकी पक्षपातपूर्ण,अफवाहबाज व एजेंडा पत्रकारिता के कारण इन्हें बुरी तरह दुत्कारा व अपमानित किया है। जनता ने अनेक बार इन्हें धक्के मार कर कई आयोजनों से बाहर किया है। कई बार तो लाइव डिबेट के दौरान ही अतिथि वक्ताओं ने इनकी एजेंडापूर्ण गुलाम पत्रकारिता के लिये इन्हें खूब अपमानित किया। ऐसे चाटुकार,गलाफाड़ और मूर्ख किस्म के 'पत्थर कारों ' के चित्रों व उनके 'जलालत' भरे कारनामों से सोशल मीडिया भरा पड़ा है।

केवल अपनी चाटुकारिता व सत्ता की खुशामद परस्ती को परवान चढ़ाने के लिये इस कथित पत्रकारिता ने पूर्णतः व्यवसायिकता का लबादा ओढ़ लिया है। कुछ ऐसे मामले भी सामने आये जिसमें इसी 'गुलाम मीडिया ' के लोग केवल अपने चैनल की टी आर पी बढ़ाने के लिये लोगों को रिश्वत देते हुये सामने आये। तंत्र,मन्त्र,जादू टोना,धर्म के नाम पर कहानी किस्से से लेकर स्टूडियो में विवादित विषयों पर बहस कराकर जनता में उत्तेजना फैलाने यहाँ तक कि स्टूडियो में लात जूते चलाने गाली गलौच करने तक के दृश्य देखे जा चुके हैं। इन्हीं घटिया व भोंदू एंकर्स को रिपोर्टिंग के दौरान 'नागिन डांस ' करते भी देखा गया है। अभद्र भाषा का प्रयोग,गालियां, वक्ताओं को अपमानित करना यहाँ तक कि न्यूज रूम की मिलीभगत से स्टूडियो में बम और रॉकेट जैसे कट आउट लाकर डर धौंस जमाने की बातें करना, यही आज के भारतीय मुख्य धारा के मीडिया का स्तर रह गया है। और उसपर तुर्रा यह भी कि यही बदनाम जमाना मीडिया जिसके चलते पूरी भारतीय



पत्रकारिता पूरी दुनिया में बदनाम हो रही है वही 'गोदी मीडिया ' स्वयं यह भी तय कर रहा है कि कौन राष्ट्रभक्त है और कौन राष्ट्रद्रोही। वही बता रहा है कि कौन देश की छवि धूमिल कर रहा है और कौन देश का नाम रौशन कर रहा है।

गत दिनों इसी बेशर्म मीडिया का एक निम्नतम स्तर का कवरेज उस समय देखने को मिला जबकि अपराधी से नेता बने पूर्व सांसद व विधायक अतीक अहमद के साबरमती से प्रयागराज कूच के बारे में रिपोर्टिंग की जा रही थी। इलाहबाद में हुये उमेश पाल अपहरण कांड में 28 मार्च को अदालती फैसला आने की गरज से अतीक अहमद को गुजरात की साबरमती जेल से प्रयागराज लाया जा रहा था। खबरों के अनुसार उसे 45 पुलिसकर्मियों और 6 वाहनों के काफिले के साथ भारी सुरक्षा बंदोबस्त के बीच इलाहबाद लाया जा रहा था। लगभग 1300 किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर खुफिया व सुरक्षा तंत्र पूरी तरह मुस्तैद थे। साबरमती जेल से निकलते समय मीडिया से बात करते हुये अतीक अहमद ने अपनी जान को खतरे का संदेह जताया था।

अतीक ने कहा था कि - कोर्ट के कंधे पर रखकर मुझे मारना चाह रहे हैं। अतीक के वकील ने भी यही कहा था कि उन्हें अतीक का फर्जी एनकाउंटर किये जाने का डर है। उधर 2 जुलाई 2020 को कानपुर के निकट हुये बिकरू काण्ड में जिसमें कि एक पुलिस उपाधीक्षक व एक थानेदार सहित आठ पुलिस कर्मियों की हत्या कर दी गयी थी और इसी अपराध के मुख्य आरोपी विकास दूबे को जिसे उज्जैन के प्रसिद्ध महाकाल मंदिर से गिरफ़्तार कर कानपुर लाया जा रहा था और कानपूर के करीब ही उसे मुठभेड़ में यह बता कर पुलिस ने मार गिराया था कि गाड़ी पलटने के बाद वह पुलिस कस्टडी से भागना चाह रहा था। इस विकास दूबे मुठभेड़ काण्ड के पूरे संदिग्ध घटनाक्रम के बाद अतीक अहमद की साबरमती जेल से प्रयागराज तक की निगरानी का पूरा कवरेज करने तक की बात तो समझ में आ सकती है।

परन्तु झाँसी पुलिस लाइन में रात बिताने के बाद जब अतीक को लेकर पुलिस काफिला इलाहबाद के लिये चला तो रस्ते में अतीक को लघुशंका महसूस हुई। इसके लिये पुलिस ने रास्ते में गाड़ी क्या रोकी कि काफिले के साथ चल रहे इस बेशर्म मीडिया के कई चैनल अतीक के ठीक पीछे जाकर उसके मूत्र विसर्जन का कवरेज करने लगे। वहां तो उसका मूत्र विसर्जन लाइव कवर करने के लिये बेशर्म मीडिया के कई चैनल पेशाब की धार को करीब से करीब जाकर देखने के लिये आपस में ही धक्का मुक्की भी करने लगे।

और सीधे प्रसारण में उसके पेशाब की धार तक दिखाने लगे। और चीख चीख कर उसके मूत्र विसर्जन में भी ' उत्तेजना ' देखने लगे। शायद भारतीय मीडिया की बेशर्मी भरे प्रसारण के इतिहास में भी यह सबसे शर्मनाक प्रसारण था जिसमें देश की जनता को भला क्या दिलचस्पी हो सकती है कि वह किस अंदाज में कब कहाँ और कितना मूत्र विसर्जित कर रहा है। परन्तु घटिया व बेशर्म गोदी मीडिया के लिये शायद यह कौतूहल भरा क्षण रहा होगा तभी इस किसी के अति व्यक्तिगत क्षण को भी उसने चीख चिल्ला कर पेश किया ? बेशर्म मीडिया के इस कवरेज को देखने के बाद अब मुख्यधारा की कही जाने वाली भारतीय पत्रकारिता को पत्रकारिता का 'गटर काल ' कहना बिल्कुल गलत नहीं होगा।

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### ग्रामीण बैंक का स्थापना दिवस मनाया गया

**जयनगर :** जयनगर प्रखंड अंतर्गत कटिया परसाबाद झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक में पांचवां स्थापना दिवस मनाया गया। बैंक शाखा प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा, उप शाखा प्रबंधक पापिया कुमारी, केसियर दीपक कुमार, दैनिक कर्मी धर्मेंद्र यादव ने संयुक्त रूप से केक काटकर स्थापना दिवस मनाया। शाखा प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा ने कहा कि यह हमारे लिए गौरव की बात है।

## सिटी अपडेट्स >>

### प्रेरणा शाखा में गौशाला में गुड से बनी दलिया की रोटी खिलाकर नये सत्र की शुरूआत

**झुमरीतिलैया :** मारवाडी युवा मंच की ईकाई प्रेरणा शाखा के नये सत्र 2023-24 की आगाज शनिवार को नयी कमिटि ने गौशाला परिसर में गौआहार कार्यक्रम के साथ की। मौके पर शाखा की उपाध्यक्ष नेहा हिसारिया सचिव सारिका लडढा एवं परियोजना निर्देशक शालु चौधरी ने कहा कि शाखा का मुख्य उद्धेश्य समाज सेवा है और समाज सेवा के अंतर्गत प्रेरणा शाखा ने 33 कोटि के देवी देवताओं को एक साथ गौ आहार गुड से बनी दलिया की रोटी खिलाकर की गई है। कहा कि गौ सेवा सच्ची सेवा होती है और जिलावासी अपने जन्मदिन, शादी के सालगिरह व अन्य कोई मौके पर 11 सौ रुपए में 550 रोटी गौशाला में खिला सकते है। इसके लिए प्रेरणा शाखा के पदाधिकारियों से एक दिन पहले बुकिंग करा सकते है। गौ आहार कार्यक्रम के साथ -साथ गौ सेवा कर रहे कर्मचारियों के लिए गर्मी को देखते हुए ठंडे जल के लिए घडे उपलब्ध करायेंगे। सचिव सारिका लडढा ने कहा कि अप्रैल माह में नये कमिटि समाज सेवा के क्षेत्र में कई कार्य करेगी। इसके तहत अमृत धारा योजना को लेकर अस्थायी पियाऊ शहर के अलग-अलग इलाकों में पशु पक्षियों के लिए छतों पर मिटटी के कटौरे के लिए दुकानों के बाहर टप रहे जायेगे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### दिहाड़ी मजदूरी के लिए गई थी पत्नी, घर में संदिग्ध हालत में मिला पति का शव

**बेरमो :** नावाडीह प्रखंड के उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र बरई पंचायत के बरई गांव में शनिवार 1 अप्रैल को घर पर दिहाड़ी मजदूर विजय महतो 45 वर्ष की लाश सदिंग्ध हालत में मिली। घटना की सूचना मिलने के बाद पेंक-नारायणपुर थाना प्रभारी सुमन कुमार दल-बल के साथ बरई पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए तेनुघाट भेज दिया। सुमन कुमार ने कहा कि प्रथम दृष्टया जंगली जानवर के हमले से यह हादसा लगता है। पोस्टमार्टम रिर्पोट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकती है। ग्रामीणों ने जताई हत्या की आशंका-ग्रामीणों ने विजय महतो की हत्या की आशंका जतायी है। ग्रामीणों का कहना है कि शव के गर्दन पर जिस प्रकार के जख्म था और खून निकल रहा था, इससे हत्या ही प्रतीत होता है।

**प्रदर्शन** झारखंड में भी छत्तीसगढ़ और बंगाल की तरह 90-10 की नियोजन नीति लागू करनी होगी

# नियोजन नीति के विरोध में बंद रहा साहिबगंज

▶▶ इस दौरान छात्रों ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की

राष्ट्रीय खबर



**साहिबगंज :** झारखंड में 60- 40 नियोजन नीति के विरोध में संथाल परगना छात्र समन्वय समिति के तत्वाधान में आज एक दिवसीय बंदी किया गया। कार्यक्रम की अगवाई साहिबगंज कॉलेज के आदिवासी कल्याण छात्रावास के छात्र नायक मनोज टुडू ने की। इस दौरान छात्र संगठन कई टुकड़ों में बंट कर शहर के अलग-अलग इलाकों में प्रतिष्ठानों को बंद करा ते देखे गए। संगठन का एक टुकड़ा शहर के टमटम स्टैंड में एनएच-80 पथ को सुबह 7 बजे से ही जाम कर दिया। वहीं एक दूसरा टुकड़ा साक्षरता चौक के समीप साहिबगंज- बोरियो एक्सप्रेस रोड और साहिबगंज- सकरी गली एनएच - 80 पथ को घंटो अवरुद्ध कर दिया। इस दौरान छात्रों ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हेमंत सोरेन चोर है, तेरी मनमानी नहीं चलेगी, 60 - 40 नियोजन नीति को वापस लो जैसे कई नारे लगाए गए। वहीं जाम स्थल के दोनों ओर टोटो, ऑटो और चार पहिया वाहनों का काफिला लगा रहा। बंद से राहगीर काफी हलकान रहे। हालांकि राज्य में नियोजन नीति के विरोध में छात्र संगठन ने 2 दिन पहले से ही बंदी का ऐलान कर रखा था। इस ऐलान के बाद शहर के तकरीबन सभी प्रतिष्ठान सुबह से ही बंद रहा। सुरक्षा के लिहाज से प्रशासन की ओर से दंडाधिकारी के साथ शहर के चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। छात्र नेता का कहना था कि हेमंत सरकार द्वारा बनाई गई गलत नियोजन नीति के कारण यहां के जनमानस की भावनाओं को ठेस पहुंचा है। इस नीति के चलते झारखंड में बाहरी लोगों का वर्चस्व बढ़ जाएगा। यहां के युवाओं को रोजगार के लिए या तो इधर-उधर भटकना पड़ेगा या फिर रोजगार की तलाश में यहां से पलायन करना उनकी विवशता बन जाएगी। छात्र नेताओं ने कहा कि झारखंड में भी छत्तीसगढ़ और बंगाल की तरह 90 - 10 की नियोजन नीति लागू करनी होगी,तभी झारखंड के युवाओं को न्याय मिल सकेगा। बंद से मेडिकल और एंबुलेंस जैसी जरूरी सेवाओं को मुक्त रखा गया था। मौके पर साहिबगंज कॉलेज के आदिवासी कल्याण छात्रावास के पूर्व छात्र नायक सुनील सोरेन समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

## न्यूज फटाफट

### मासिक टीकाकरण कैंप का आयोजन



**पीरटांड़ :** आंगनबाड़ी केन्द्र विरनगड्डा मे शनिवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से अप्रैल माह का मासीक टीकाकरण कैम्प एएनएम रोजी रानी कुमारी के नेतृत्व में आयोजित गया। जिसमे दर्जनों गर्भवती व धात्री महिलाएं एवम छोटे-छोटे बच्चों का स्वास्थ्य जांच करते हुए मासिक टीकाकरण किया गया। कैम्प का देख-रेख कर रही ममता सिन्हा ने बताया की प्रखंड के विरनगड्डा केन्द्र बडा होने के कारण प्रत्येक माह इस केन्द्र के अन्तर्गत माह के प्रथम सप्ताह के शनिवार को तथा तीसरे सप्ताह के गुरूवार को कैम्प लगाकर लाभुकों का टीकाकरण किया जाता है। ताकी टीकाकरण लेने से कोई बंचित न रह सके। उन्होंने बताया की आंगनबाड़ी केन्द्र के प्रागंण मे पुरनीटांड, जहाज मंदिर मुह्हला,भीरंगीमोड, कोचागड्डा, भोमियां जी नगर,के ग्रामीणों को टीकाकरण किया जाता है। वही माह के तीसरे सप्ताह के गुरूवार को विरनगड्डा, खपैयबेडा, भोजेदाहा, किर्तनीयांटांड, मधुबन मोड,कलौनीयां, आदि टोले के ग्रामीणों का टीकाकरण करवाया जाऐ है। मौके पर केन्द्र की सहायकी उर्मिला देवी,सहीया पुनम देवी,सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

### साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन



**पीरटांड़ :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मनरेगा, आवास योजना, अमृत सरोवर, यूडीआईडी, विभिन्न पेंशन योजना सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गयी। प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम आवास प्लस योजना, अंबेडकर आवास योजना की समीक्षा के साथ साथ आवास योजनांतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना में निमार्णाधीन आवासों की समीक्षा कर संबंधित पंचायत सचिव, प्रखंड समन्वयक को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बीडीओ ने मनरेगा अंतर्गत संचालित योजना की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप कार्य करते हुए शत-प्रतिशत पुरानी योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में बीडीओ के अलावे कई सम्बंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

### जन्म, केवल ज्ञान एवं मोक्ष कल्याणक महोत्सव आयोजित

**पीरटांड़ :** जैनियों के विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मधुबन स्थित निर्वाण कल्याणक भुमि पारसनाथ पर्वत पर शनिवार को जैन धर्म के पांचवें तीर्थकर भगवान सुमतिनाथ स्वामी का जन्म,केवल्यज्ञान व मोक्ष कल्याणक महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। चैत्र मास के शुक्ल एकादशी तिथि को यह महोत्सव हरेक वर्ष मनाया जाता है। अत्यंत भक्ति-भाव से देवादिदेव सुमतिनाथ भगवान का पूजन कर विधि विधान किए गए। निर्वाण कल्याणक होने के कारण भगवान का निर्वाणस्थली भुमि अविचल कूट पर विराजमान श्री चरणों में निर्वाण लाडू समर्पित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित दिल्ली से आए राकेश कुमार जैन ने बताया की हम लोग धन्य हैं जो भगवान की निर्वाण भूमि श्री सम्मेदशिखर जी में साक्षात निर्वाण लाडू समर्पित करने का सैभाग्य हम सबों को प्राप्त हुवा। इधर लोग अपने-अपने सुविधानुसार मंदिरों मे पहूचकर भगवान को निर्वाण लाड्डू अर्पित किया। जैन ने बताया की तीर्थकरों के जीवन की ऐसी घटना जो अन्य जीवों के कल्याण का बनती हैं कल्याणक कहलाते हैं। वर्तमान में साक्षात में तो भगवान के कल्याणक देख पाना संभव नहीं अत: कल्याण पर्वों के शुभ अवसर पर भगवान की भक्ति, पूजन आदि द्वारा पुण्योपार्जन करना ही सैभाग्य की बात है। कार्यक्रम मे सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

### मजदूर संगठन समिति द्वारा बैठक आयोजित

**पीरटांड़ :** मधुबन हटियाटांड मैदान मे शनिवार को मजदूर संगठन समिति मधुबन शाखा की एक बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष अजीत राय ने की जबकि संचालन सचिव मनोज महतो ने किया।बैठक मे उपस्थित सदस्यों को सम्बोधित करते हुए अजित राय ने कहा कि अगामी 05 मई को पूरे हर्षोल्लास के साथ मजदूर दिवस मनाया जाएगा। जिसके लिए तैयारी की रूपरेखा तय की गई। कार्यक्रम की जिम्मेदारी भी कार्यक्रताओं को दिया गया। कार्यक्रम मे होने वाले आय-व्यय पर भी चर्चा की गई। प्रत्येक मजदूरों से सहायता के तौर पर चंदा जमा करने को कहा गया। अगामी सप्ताह मजदूर विरोधी श्री दिगम्बर जैन सम्मेदाचल विकास कमिटि के निवर्तमान अध्यक्ष भरत कुसुम मोदी के मधुबन आगमन पर मधुबन के तमाम संस्थाओं के कर्मचारी अपने-अपने संस्थाओं मे काला विल्ला लगाकर काम करने का निर्णय लिया । और जिस संस्था मे भरत कुसुम मोदी को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। उस संस्था का भी विरोध मसंस करेगा।

रामनवमी जुलूस के दौरान सक्रिय दिखे विधायक प्रतिनिधि रंजन

# सड़क से लेकर अस्पताल तक सेवा में रहें तत्पर



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग की ऐतिहासिक रामनवमी जुलूस 2023 के दौरान करीब छः दर्जन लोगों को मामूली चोटें आईं। जुलूस के दौरान अक्सर कुछ लोग पारंपरिक हथियार प्रदर्शन के दौरान घायल हुए जिन्हें तुरंत उपचार मुहैया कराने को लेकर हजारीबाग सदर विधायक मनीष वालों के निर्देश पर उनके मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सड़क से लेकर अस्पताल तक लोगों की सेवा में अनवरत लगे रहे। सामान्य दिनों की तरह ही जुलूस के दौरान जरूरतमंद लोगों के इलाज में विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने बेहद सक्रियता दिखाई। ना सिर्फ इसी वर्ष बल्कि पिछले कई वर्षों से रंजन चौधरी लगातार रामनवमी जुलूस के दौरान सक्रिय रहते हैं और हर जरूरतमंदों के मदद को तत्पर देखते हैं।

ग्रामीणों के सहयोग से करवाया गया था चारदीवारी का निर्माण

# वर्षा के कारण गिरा पड़रिया शिव मंदिर परिसर का चारदिवारी



▶▶ 29 अप्रैल से 4 मई के बीच रूद्र महायज्ञ का है आयोजन

राष्ट्रीय खबर

**बड़कागांव :** बड़कागांव चैत मास के अंतिम दिनों में जहां लू और कड़ाके की धूप होती थी वहीं इस वर्ष हो रहे वर्षा के कारण बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत पड़रिया गांव में शिव हनुमान मंदिर की उद्घाटन को लेकर मंदिर परिसर के किनारे ग्रामीणों के सहयोग से 15 फीट ऊंचा चारदीवारी का निर्माण कराया गया था जिसमें से 40 मीटर लंबा चारदीवारी गिर गया जिससे लाखों का नुकसान हुआ जिसको लेकर शिव हनुमान मंदिर समिति के विनोद कुमार से पूछे जाने पर बताया कि उक्त चारदीवारी का निर्माण ग्रामीणों के निजी पैसे से करवाया गया था और वर्षा के कारण नदी में आई बाढ़ से चारदीवारी गिर गया आगे उन्होंने यह भी बताया कि विधायक मद से गार्ड वाल का निर्माण करवाया जाना है जिसकी स्वीकृति होने के बावजूद भी लंबे समय के बाद अभी तक गार्डवाल का निर्माण नहीं हो सका जिसके कारण चारदीवारी गिरा अगर समय पर गार्डवाल का निर्माण करवा दिया गया होता तो शायद ऐसी घटना नहीं होती उक्त चारदीवार के गिरने से जहां एक ओर ग्रामीणों में निराशा है वही उक्त मंदिर के उद्घाटन के दौरान आगामी 29 अप्रैल से 4 मई के बीच होने वाले रूद्र महायज्ञ में आर्थिक संकट के बादल मंडराने लगे हैं। लोगों का कहना है कि पुनः उक्त चारदीवारी के निर्माण में लाखों रुपए खर्च होने की संभावना है जिसके बाद गांव वालों को आर्थिक संकट से गुजरना पड़ेगा जिसका प्रभाव यज्ञ में पड़ सकता है लेकिन हम लोग हिम्मत नहीं हारे हैं चाहे भगवान जितनी ही परीक्षा लें यज्ञ धूमधाम से कराया जाएगा।

# बड़कागांव में देर रात तक झांकी के साथ जुलूस निकलता रहा

▶▶ नारी उत्पीड़न के विरुद्ध झांकियों में दिखाया गया

▶▶ रामनवमी एकता का प्रतीक : अंबा

राष्ट्रीय खबर

**बड़कागांव :** बड़कागांव विजयदशमी का झांकी जुलूस हर्षो उल्लास के साथ निकाला गया। दिन-रात डीजे साउंड एवं ताशा पार्टी की आवाज से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। झांकी निकाले जाने की शुरूआत विजयदशमी की रात 11:00 बजे रात से की गई ,जो एकादशी की देर रात तक जुलूस निकलता रहा। जुलूस को शांति बनाए रखने के लिए विधायक अंबा प्रसाद पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी, प्रखंड प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडेय, थाना प्रभारी विनोद तिर्की ,रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष बिंदु दांगी सक्रिय भूमिका निभाई। बड़कागांव मुख्य चौक में मंच का उद्घाटन किया गया। इसके मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि राम नवमी महापर्व एकता का प्रतीक है। मंच का संचालन पत्रकार संजय सागर ने किया। बड़कागांव के गुरु चक्की से रामनवमी पूजा समिति राम जानकी पूजा समिति राम दूत महावीर पूजा समिति 15 नंबर चौक से श्रीराम सेना पूजा समिति ,सूर्य मंदिर से कुशवाहा रामनवमी पूजा समिति ,बसरिया मोहल्ला लोहार तेतरिया टोला ,बरगद मोहल्ला , विभिन्न झांकियों मैं नारी उत्पीड़न, बालिका शिक्षा, बाल तस्करी, कलयुग का श्रवण कुमार, एवं किसान पर आधारित जीवंत झांकी प्रस्तुत की गई। गुरु चट्टी से पंकज कुमार झमन प्रसाद, संदीप कुशवाहा भानु प्रताप, राम जानकी पूजा समिति पिंटू गुप्ता, रामदूत महावीर पूजा समिति से अमित गुप्ता, 15 नंबर चौक से नरेंद्र राम, उपेंद्र राम कुशवाहा राम नवमी पूजा समिति से मुखिया रंजीत कुमार मेहता, जय नाथ महतो, लालमणि महतो, अंबेडकर शबरी जयंती से आजाद राम संजय राम भुइयां, लोहार क्षत्रिय मोहल्ला से जितेंद्र विश्वकर्मा, कन्हाई विश्वकर्मा कैलाश राम आदि ने मुख्य भूमिका निभाई।

# लाठी और तलवार भांजने में महिलाएं भी कम नहीं



▶▶ दिन रात डीजे साउंड एंव ताशा पार्टी के साथ थिरकते रहे युवक

▶▶ जुलूस में सहयोग करते रहे पुलिस प्रशासन

राष्ट्रीय खबर

**बड़कागांव :** बड़कागांव विजयदशमी के जुलूस में बड़कागांव के 12 समितियों द्वारा जीवंत झांकियों का प्रदर्शन किया गया। इनमें से सबसे ज्यादा नारी उत्पीड़न पर प्रदर्शन किया गया। रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष बिंदेश्वर उर्फ बिंदु दांगी द्वारा विधायक अंबा प्रसाद एवं सभी अखाड़ों के अध्यक्ष, सचिव, पत्रकार बंधु, जनप्रतिनिधियों समेत अन्य लोगों को अंग वस्त्र, बुके व तलवार देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा आदर्श मध्य विद्यालय में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें से हजारों हजार राम भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

**आस्था** विधायक के पिता, पुत्र और पत्नी भी रामभक्तों के सम्मान में उतरे मैदान में

# सदर विधायक ने श्रद्धालुओं संग जमकर भांजी लाठियां

▶▶ रामभक्तों का किया अभिनन्दन, थिरके भी खूब

राष्ट्रीय खबर









**हजारीबाग :** हजारीबाग के विश्वविख्यात रामनवमी जुलुस का परवान चरम पर चढ़ने लगा हैं। इस दौरान सदर विधायक मनीष जायसवाल भी पुरे जोशों, जूनून और उमंग के साथ भक्तिभाव में लीन होकर लगातार सड़क पर जमे हुए हैं।

श्रद्धालुओं संग उन्होंने और हजारीबाग के पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेय ने जहाँ खूब लाठियां भांजी वहीं रामभक्तों का लगातार अभिनंदन करते रहें और उनके साथ खूब थिरकते भी नजर आये। उल्लेखनीय हैं की विधायक श्री जायसवाल हजारीबाग की पारंपरिक रामनवमी जुलूस के वैभव और स्वरूप को बनाएं रखने के लिए लगातार सड़क से सदन तक आवाज बुलंद करते रहें हैं। इधर सदर विधायक मनीष जायसवाल के वृद्ध पिता सह पूर्व जिप अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल, पत्नी सह एंजल्स हाई स्कूल की निदेशिका निशा जायसवाल, भाई की पत्नी ट्विंकल जायसवाल और पुत्र करण जायसवाल उर्फ सन्नी भी रामभक्तों के सम्मान में उतरे मैदान में, सभी खूब किया रामभक्तों का उत्साहवर्धन। पूर्व जिप अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल विधायक सेवा केंद्र के बाहर बैठकर सम्मान किया तो उनके पुत्र करण जायसवाल ने जुलूस मार्ग में घुमकर युवाओं का हौसला अफजाई किया। विधायक की धर्मपत्नी निशा जयसवाल और उनके भाई की पत्नी ट्विंकल जायसवाल ने विधायक सेवा केंद्र के मंच से गुजर रहें शोभायात्रा का ताली बजाकर स्वागत किया। इधर विधायक सेवा केंद्र से राम भक्तों के लिए चना और पेयजल की व्यवस्था की गई। सरकार और जिला प्रशासन द्वारा रामनवमी जुलूस में चलंत डीजे पर पाबंदी लगाया जरूर गया लेकिन स्थगित डीजे लगाकर विधायक सेवा केंद्र में राम भक्तों को झूमने का अवसर प्राप्त हुआ। यहां डीजे के जरिए रामधुन के फास्ट ट्रेक बजाकर लोगों को खुलकर जुड़ने का अवसर प्रदान किया गया। विधायक सेवा केंद्र से जब हजारीबाग के रामनवमी इंटरनेशनल है, भारत का बच्चा-बच्चा जय जय श्री राम बोलेगा, जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे, रामजी की निकली सवारी, बनाएंगे मंदिर कसम तुम्हारी राम, हम भगवाधारी है जैसे गीतों के बोल पर रामभक्त जमकर थिरकते नजर आए।



रामनवमी जुलूस के दौरान विधायक अंबा प्रसाद ,उपायुक्त,डीआईजी,पुलिस अधीक्षक को रामनवमी की शुभकामनाएं देने पहुंची।

**समीक्षा** उपायुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के प्रगति की समीक्षा की

# उपायुक्त ने सभी बीडीओ को दिया लंबित आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश

▶▶ लाभुकों का पलायन कर जाना आवासों के लंबित होने की मुख्य वजह

▶▶ लाभुकों के बीच दूसरी किस्त का भुगतान करने का निर्देश दिया

**राष्ट्रीय खबर**



**मेदिनीनगर (पलामू):** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में शनिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण को लेकर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त दोड्डे ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के प्रगति की समीक्षा की। बैठक में दोड्डे ने लक्ष्य के विरुद्ध लंबित आवासों की जानकारी ली और लंबित पीएम आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया।

बैठक में उपायुक्त दोड्डे ने लंबित आवासों के कारणों से अवगत हुए, बताया गया कि कहीं बालू की आपूर्ति ना होना तो कहीं तय मानक से बड़े आकार का घर निर्माण करना और लाभुकों का पलायन कर जाना आवासों के लंबित होने की मुख्य वजह है। इस पर उपायुक्त ने जिले में लंबित आवासों को पूर्ण कराने हेतु सबंधित पदाधिकारी को पीएम आवास के लिए बालू की आपूर्ति कराने और अन्य समस्याओं से निजात दिलाने हेतु अग्रसर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को क्षेत्र भ्रमण करने और विंडो लेवल तक आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने वाले लाभुकों के बीच दूसरी किस्त का भुगतान करने का निर्देश दिया।बैठक में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे के अलावे उप विकास आयुक्त रवि आनंद, अपर समाहर्ता सह सहायक दंडाधिकारी पलामू, निदेशक डीआरडीए पलामू, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, अनुमंडल पदाधिकारी छतरपुर, अनुमंडल पदाधिकारी हुसैनाबाद सहित जिले के सभी बीडीओ व अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# हथियार और धारदार चाकू के साथ पांच अपराधी गिरफ्तार

**दीपक नौरंगी**



**भागलपुर:** पुलिस ने रामनवमी की दो शोभायात्रा को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया इसके लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन बधाई के पात्र हैं लेकिन हाल-फिलहाल अपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए पुलिस हर चौक चौराहे पर चेकिंग कर रही है पुलिस किस तरह से अलर्ट है इसका जीता जागता उदाहरण है कि भागलपुर पुलिस ने दो बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग थानों के कांडो के मामलों का उद्भेदन करते हुए पुलिस ने एक बेहतर सफलता हासिल की है। शुक्रवार को दोपहर में भागलपुर के सीनियर पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार ने पत्रकार वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कीअमरपुर-भागलपुर मार्ग स्थित शक्ति फयूल सेंटर पेट्रोल पम्प पर सुबह 04:35 बजे दो बाइक पर सवार छः अपराध कर्मी नोजल कर्मी से हथियार का भय दिखा कर मार पीट करते हुए 62000 रू एवं तीन मोबाइल लेकर भाग गये घटना की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार के निर्देश पर डीएसपी विधि व्यवस्था गौरव कुमार के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया। विशेष टीम एवं तकनीकी टीम द्वारा वैज्ञानिक अनुसंधान करते हुए दो अप्राथमिकी अभियुक्त मोहित कुमार पिता टुनटुन शाह ,और गुलशन कुमार पिता दिबाकर शाह दोनो थाना हबीबपुर रहने वाले को गिरफ्तार किया गया।

जिन्होंने अपनी स्वीकारोक्ति बयान में घटना मे अपनी संलिप्ता स्वीकार करते हुए सीसीटीवी फुटेज में दिखने वाले एवं घटना मे शामिल छः अपराधकर्मी का पहचान किया जिसमे से चार अपराध कर्मी हवीवपुर थाना क्षेत्र के एवं दो अपराध कर्मी बांका जिला का रहने वाला बताया गया। पकड़ाये व्यक्ति के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त दो देशी कटटा एवं एक गोली बरामद किया गया। पकड़ाये दोनो अभियुक्तों के पास से पेटोल पम्प कर्मी का लुटे गये स्कीन टच दो मोबाइल बरामद किया गया तथा डकैती किये गये चार हजार रुपए से अधिक बरामद किया गया।

छापामारी के दौरान एक अपराध कर्मी के घर से घटना के समय पहने हुए कजली रंग का फुल टी शर्ट बरामद किया गया। वही दोनों को लूट कांड का मामला दर्ज करते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया जाएगा। वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार ने बताया कि सबौर थाना क्षेत्र में गुरुवार के रात्रि की है जहा एक ट्रक वाले के द्वारा रात्री गश्ती दल को सूचित किया गया कि खानकित्ता पुल से आगे।

# उपायुक्त ने किया बाल संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण

▶▶ किशोरों की शिक्षा पर जोर देने का उपायुक्त ने दिया निर्देश

**राष्ट्रीय खबर**

**गुमला:** शुक्रवार को उपायुक्त सुशांत गौरव ने बाल संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण किया । इस दौरान बाल संप्रेक्षण गृह के परिसर में नव निर्मित गार्ड रूम , किशोर न्याय बोर्ड कार्यालय, शौचालय आदि के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की उपायुक्त ने जांच की।किशोर न्याय बोर्ड कार्यालय के नवीकरण को देखकर उपायुक्त प्रभावित हुए , इस दौरान एक एक कमरे की व्यवस्थाओं को उपायुक्त ने देखा।

बाल संप्रेक्षण गृह के चारों ओर लगे कॉन्सेंट्रीना वायर को पेंट करने का निर्देश दिया । वहीं पानी पाइप की मरम्मती कराने का भी निर्देश दिया। उपायुक्त ने पूरे बाल संप्रेक्षण गृह की इस औचक जांच के क्रम में विसंगतियों को दूर करने का निर्देश दिया। उन्होंने पूरे परिसर की दीवारों पर स्वामी विवेकानंद जैसे महापुरुषों के विचारों तथा सकारात्मक विचारों को लिखने का निर्देश दिया । उपायुक्त ने कहा कि बाल संप्रेक्षण गृह का माहौल सकारात्मक हो इसके लिए दीवारों को धनात्मक प्रभाव वाले रंगों का चयन कर पेंटिंग करें, वहीं उन्होंने डाइनिंग एरिया में भी सकारात्मक इंस्ट्रुमेंटल म्यूजिक लगाने का निर्देश दिया ताकि बच्चे खाते वक्त अच्छे धुन सुनकर अपने विचारों को सकारात्मकता की ओर ले जा सकें। उपायुक्त ने बाल संप्रेक्षण गृह के अंदर ही रसोई करने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया जिसके लिए रसोई घर, हाथ एवं बर्तन धोने हेतु स्थान बनाने की बात कही। उपायुक्त ने संप्रेक्षण गृह के अंदर पानी निकासी की व्यवस्था को ठीक करने का निर्देश दिया उन्होंने नाली निर्माण करने की बात कही साथ ही पानी के जमाव न हो उसका भी ध्यान रखने को कहा।

उपायुक्त ने इस दौरान बाल संप्रेक्षण गृह में रहने वाले बच्चों से भी मुलाकात की। बच्चों से बात करते वक्त उन्होंने एक अभिभावक जैसी भूमिका निभाते हुए सभी को समझाया तो कुछ को फटकार भी लगाई। बच्चों को उनके भविष्य के प्रति गंभीरता दिखाने की बात कही । उन्होंने बच्चों को किसी भी व्यक्ति के प्रभाव में आकर गलत कार्य करने से बचने की सलाह दी । बच्चों को पढ़ाई की महत्ता के बारे में भी समझाया । शिक्षकों को बच्चों को अनुशासन सिखाने की बात कही साथ ही बच्चों को साफ सुथरे रहने ,उनके नाखूनों को कटवाने , बालों को कटवाने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने शिक्षकों को बच्चों की शिक्षा स्तर को देखते हुए उन्हें क्लास वाइज पढ़ाने की बात कही। बाल संप्रेक्षण गृह के बाहर बने पानी की टंकी का 8 अप्रैल को उद्घाटन कराने का निर्देश दिया । इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न भवनों में टंकी से पानी सप्लाई की व्यवस्था की जांच करने का निर्देश दिया सभी संबंधित भवनों में पानी आ रही है एवं कितने प्रेशर से आ रही है उन सबकी जांच करने की बात कही। इस दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के अलावा बाल संप्रेक्षण गृह के कर्मी भी उपस्थित रहे ।



## »»»» न्यूज फटाफट

### पलामू कांग्रेस ने शुरू किया जय भारत सत्याग्रह

**मेदिनीनगर** : पलामू जिला के हरिहरगंज प्रखंड में जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम के अंतर्गत नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया कार्यक्रम का अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राघव सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश प्रतिनिधि कृष्णा सिंह ने किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक मौजूद थे लोगों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि जय भारत सत्याग्रह पलामू जिला में 29 मार्च से लगातार सभी प्रखंडों में किया जा रहा है। आगे लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने गलत तरीके से राहुल गांधी को संसद सदस्यता खत्म कर लोकतंत्र की हत्या की है। गांधीजी ने जिस तरह देश में सत्याग्रह कर अंग्रेजों को देश से खदेड़ने का काम किया और भारत को आजादी दिलाई आज कांग्रेस पार्टी सत्याग्रह कर मोदी सरकार के कार्यों का पदार्फाश करेगी मोदी सरकार के दबाव के कारण देश की केंद्रीय एजेंसी गलत काम कर रही है केंद्र सरकार रोज लोकतंत्र की हत्या कर रही है जनता देख रही है यह सभा से मोदी सरकार को कहना चाहता हूं कि सरकारी तंत्र के दबाव के सामने राहुल गांधी एवं कांग्रेस पार्टी झुकने वाली नहीं है। मौके पर प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष विद्या सिंह चेरो चिंतामणि तिवारी संतोष गुप्ता लक्ष्मी मंडल अध्यक्ष रामजन्म मेहता राम गुप्तेश्वर सिंह बबलू सिंह जितेंद्र सिंह रामप्रवेश सिंह मनोज सिंह जसीमुद्दीन अंसारी धर्मेंद्र सिंह मुस्ताक अंसारी शमीम अहमद संजय सिंह चंद्रवंशी अक्षय सिंह शंकर सिंह सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### प्रमोद प्रेमी का पीपरा में कार्यक्रम आज

**हरिहरगंज /पलामू** : श्री राम नवमी पूजा महोत्सव के उपलक्ष्य में भोजपुरी लोक गायक प्रमोद प्रेमी यादव का पीपरा प्रखंड के समीप स्थित खेल मैदान में रविवार को सांस्कृतिक प्रोग्राम का आयोजन किया गया है। जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसकी जानकारी पीपरा प्रखंड प्रमुख विक्रांत सिंह यादव उर्फ गुडडू यादव के हवाले से शिक्षक सह समाजसेवी रंधीर कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम रामनवमी पूजा के उपलक्ष्य में आयोजित है। जिसमे कार्यक्रम के आर्गनाइजर मृत्युंजय मौर्जा एक्वा के साथ ही इलाके भर के सैकड़ों गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया है।

### युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ ना करे सरकार: महतो

**गोड्डा** : आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव व संथालपरगना भाषा खतियान मोर्चा के संयोजक संजीव कुमार महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि झारखंड की वर्तमान सरकार हर मोर्चे पर विफल है। राज्य सरकार के अबतक के क्रियाकलापों से स्पष्ट होता है कि ये महागठबंधन झुठ और लुट के लिए बना महाठगबंधन है। इन्होंने झारखंड के आवाम से झुठा वादा किया और अब अपने किये वादों के विपरित कार्य कर राज्य की जनता को आंदोलन के लिए विवश करती रही है। वर्तमान समय में राज्य सरकार के अव्यवहारिक निर्णयों से राज्य के छात्र युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो गया है। वर्तमान सरकार झारखंड राज्य को राज्य निर्माण के उद्देश्यों के विपरित लेकर जाना चाहती है जो झारखंड की जनता होने नहीं देगी। सरकार जनभावना के विरुद्ध स्थानीय और नियोजन नियमावली बनाई है जो झारखंड के लिए दूर्भाग्यपूर्ण है, परिणाम स्वरूप आज हर वर्ग आक्रोश में है। जिन छात्र युवाओं को रोजगार व नौकरी करना चाहिए या इसका तैयारी में लगे रहना चाहिए वो हक अधिकार के लिए सड़क पर उतर कर आंदोलन कर रहे हैं। सरकार जनभावना को समझे और उसका आदर करते हुए जनहित में अपने वादों पर खरा उतरकर दिखाये वरना 2024 में बोरिया बिस्तर बांधने को तैयार रहें।

### छोटे व्यवसाई बड़े सम्मान के साथ व्यवसाय करेंगे

**मेदिनीनगर** : नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर उप महापौर मंगल सिंह तथा संबंधित पार्षदों ने मिलकर लगभग 75 लाख की कई रोड एवं नालियों के साथ-साथ चौधराना बाजार के सड़कों एवं नालियों के मरम्मत एवं सड़कों पर टाइल्स लगाने तथा बाजार क्षेत्र में हाई मास्क लाइट लगाने का शिलान्यास महावीर मंदिर में पूजा अर्चना के बाद प्रारंभ किया । महापौर अरुणा शंकर ने कहा मेरी नजर हर जगह है जहां निगम क्षेत्र में रोड और नाले बन रहे वही पार्क एवं मरीन ड्राइव भी बनाए जा रहे , जहां टैक्सी स्टैंड बनाया गया वही सरकारी बस डिपो भी सुसज्जित एवं सुव्यवस्थित किए जा रहे, जहां चौक चौराहे सजाए जा रहे वही राजा हरिश्चंद्र घाट को भी व्यवस्थित किया गया ,जहां अंतिम यात्रा हेतु अत्याधुनिक एयर कंडीशन शव वाहन लाए गए वही महिला सिटी बस भी चलाने की तैयारी कर ली गई है, पहले शहर में दिन में सफाई नहीं होती थी वही हमारे कार्यकाल में अब बाजारों में रात को भी सफाई होती है, जहां मोहल्ले में लोग सफाई कर्मी नहीं जाते थे अब डोर टू डोर कलेक्शन होते लेकिन जब मैं 100 वर्ष पुराने चौधराना बाजार की ओर से गुजरती थी तो सड़क एवं नालिया टूटी फूटी देख अफसोस होता था की हमारे व्यवसाई भाई उसी स्थिति में बैठकर पूरे शहर की जरूरतों को पूरा करते । आज हम सबो का प्रयास सफल हुआ । अब हम स्वच्छ एवं स्वस्थ बाजार अपने व्यवसाई भाइयों को देने जा रहे नाली पर बैठकर सब्जी एवं फल विक्रेताओं को भी बहुत जल्द शहर के बीचो बीच अत्याधुनिक 3 तल्ले का वेजिटेबल एवं फ्रूट मार्केट तथा मांस मछली बेचने वालों के लिए एक ही छत के नीचे तीन मंजिला अत्याधुनिक वधशाला देने जा रही हूं जहां हमारे छोटे छोटे व्यवसाई बड़े सम्मान के साथ व्यवसाय करेंगे ।

# आज के परिवेश में श्री राम के आदर्श प्रासंगिक: सूर्या

**राष्ट्रीय खबर**



**हुसैनाबाद,पलामू:** हैदरनगर के रामनवमी समिति की ओर से राम भक्तों ने शनिवार को भव्य बाइक जुलूस निकाला।जुलूस श्रीराम जानकी मंदिर परिसर से निकला, जो हैदरनगर बाजार, रेलवे गुमटी चौक, भाई बिगहा मुख्य पथ, खरडीहा , करीमंडीह, लोहरपुरा , बरेवा , बभनडीह, पतरिया , नौडीहा, बिलासपुर, भीखा बिगहा, चौकड़ी, बहेरा, बिंदूबिघा ,स्टेशन रोड आदि गांव का भ्रमण किया। बाइक रैली का नेतृत्व एनसीपी के प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह, युवा नेता सूर्या सिंह ने किया। रैली पुनः श्रीराम जानकी मंदिर पहुंच कर संपन्न हो गया। इस मौके पर एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह ने कहा कि आज के परिवेश में श्री राम के आदर्श प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी धर्म इंसान को शांति का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि जो धर्म का पालन करते हैं, वह कभी गलत नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि हैदरनगर के युवाओं का उत्साह उन्हे ऊर्जा देने का काम करता है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्ष में रामनवमी का पर्व अधिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जायेगा। इसके लिए हैदरनगर के युवाओं को हर संभव मदद की जायेगी। सूर्या सिंह ने बाइक रैली में शामिल सभी राम भक्तों को शुभकामनाएं दी है। विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने कहा कि रामनवमी का पर्व सभी के लिए खास होता है। मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम का जन्मोत्सव के मौके पर बाइक रैली में शामिल राम भक्तों ने शांति का परिचय दिया है। असर राम भक्त होने का परिचय उन्होंने दिया है। मौके पर मुखिया संतोष कुमार सिंह, एनसीपी कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में राम भक्त शामिल थे।

# बीमार सुनील को मिला मुख्यमंत्री आकस्मिक सहयोग का चेक

**राष्ट्रीय खबर**



**छतरपुर (पलामू):** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य चंदन प्रकाश सिन्हा के प्रयास से मुख्यमंत्री आकस्मिक सहयोग मद से लंबे समय से बीमार चल रहे बारा निवासी सुनील कुमार दास को सरकार द्वारा पच्चीस हजार की सहायता राशि प्रदान की गई चेक प्रदान करते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि सुनील कुमार दास लंबे समय से पेट के बीमारी से ग्रसित है और पटना रांची बनारस एवं बिल्हौर जैसे स्थानों पर इलाज कराते कराते आर्थिक रूप से टूट गए थे और इलाज में सहयोग हेतु श्री सिन्हा के द्वारा सरकार से मांग की गई थी श्री सिन्हा ने इनके मांग को सरकार तक पहुंचाया और इन्हें पच्चीस हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई मौके पर श्री सिन्हा ने कहा कि हेमंत सरकार गरीब गुरबों की सरकार है और गरीबों को होने वाले हरेक तकलीफ को दूर करने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा के एक-एक कार्यकर्ता हर घड़ी हर समय तैयार रहते हैं सरकार से जो आम लोगों की अपेक्षा है उसे दरकिनार नहीं किया जाएगा बस जरूरत है सरकार के हरेक योजनाओं के जानकारी रखने एवं उन तक सही माध्यम से पहुंचने की हेमंत सरकार में गरीब गुरुबो के बच्चों को पढ़ाई भोजन आवास इलाज आदि सभी समस्याओं का इंतजाम किया गया है जरूरत है योजनाओं तक पहुंचने और लाभ उठाने की।

**संक्षिप्त** >> अपडेट्स

### गुवा में रात भर जमकर हुई बारिश, हुई ओलावृष्टि

गुवा : गुवा एवं इसके आसपास के क्षेत्रों में शुक्रवार रात 10:00 बजे से रात भर हुई जमकर बारिश के साथ साथ ओलावृष्टि भी जमकर हुई। इस दौरान काफी तेज हवाएं भी चली। साथ ही हवा के तेज चलने से रातभर विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से बाधित रही। रात भर हुई बारिश को लेकर जहां लोग गर्मी से परेशान रहे, वही उसको गर्मी से राहत मिली। इस दौरान जगह-जगह जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

# ऑफिस में झूलता मिला युवक का शव

▶▶ हत्या या आत्महत्या जांच में जुटी पुलिस

**राष्ट्रीय खबर**



**छत्तरपुर (पलामू):** छत्तरपुर मेदनीनगर औरंगाबाद मुख्य पथ एनएच 98 छत्तरपुर मुख्य बाजार के दो मंजिला खपरैल मकान के पहले तल्ले के एक कमरे में एक युवक का झूलता हुआ शव पाया गया मृतक युवक की पहचान खाटीन निवासी शंभू साव के 26 वर्षीय पुत्र उदय कुमार के रूप में हुई मृतक उदय के पिता ने अपने बेटे की हत्या होने की आशंका जताई मृतक के भाई ने कहा कि जिस तरह मेरे भाई का शव मिला उसके मुंह मे कपड़ा का झोला ठूसा हुआ ऊपर से गमझा लपेटकर कर लटका मिला इससे संदेहास्पद लगता है कि मेरे भाई ने आत्महत्या नही किया बल्कि उसकी हत्या की गई है थाना प्रभारी शेखर कुमार ने बताया प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का है लेकिन पुलिस दोनों पहलुओं पर जांच करेगी पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर अंतपरीक्षण के लिए एमएमसीएच मेदनीनगर भेज दिया।

# शिक्षक सूरज ने मैट्रिक इंटर के असफल विद्यार्थीयों को दी सफलता के कई सुझाव

**राष्ट्रीय खबर**

**हरिहरगंज/पलामू :** बिहार बोर्ड परीक्षा में असफल विद्यार्थीयों को द लाईफ लाइन कोचिंग सेंटर के शिक्षक सूरज कुमार ने परेशान न होने की सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि जिन परीक्षार्थी मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में असफल हो गए हैं। उन्हें मायूस होने की जरूरत नहीं है। बल्कि सफलता के लिए और ज्यादा कड़ी मेहनत पर भरोसा रखना चाहिए। क्योंकि असफलता ही सफलता की कुंजी है। इसके लिए उन्होंने असफल छात्रों को फिर से सार्थक प्रयास करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि अक्सर यह देखा जाता है कि परीक्षा में असफल होने पर कुछ विद्यार्थी मायूस होकर गलत कदम उठाकर अपनी कमजोरी उजागर करते हैं। ऐसा कदापि नहीं होना चाहिए। उन्होंने कई ऐसे उदाहरण से यह बताया कि बार बार असफल होने पर भी कई वैज्ञानिक, आविष्कारक, अनुसंधानकर्ता और प्रतियोगी अपने लगातर प्रयास के बाद मंजिल पाकर इतिहास में प्रेरणास्त्रोत बने हैं। उन्होंने ऐसे महान लोगों से कम मार्क्स या खराब रिजल्ट लाने वाले छात्र-छात्राओं को प्रेरणा लेने की सलाह दी है।

## शहर >> अपडेट

### दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लगी

**कोडरमा :** कोडरमा थाना अंतर्गत जयनगर रोड रिया श्रृंगार नामक मनिहारी दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लगने से दुकान का सामान जलकर राख हो गया। घटना बीती रात की है और दुकानदार को 5 लाख का नुकसान हुआ है। स्टोर मालिक वीरू साव ने बताया कि बीती रात दुकान बंद करके अपने घर चले गए थे।

## सिटी अपडेट्स >>

### जंगल मे मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**कोडरमा :** जिले के करमा और छतरबर पंचायत की सीमा पर चिल्लीटांड जंगल में रईसो डैम के पास युवक (30) का शव बरामद किया गया। उक्त शव खैर के पेड़ से लटका था। घटना की सूचना पाकर एएसपी प्रवीण पुष्कर, थाना प्रभारी द्वारिका राम और पुलिस टीम पहुंची। उन्होंने बताया कि शरीर पर चोट के निशान हैं और मामले की पड़ताल की जा रही है। इस मामले में खोजी कुत्ते को भी मंगाया गया है। इधर युवक की अबतक शिनाख्त नहीं हो पायी है, वहीं युवक की हत्या कर शव को वहां रखकर आत्महत्या का रूप देने की आशंका व्यक्त की गयी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### पूर्व अधिकारी किरण बाला के निधन पर जताया शोक

**कोडरमा :** शनिवार को बोकारो के सिविल सर्जन डॉ. अभय भूषण प्रसाद की पत्नी झुमरीतिलैया निवासी श्रीमती किरण बाला (सेवा निवृत विशेष सचिव, झारखंड सरकार) का आकस्मिक निधन बोकारो में हो गया। कोडरमा के अधिवक्ता सह लेख्य प्रमाणक संजीव प्रधान की बहन किरण बाला कोडरमा समेत कई जिलों में विभिन्न पदों पर कार्य कर चुकी थीं। उनके आकस्मिक निधन पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, कोडरमा जिला इकाई की ओर से उपाध्यक्ष व अधिवक्ता शैलेन्द्र कुमार अभय ने गहरी शोक संवेदना प्रकट की है। वहीं पेंशनर समाज के अध्यक्ष नारायण मोदी, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जगदीश सलूजा, सचिव मनीष सिंह, सत्येंद्र कुमार गौतम, संजय पासवान, कुमार रौशन, सतीश कुमार ने भी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

### मारपीट को लेकर थाना में दिया आवेदन

**चंदवारा :** चंदवारा थाना क्षेत्र के थाम निवासी सकलदेव ठाकुर पिता स्व तिरलोकी ठाकुर ने रामदेव ठाकुर पिता स्व तिरलोकी ठाकुर, संजू देवी पति रामदेव ठाकुर पर मारपीट व गाली गलौज करने का आरोप लगाते हुए आवेदन दिया है। दिए गए आवेदन में कहा है कि गुरुवार को रात में वे संत रामपाल का गाना जोर जोर से बजा रहे थे। मेरे द्वारा मना करने पर मेरे साथ मारपीट करने लगे, मेरे बेटे बिक्की शर्मा का हाथ मरोड़ दिया जिससे उसका हाथ टूट गया। साथ ही मेरे भतीजे धर्मेंद्र शर्मा के हाथ मे चाकू से मारकर घायल कर दिया। मारपीट के क्रम में मेरे पैकेट से पांच हजार रुपया भी उनलोगों ने निकाल लिया। मारपीट की घटना सुनकर आसपास लोग आए तब मेरी जान बची। रामदेव ठाकुर व उनके परिवार के सदस्या संत रामपाल के अनुयायी है। अधिक साउंड में लाउडस्पीकर बजाते है जिससे हमारे बच्चो को पढ़ने में समस्या होती है। जबरन हमलोगों को धर्म परिवर्तन करने को भी बाध्य करते है।

**निर्देश** उपायुक्त ने खराब पड़े चापाकलों को एक सप्ताह में दुरुस्त करने का दिया था निर्देश

# उपायुक्त के निर्देश पर चला सघन चापाकल मरम्मती अभियान

- ज़िले में कुल 2984 मरम्मती के कारण बंद चापाकलों के विरुद्ध 2782 नलकूपों को मरम्मत कर किया गया चालू
- चापाकल मरम्मती अभियान के तहत पेयजल स्वच्छता विभाग एवं पन्द्रवें वित्त आयोग का रहा अहम योगदान



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** उपायुक्त श्री वरुण रंजन के निर्देश पर पेयजल एवम् स्वच्छता विभाग के द्वारा प्रत्येक प्रखंड में विभिन्न कारणों से बंद पड़े चापाकलों का सर्वेक्षण कार्य कराया गया जिसके आलोक में निम्न बिबरनी अनुसार विभिन्न कारणों से चापाकल बंद पाये गये:- क्रम प्रखंड बंद नलकूप चालू किए गए 1. पाकुड़ 992 992, 2. हिरणपुर 410. 310, 3. लिट्टिपारा. 449. 288, 4. अमरापारा. 61. 61, 5. महेशपुर 468. 468, 6. पकुड़िया. 424 393, कुल। 2984 2512 इसके अतिरिक्त कुल 270 अन्य कारणों से बंद चापाकलों को मरम्मती कर चालू किया गया। इस अभियान के दौरान पंचायती राज विभाग के तहत 15वाँ के निधी से सड़े हुए पाईप के कारण बंद परे चापाकलों की मरम्मती मुखिया एवं पंचायत सचिव के माध्यम से दुरुस्त की गई।

उक्त नलकूपों के मरम्मती हेतु ज़िले में कुल 42 अदद नलकूप मरम्मती गैंग को विभिन्न प्रखंड में लगाया गया। उपयुक्त, पाकुड़ के निर्देश पर सभी प्रखण्डों में नलकूप मरम्मती हेतु नियंत्रण कक्ष एवं ज़िला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या प्रकाशित की गई है जिस पर खराब पड़े नलकूपों की मरम्मती हेतु सूचना दी जा सकती है।

ज़िला स्तर पर नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 9798796348 एवं 6207206524 है। प्रखंड स्तर सम्बंधित सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता का दूरभाष संख्या निम्नवत है जिस पर सूचना दी जा सकती है 1. पाकुड़, हिरणपुर एवम् अमरापारा प्रखंड हेतु 9155863727 और 9773807198 2. लिट्टिपारा प्रखंड हेतु 8340763109 4. महेशपुर एवम् पकुड़िया प्रखंड हेतु 9060535260।

## प्यार बांटते चलो के द्वारा गरीबों को कराया भोजन



राष्ट्रीय खबर

**झुमरीतिलैया :** प्यार बांटते चलो ग्रुप के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए रवि मोदी ने अपनी पोती के जन्मदिन पर शनिवार को व्यवस्था की। मौके पर रिशु मोदी भी मौजूद थे। इस संस्था को आज 5 वर्ष पूरे हुए। इसकी शुरूआत रितु दारूका, विकास दारूका, अमित जैन एवं अन्य कई लोगों ने मिलकर शुरू किया था। फिर लोग जुड़ते गए। प्रतिदिन मकसूदन दारुका की फैक्ट्री में पूरी शुद्धता के साथ खाना बनाया जाता है और कोडरमा परिसर स्थित काली मंदिर में भोग लगाकर गरीबों के बीच में प्रसाद के रूप में बाटा जाता है जिसके लिए सिर्फ 5 रुपया सहयोग राशि लिया जाता है। इस तरह के कार्य में स्थानीय के साथ-साथ विदेश में भी रहने वाले कई लोग अपने जन्मदिन, शादी, सालगिरह, पुण्यतिथि एवं अन्य किसी विशेष आयोजन पर अपनी सेवा संस्था के द्वारा देते हैं। इस कार्य में अरुण मोदी, पवन भोजगढ़िया जैसे अन्य कई लोग अपनी सेवा निरन्तर देते रहते हैं।

दुकानों को कराया बंद, हेमंत सोरेन गद्दी छोड़ो का लगाया नारा

## नियोजन नीति 60/40 के विरुद्ध सड़कों पर उतरे आदिवासी छात्र संघ



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** आदिवासी छात्र संघ के-केएम कॉलेज पाकुड़ द्वारा जिला मुख्यालय मे नियोजन नीति 60 /40के विरुद्ध 1अप्रैल को एक दिवसीय सांकेतिक बंद आंशिक रूप से सफल रहा। छात्र संघ द्वारा परंपरागत शस्त्र के साथ प्रातः काल सिद्धू कानू मुर्मू पार्क से जुलूस निकाला गया जो संपूर्ण नगर का भ्रमण कर खुले दुकानों को बंद करवाया। जुलूस के दौरान सड़कों पर आवागमन बाधित रहा। छात्र-छात्राओं द्वारा नियोजन नीति 60/40 वापस लो, हेमंत सोरेन गद्दी छोड़ो, नियोजन नीति 100/100 देना होगा आदि की नारे ढोल नगाड़ों के साथ कर रहे थे। जुलूस के दौरान कुछ देर तक दुकानें बन रही। इस दौरान सभी यात्री गाड़ी सड़कों पर चलते दिखाई दिए। मालूम हो कि आदिवासी छात्र संघ ने नियोजन नीति 60/40 के विरुद्ध और ज्वलंत मुद्दे को लेकर पूरे संथाल परगना 1 अप्रैल शनिवार को सांकेतिक बंदी की घोषणा की थी इस बावत संघ के नेता बजल टुडू, चेतन, मुर्मू ने कहा कि जिला मुख्यालय पाकुड़ में आदिवासी छात्र संघ द्वारा झारखंड नियोजन नीति 60/40 के विरुद्ध 1 अप्रैल शनिवार को संवैधानिक और शांतिपूर्ण तरीके से एक दिवसीय सांकेतिक बंदी सफल रहा। छात्रों ने बताया कि नियोजन नीति की लड़ाई में राष्ट्र,राज्य,समाज हित में सोचने वाले सभी समुदाय, वर्ग,राजनीतिक,सामजिक,छात्र आदि संघठन का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सभी का समर्थन प्राप्त है। वही पाकुड़ पुलिस बंदी को लेकर सजग रही।

## बांस के विभिन्न उत्पादों पर कौशल प्रशिक्षण शिविर का समापन



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा :** समर्पण एवं आरएमआई के द्वारा सामुदायिक सशक्तिकरण परियोजना के तहत चाराडीह स्थित आरसेटी में आयोजित 13 दिवसीय बांस के विभिन्न उत्पादों पर कौशल प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। प्रशिक्षण में बेंदी पंचायत के छतारा एवं बेंदी गांव के 33 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इन 13 दिनों में आरसेटी के प्रशिक्षक के द्वारा बांस के विभिन्न सामग्रियों के निर्माण की कला कौशल सिखाया गया। 13 दिनों में प्रतिभागी काफी दक्ष हुए और उन्होंने बांस के विभिन्न आकर्षक सामग्री निर्माण किए जिसमें से मुख्य रूप से बाम्बू के फ्लावर पॉट, लेटर बॉक्स, चटाई, फाइल ट्रे, पेन स्टैंड, वॉल डेकोरेशन गुलदस्ता, फूल डलिया, कप, सूप, मोनी, टोकरी, प्लेट, चमच, आदि शामिल हैं। प्रशिक्षण के समापन समारोह को संबोधित करते हुए संस्था सचिव इंद्रमणि साहू ने कहा कि महिलाओं को स्वरोजगार के विभिन्न क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनाना हमारा उद्देश्य है। इसके लिए कौशल विकास किया जा रहा है। बांस उत्पाद के विभिन्न सामग्रियों की बिक्री एवं बांस का उत्पादन के लिए हमारे जिले में काफी संभावना है। आरसेटी के फैकल्टी राजीव रंजन ने कहा कि बांस के निर्मित सामग्री काफी आकर्षक लगते हैं, वहीं, इनके इस्तेमाल से हम स्वास्थ्य एवं पर्यावरण को भी फायदा पहुंचा सकते हैं। प्रशिक्षण के उपरांत आरसीटी के द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दी गई। मौके पर कार्यक्रम उत्प्रेरक आलोक कुमार सिन्हा,नीलम प्रजापति आदि उपस्थित थे।

## चलंत लोक अदालत वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** आज दिनांक 1 अप्रैल 2023 को झालसा रांची के निदेर्शानुसार पाकुड़ व्यवहार न्यायालय परिसर से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के बाल कृष्ण तिवारी ने चलंत लोक अदालत वाहन को हरी झंडी दिखाकर पाकुर सदर प्रखंड की ओर रवाना की गई, मौके पर ,प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय श्री राधा कृष्ण पुलिस अधीक्षक एच पी जनार्दन, अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम श्री राकेश कुमार, अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय चौधरी एहसान मोइज मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी श्री प्रफुल्ल कुमार अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी श्री अजय कुमार गुड़िया ,अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी निर्मल भारती , न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी कमलप्रकाश , उप विकास आयुक्त शाहिद अख्तर,अनुमंडल पदाधिकारी श्री हरिवंश पंडित जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के सचिव सुश्री शिल्पा मुर्मू , अधिवक्तागण, न्यायालय कर्मी एवं पीएलबी उपस्थित रहे।

**वसूली** वित्तीय वर्ष 2022-23 में खनन राजस्व वसूली में राज्य में पाकुड़ छठे स्थान पर रहा

# जिला खनन विभाग वित्तीय वर्ष 2223 में निर्धारित लक्ष्य 103.46 प्रतिशत अधिक राजस्वः डीएमओ

- जिला खनन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में निर्धारित लक्ष्य 521.25 करोड़ के विरूद्ध 539.29 करोड़ का राजस्व वसूला



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़ :** जिला खनन पदाधिकारी श्री प्रदीप कुमार साह द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में निर्धारित लक्ष्य 521.25 करोड़ के विरूद्ध 539.29 करोड़ का राजस्व की हुई वसूली, जो लक्ष्य का 103.46 प्रतिशत है।

गत वित्तीय वर्ष 2021-22 की तुलना में 40.60 प्रतिशत अधिक वसूली हुई है।

गत वित्तीय वर्ष 2021-22 में वार्षिक लक्ष्य 395.00 करोड़ रू० के विरूद्ध 383.55 करोड़ रू० की वसूली हुई थी। जिला खनन पदाधिकारी ने कहा कि उपायुक्त महोदय द्वारा राजस्व संग्रह के लिए बैठकों में प्राप्त दिशा निर्देश के कारण लक्ष्य की प्राप्ति हो पाई है। अवैध खनन / परिवहन पर रोक एवं चेकनाका संचालन में जिला / पुलिस प्रशासन का सहयोग अपेक्षित रहा।

वित्तीय वर्ष 2022-23 में अवैध खनन / परिवहन / भण्डारण के मामले में कुल 118 प्राथमिकी दर्ज करायी गई है एवं 310 वाहनों को जप्त किया गया है। राज्य में खनन राजस्व वसूली में चाईबासा, धनबाद, चतरा, रामगढ़, बोकारो के बाद पाकुड़ छठें स्थान पर रहा। साहेबगंज के बाद पाकुड़ पत्थर (लघु खनिज) के समाहरण में राज्य में दूसरे स्थान पर रहा।

पूरे राज्य में निर्धारित लक्ष्य 9680.00 करोड़ रू० के विरुद्ध 9787.40 करोड़ रू० (101.11 प्रतिशत) की वसूली हुई हैं।

## न्यूज फटाफट

### संताल परगना जागवार वैसी एवं झारखंड बचाओ मोर्चा के संयुक्त 60-40 नियोजन रोड जाम किया विरोध



**महेशपुर (पाकुड़):** संताल परगना जागवार वैसी एवं झारखंड बचाओ मोर्चा के संयुक्त अगुवाई में शनिवार को शहरग्राम चौक में झारखंड सरकार के 60-40 नियोजन नीति के विरोध में चक्काजाम बंदी किया गया। चक्का जाम बंदी सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक रहा। इस बंदी में सैकड़ों की संख्या में वाहन एवं हजारों की संख्या में लोग फंसे हुए थे। जागवार वैसी के संरक्षक कीनू हेम्ब्रम ने कहा कि जब तक हेमंत सरकार खतियान के आधार पर स्थानीय नीति और नियोजन नीति नहीं बनाती है, तो आगे पूरी तरह से चरणबद्ध होकर यह आंदोलन एक पूर्ण बंदी या आर्थिक नाकेबंदी का भी रूप ले सकती है। इसलिए संताल परगना जागवार वैसी यह मांग करती है। और सरकार को यह चेतावनी देती है कि वर्तमान की 60-40 नियोजन नीति को अविलंब रद्द किया जाए एवं खतियान आधारित स्थानीय नीति और नियोजन नीति अभिलंब बनाया जाए। बंदी को सफल बनाने में जागवार वैसी के सचिव धोने मरांडी,अनिल हेम्ब्रम,सुनील मुर्मु, फ्रांसिस हेम्ब्रम सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

### प्रखंड अध्यक्ष की अध्यक्षता में जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार



**महेशपुर (पाकुड़):** प्रखंड कांग्रेस पार्टी कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष कलीमुद्दीन शेख की अध्यक्षता में जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम किया गया। जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सह महेशपुर प्रखंड कांग्रेस प्रभारी आरनेष्ट हांसदा ने प्रेस कांफ्रेंस कर पत्रकारों से कहा कि, केंद्र की मोदी सरकार तथा भाजपा ने राहुल गांधी को भारत जोड़ो यात्रा में मिले अपार जन समर्थन को देखकर बौखलाहट पैदा हो गई है। जिसमें संसद में अडाणी मुद्दे को लेकर बार-बार सवाल करने पर भाजपा को सदन स्थगित करना पड़ा। इसके चलते गुजरात कोर्ट में वर्ष 2019 के मानहानि केस में दो साल की सजा सुनाए जाने कारण राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द कर दिया गया। सदस्यता रद्द के बाद ही सरकारी बंगला खाली करने का नोटिस भेज दिया गया। यह एक संयोग नहीं वरन् प्रयोग को दशार्ता है। जबकि वर्तमान में कई भाजपा नेता अभी भी सरकारी बंगले में रह रहे हैं। कांग्रेस के समय देश में एक भी आर्थिक भगोड़ा नहीं था। केंद्र में मोदी सरकार आते ही भगोड़ों की फौज बन गई है। महंगाई और बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा है। इन सभी मुद्दों को भड़काने के लिए भाजपा सरकार तरह-तरह के हथकंडे अपना रही है। मौके पर जिला सचिव मु.महबूब आलम, मोहन कुमार तिवारी, प्रखंड कांग्रेस कमेटी की महिला अध्यक्षा रेखा रानी मालतो, महेशपुर विधानसभा युवा अध्यक्ष शाहजाहान शेख,जयनगरा पंचायत अध्यक्ष साइलेन मुर्मू, प्रखंड महासचिव नोइमुद्दीन शेख, आलम शेख, सीटू शेख, मंटू मुर्मू, प्रखंड उपाध्यक्ष सुधांशु मंडल सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

### घायल युवक को पत्रकार ने किया रक्तदान



**पाकुड़ :** सत्य सनातन संस्था पाकुड़ के आह्वान पर पत्रकार चंदन रक्षित ने बहरमपुर में मेडिकल अस्पताल कॉलेज स्थित ब्लड बैंक अस्पताल में रक्तदान कर घायल व्यक्ति की जान बचाया है। संस्था के सयुक्त सचिव अजय भगत ने कहा कि रामनवमी पर्व के दौरान अपने करतब दिखाने के क्रम में चक्र बलरामपुर निवासी युवक सूरज भगत के हाथ का नस कट गया था। आनन - फानन में उसे पाकुड़ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया गया। बहरमपुर के गीताराम अस्पताल में परिजनों ने युवक सूरज को भर्ती कराया है। नस कटने से युवक का काफी रक्त बह गया था। युवक के शरीर मे रक्त के कमी को देखते हुए चिकित्सकों ने रक्त उपलब्ध करने की बात परिजनों से कही। परिजनों ने रक्त के लिए संस्था के सदस्यों से सहयोग की अपील की। संस्था ने रक्त के लिए पत्रकार चंदन रक्षित से रक्त दान करने की आग्रह की। सूचना पर पत्रकार ने पश्चिम बंगाल के बहरमपुर पहुंचकर युवक को रक्तदान किया। युवक सूरज की स्थिति अभी खतरे से बाहर किन्तु अभी आईसीयू में भर्ती है। चंदन रक्षित ने बताया कि रक्तदान कर किसी का जान बचाने मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का दो दिवसीय प्रदेश कार्यकारी बैठक प्रारंभ

**पाकुड़ :** स्थानीय मारवाड़ी धर्मशाला पाकुड़ में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् झारखंड प्रदेश का दो दिवसीय प्रदेश कार्यकारी परिषद बैठक संगठन के विस्तार, कार्य कौशल, विद्यार्थियों की समस्या, संगठनात्मक और संगठन की मजबूती ज्वलंत समस्या आदि को लेकर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मां भारती तथा युवा प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर प्रदेश अध्यक्ष डॉ॰ओ॰पी॰ सिंह ,प्रदेश मंत्री सोमनाथ भगत ,प्रांत संगठन मंत्री राजीव रंजन ने संयुक्त रूप से में किया।कार्यक्रम में प्रांत भर से आए छात्र प्रतिनिधिगण भाग ले रहे हैं। स्थानीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं द्वारा बैठक की संपूर्ण व्यवस्था की गई हैं। बैठक 2 दिनों तक चलेगी।

### केडीसीए का अंडर 16 क्रिकेट ट्रायल संपन्न

**कोडरमा :** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में खेले जाने वाले इंटर डिस्टिक अंडर 16 क्रिकेट टूनार्मेंट में शामिल होने हेतु कोडरमा जिला के खिलाड़ियों का ट्रायल आज पुलिस लाइन मैदान चंदवारा में संपन्न हुआ। ट्रायल में पूरे जिले से लगभग 75 खिलाड़ी शामिल हुए। अनुशासन , कागजात, टीम में उपयोगिता और बेहतर प्रतिभा को ध्यान में रखते हुए चयन कर खिलाड़ियों को कैंप में बुलाया जाएगा। जहां एसोसिएशन के सेलेक्टर्स द्वारा खिलाड़ियों के खेल पर बारीकी से नजर रखी जाएगी। कैम्प में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी का जिला टीम में चयन किया जाएगा। आज खिलाड़ियों का ट्रायल सुमन कुमार, ओम प्रकाश, तहसीन हुसैन, चंदन सिंह और आशीष यादव ने लिया। उक्त आशय की जानकारी केडीसीए के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा और सचिव दिनेश सिंह ने दी।

## न्यूज फटाफट

### रूसी, बेलारूसी खिलाड़ियों से प्रतिबंध हटायेगा विंबलडन




**लंदन :** रूसी और बेलारूसी टेनिस खिलाड़ी आगामी विंबलडन चैंपियनशिप में 'तटस्थ' एथलीटों के रूप में हिस्सा ले सकेंगे। ऑल इंग्लैंड क्लब ने शुक्रवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा, हमारा मौजूदा इरादा 'तटस्थ' रूप से खेलने वाले और उपयुक्त शर्तों का पालन करने वाले रूसी और बेलारूसी खिलाड़ियों को स्वीकार करना है। ऑल इंग्लैंड क्लब ने कहा कि रूसी एवं बेलारूसी राज्यों या राज्यों द्वारा संचालित कंपनियों से धन प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। क्लब के अध्यक्ष इयान हेविट ने कहा, 'सभी कारकों पर विचार करते हुए, हमने फैसला लिया है कि इस वर्ष चैंपियनशिप के लिये यही सबसे उपयुक्त फैसला है। अगर अब चैंपियनशिप के शुरू होने के बीच परिस्थितियां बदलती हैं तो हम उसके अनुसार विचार करेंगे और प्रतिक्रिया देंगे।' टेनिस के चार ग्रैंड स्लैम आयोजनों में से एक विंबलडन ने 2022 में रूसी और बेलारूसी खिलाड़ियों को टूर्नामेंट में प्रवेश की अनुमति नहीं दी थी। नतीजतन, एटीपी और डब्ल्यूटीए दोनों ने पिछले साल की विंबलडन चैंपियनशिप के लिये रैंकिंग अंक नहीं दिये थे। बयान में कहा गया 'पिछले साल ऑल इंग्लैंड क्लब और एलटीए द्वारा अपनाई गयी व्यवस्था पर टेनिस के कुछ प्रशासनिक निकायों की ओर से बहुत ही निराशाजनक प्रतिक्रिया मिली थी। अगर ये चीजें जारी रहीं तो खिलाड़ियों, प्रशंसकों, चैंपियनशिप और ब्रिटिश टेनिस के हितों के लिये हानिकारक होंगी।' ब्रिटिश टेनिस ने कहा, ब्रिटेन के बाहर के टेनिस आयोजनों ने पिछले एक साल में रूसी और बेलारूसी खिलाड़ियों को 'तटस्थ' एथलीटों के रूप में प्रतिस्पर्धा करने का मौका दिया है।

क्रिकेट

### पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर टॉम मूडी का मानना है

# अंतिम ओवरों में सबसे खतरनाक हैं राशिद : मूडी

एजेंसियां

**अहमदाबाद :** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर टॉम मूडी का मानना है कि गुजरात टाइटन्स के हरफनमौला राशिद खान की सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी पारी के अंतिम ओवरों में ही बाहर आती है। मूडी ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के पहले मैच में टाइटन्स की जीत के बाद ईएसपीएन क्रिकइन्फो पर कहा, सच यह है कि जब उन्हें 10 या उससे कम गेंदें खेलनी होती हैं तो उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन बाहर आता है। वह इस समय सबसे बड़ा खतरा होते हैं।




अगर उन्हें अचानक से 10वें ओवर में बल्लेबाजी करने के लिये भेज देंगे तो स्थिति अलग हो सकती है। वह 17वें ओवर के बाद से बेहद खतरनाक होते हैं। राशिद जब चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ बल्लेबाजी करने उतरे तो टाइटन्स को 12 गेंद में 23 रन की जरूरत थी। अफगानिस्तान के इस खिलाड़ी ने तीन गेंद पर 333.33 के स्ट्राइक रेट से 10 रन बनाये और अपनी टीम की जीत का रास्ता आसान कर दिया। दूसरे छोर पर खड़े राहुल तेवतिया ने आखिरी ओवर की शुरुआती दो गेंद पर एक छक्का और एक चौका जड़कर टाइटन्स को टूर्नामेंट की पहली जीत दिला दी। राशिद ने इससे पहले अपने चार ओवर में मात्र 26 रन देकर मोईन अली और बेन स्टोक्स के महत्वपूर्ण विकेट भी लिये थे। सनराइजर्स हैदराबाद में बतौर कोच राशिद के साथ समय बिता चुके मूडी ने कहा, राशिद खान जैसे खिलाड़ी हमेशा मैच के सबसे जटिल हिस्सों में शामिल होते हैं। वह जब सबसे पहले (गेंदबाजी करने) पावरप्ले में आये तो मैच टाइटन्स के हाथ से निकल रहा था।

उन्होंने एक ओवर डाला और विकेट लिया। उन्हें महत्वपूर्ण समय पर आगे करेंगे तो वह आपको काम पूरा करके देंगे।ह्व उन्होंने कहा, मैच के अंतिम हिस्से में उन्हें एक अलग कौशल दिखाना था। उनके हाथ में इस बार गेंद की जगह बल्ला था और उन्होंने एक छक्का और एक चौका जड़कर दो-तीन गेंदों में मैच का रुख पलट दिया। वह बेहद महत्वपूर्ण और मैच-जिताऊ खिलाड़ी हैं क्योंकि वह सही समय मैच पर प्रभाव डालते हैं।

## खेल जगत अपडेट्स

### ब्लास्टर्स एफसी पर चार करोड़ रुपये का जुर्माना

**नयी दिल्ली :** अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) की अनुशासनात्मक समिति ने तीन मार्च को बेंगलुरु एफसी के विरुद्ध इंडियन सुपर लीग का प्लेऑफ मुकाबला बीच में छोड़ने के लिये केरल ब्लास्टर्स एफसी पर चार करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। एआईएफएफ ने शुक्रवार देर रात एक विज्ञप्ति जारी करके इसकी जानकारी दी। अनुशासनात्मक समिति ने मुकाबले में शामिल सभी पक्षों को सुनने और उनके विरोध एवं प्रस्तुतियों पर विचार करने के बाद केरल ब्लास्टर्स को मैच को छोड़ने के इस अनुचित आचरण के लिये सार्वजनिक माफी जारी करने का भी निर्देश दिया है। ऐसा न करने पर ब्लास्टर्स का जुर्माना बढ़ाकर छह करोड़ रुपये कर दिया जायेगा। गौरतलब है कि बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम पर आयोजित मुकाबले में सुनील छेत्री ने एक फ्रीकिक पर बीएफसी के लिये गोल किया था, जिसपर ऐतराज़ जताने के बाद ब्लास्टर्स की टीम मैदान छोड़कर चली गयी। ब्लास्टर्स का कहना था कि वे छेत्री की फ्रीकिक के लिये तैयार नहीं हो सके थे। इस संबंध में क्लब ने रेफरी क्रिस्टल जॉन्स के खिलाफ एआईएफएफ के समक्ष शिकायत भी दर्ज की थी। ब्लास्टर्स के मुख्य कोच इवान वुकोमानोविक पर एआईएफएफ की प्रतियोगिताओं में 10 मैच का प्रतिबंध लगाया गया है। साथ ही एआईएफएफ अनुशासनात्मक कोड के अनुच्छेद 9.1.2 के तहत उन पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। महासंघ ने ब्लास्टर्स और वुकोमानोविक को एक सप्ताह के भीतर इस आदेश का पालन करने का निर्देश दिया है। दोनों पक्षों को आदेश के खिलाफ अपील दायर करने का अधिकार है। अनुशासनात्मक समिति ने यह भी कहा कि मैच छोड़ना वैश्विक खेल इतिहास में, विशेष रूप से फुटबॉल में दुर्लभ घटनाओं में से एक है। भारत में पेशेवर फुटबॉल के इतिहास में यह केवल दूसरी बार है जब किसी टीम ने कोई मैच छोड़ दिया हो।

## लीग से बाहर हुए केन विलियमसन



एजेंसियां

**नई दिल्ली:** इंडियन प्रीमियर लीग के 16वें सीजन का पहला मुकाबला जीतने वाली गुजरात टाइटंस की टीम को बड़ा झटका लगा है। टीम के लिए बुरी खबर सामने आई है क्योंकि टीम के स्टार खिलाड़ी और न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन पूरे सीजन के लिए टीम से बाहर हो गए है। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ गुजरात टाइटंस के पहले मैच में दाहिने घुटने में चोट के कारण बाहर हो गए थे। बता दें कि चेन्नई के खिलाफ खेले गए पहले मुकाबले में 32 वर्ष के केन विलियमसन को फील्डिंग के दौरान चोट लगी थी। इस मुकाबले में चेन्नई की टीम को गुजरात ने पांच विकेट से मात दी थी। इस मुकाबले के दौरान ही विलियमसन को फील्डिंग करते हुए घुटने में चोट लगी थी। उनकी चोट की गंभीरता के बारे में अभी पता नहीं है लेकिन लगता है कि चोट मामूली नहीं है। विलियमसन को रूतुराज गायकवाड़ का छक्का बचाते हुए सीमारेखा के पास गिरने से चोट लगी। उन्हें मैदान से बाहर ले जाया गया और फिर वह मैदान पर नहीं लौटे। ये घटना चेन्नई सुपर किंग्स के 13वें ओवर के दौरान हुई थी। बता दें कि केन विलियमसन को गुजरात टाइटंस ने ऑक्शन में दो करोड़ रुपये में खरीदा था। इस मुकाबले में उनकी जगह इम्पैक्ट प्लेयर साई सुदर्शन को जगह दी गई थी, जिन्होंने बल्लेबाजी भी की थी।आईपीएल के एक सूत्र ने बताया कि विलियमसन का लीग में आगे खेल पाना मुश्किल है हालांकि उनकी चोट का आकलन जारी है। सूत्र ने कहा ,विलियमसन को एसीएल सर्जरी की जरूरत पड़ सकती है और शायद उन्हें अनिश्चितकाल के लिये क्रिकेट से दूर रहना पड़े।

## आईपीएल 2023 में 600 रन बना सकते हैं गिल : पार्थिव



एजेंसियां

**अहमदाबाद :** पूर्व भारतीय विकेटकीपर पार्थिव पटेल ने सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल की फॉर्म को लेकर भविष्यवाणी की है कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सीजन में 600 से ज्यादा रन बना सकते हैं। गिल ने आईपीएल के पहले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 36 गेंद पर 63 रन की पारी खेली, जिसमें छह चौके और तीन छक्के शामिल रहे। सुपर किंग्स ने रुतुराज गायकवाड़ की 92 रन की पारी के दम पर गुजरात टाइटन्स के सामने 179 रन का लक्ष्य रखा था, लेकिन गिल के आतिशी अर्द्धशतक से जायंट्स ने चार गेंद शेष रहते ही जीत हासिल कर ली। पार्थिव ने जियो सिनेमा पर कहा, ''शुभमन गिल ने वही किया जिसकी हमें उनसे उम्मीद थी। उन्होंने आईपीएल में अपनी अंतरराष्ट्रीय फॉर्म को जारी रखा। हम इस सीजन में शुभमन गिल के बल्ले से 600 रन निकलते हुए देख सकते हैं। गिल इस अर्द्धशतक को शतक में बदलते हुए टाइटन्स को जीत तक पहुंचा सकते थे, लेकिन वह पारी के 15वें ओवर में आउट हो गये। अंततः, राशिद खान (तीन गेंद, 10 रन) और राहुल तेवतिया (14 गेंद, 15 रन) ने आखिरी दो ओवर में 23 रन जोड़कर टाइटन्स की जीत सुनिश्चित की। पूर्व भारतीय गेंदबाज अनिल कुंबले ने कहा, उन्होंने (गिल ने) कहा कि मैं जिस तरह से आउट हुआ उससे मैं खुश नहीं था। इसका मतलब है कि वह सुधार करना चाहते हैं और अगर वह अगले मैच में उस स्थिति में आते हैं, तो वह अपनी टीम के लिये अच्छा प्रदर्शन देंगे। एक युवा खिलाड़ी के लिये यह बहुत अच्छा संकेत है।'' उन्होंने कहा, हमने मैच से पहले इस बारे में बात की थी कि कैसे उन्होंने एकदिवसीय मैचों में 40 और 50 को 100 और 200 रन में तब्दील किया है। मुझे यकीन है कि यह भारतीय क्रिकेट के लिये एक अच्छा संकेत है।

## माने, नरवाल ने बाकू विश्व कप टीम में जगह बनाई



एजेंसियां

**नई दिल्ली:** शाहू तुषार माने और शिव नरवाल को भोपाल विश्व कप में अच्छे प्रदर्शन की बदौलत अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) के बाकू में आठ से 15 मई तक होने वाले राइफल/पिस्टल विश्व कप के लिए भारतीय टीम में जगह मिली है। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने आगामी टूनार्मेंट के लिए 22 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की जो वर्ष का पांचवां आईएसएसएफ विश्व कप चरण होगा। भोपाल में हाल ही में विश्व कप के तीसरे चरण का सफल आयोजन किया गया।चौथा चरण 11 अप्रैल से पेरू के लीमा में आयोजित किया जाएगा जहां भारत ने भाग नहीं लेने का फैसला किया है। पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में माने और पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में नरवाल भोपाल विश्व कप की टीम में नए नाम हैं। माने ने केवल रैंकिंग अंक के लिए खेलते हुए भोपाल में 630.7 का ठोस स्कोर करने के बाद नवीनतम रैंकिंग में दिव्यांश सिंह पंवार को पछाड़कर शीर्ष तीन में जगह बनाई। नरवाल ने भोपाल में 585 का स्कोर बनाया जो टूनार्मेंट में शीर्ष क्वालीफाइंग स्कोर भी था। उन्होंने टीम में सुमित रमन की जगह ली है। एक अन्य बदलाव में ईशा सिंह ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल टीम में मनु भाकर की जगह ली। वह महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टीम में भी शामिल हैं।

## राधिका आप्टे की फिल्म 'मिसेज अंडरकवर' का ट्रेलर रिलीज



एजेंसियां

**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेत्री राधिका आप्टे की आने वाली फिल्म मिसेज अंडरकवर का ट्रेलर रिलीज हो गया है। अनुश्री मेहता द्वारा निर्देशित और लिखित, फिल्म 'मिसेज अंडरकवर' में राधिका आप्टे ,सुमीत व्यास, राजेश शर्मा और साहेब चटर्जी मुख्य किरदारों में नजर आएंगे। फिल्म 'मिसेज अंडरकवर' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह फिल्म 14 अप्रैल को जी5 पर रिलीज होगी। इस फिल्म में राधिका आप्टे के किरदार का नाम दुर्गा है जो एक पूर्व अंडरकवर एजेंट है और फिलहाल हाउस वाइफ है, लेकिन अचानक दस साल बाद उसे ड्यूटी पर वापस बुला लिया जाता है। राधिका आप्टे ने बताया, ''मेरे लिए 'मिसेज अंडरकवर' कई कारणों से खास है। जासूसी कॉमेडी इस फिल्म की पहली कहानी में ही मुझे अपने किरदार से प्यार हो गया। दुर्गा मजाकिया, दयालु, ईमानदार हैं, वह अनाड़ी भी है और खुद को लेकर अनिश्चित भी है और यह फिल्म उनकी खुद की ताकत की खोज की यात्रा है। राधिका ने कहा कि हर महिला अपने ऑन-स्क्रीन चरित्र दुर्गा से संबंधित होगी, क्योंकि यह हर गृहिणी (हाउस वाइफ) की कहानी है जो परिवार के लिए अपने करियर के सपनों को छोड़ देती है। हर घर में एक दुर्गा होती है, एक महिला जो चुपचाप अपना काम करती है और उसे उसका हक नहीं मिलता है क्योंकि उसे 'सिर्फ' एक गृहिणी माना जाता है। यह फिल्म उस मानसिकता से लड़ती है जो हमारे पितृसत्तात्मक समाज में व्याप्त है, और इसे हास्य की आड़ में खूबसूरती से किया गया है।

## ब्रह्मास्त्र 2 और 3 एक साथ बनाएंगे अयान मुखर्जी



एजेंसियां

**मुंबई :** बॉलीवुड निर्देशक अयान मुखर्जी का कहना है वह ब्रह्मास्त्र 2 और ब्रह्मास्त्र 3 एक साथ बनाएंगे। करण जौहर निर्मित और अयान मुखर्जी निर्देशित ,रणबीर कपूर और आलिया भट्ट स्टारर फिल्म 'ब्रह्मास्त्रः पार्ट वन शिवा' बॉक्स ऑफिसर पर ब्लॉकबस्टर साबित हुयी थी। इस फिल्म को बनाने में 10 साल का समय लग गया था। अयान मुखर्जी ने फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' के सीक्वल के बारे में बताया कि 'हम ब्रह्मास्त्र 2 और 3 एक साथ बनाएंगे। सच तो यह है कि हमें इसे लिखने में थोड़ा समय लगने वाला है। मुझे पता है कि लोगों को हमसे बहुत उम्मीदें हैं। लोग चाहते हैं कि जल्द से जल्द फिल्म का दूसरा पार्ट रिलीज किया जाए, लेकिन मैं फिल्म की स्क्रिप्ट के साथ किसी भी तरह का समझौता नहीं करना चाहता हूं। तो पहले हम इसे ठीक से लिखेंगे।'इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, मौनी रॉय, नागार्जुन और शाहरुख खान का भी खास रोल देखने को मिला था।

## नयनज्योति सैकिया ने जीती 'मास्टरशेफ इंडिया' की ट्रॉफी



एजेंसियां

**नयी दिल्ली :** असम के नयनज्योति सैकिया कलिनरी रियलिटी शो 'मास्टरशेफ इंडिया' के विजेता चुने गए हैं। यह शो 13 सप्ताह से अधिक चला। मास्टरशेफ इंडिया के ग्रैंड फिनाले में शामिल होने के लिए दिग्गज शेफ संजीव कपूर के साथ, शेफ रणवीर बराड़, विकास खन्ना और गरिमा अरोड़ा जज के रूप में उपस्थित थीं। सेफरों ने 'सिग्नेचर थ्री-कोर्स मील चैलेंज' में तीन फाइनलिस्ट को जज किया। रसोइया नयनज्योति को सोनी की ओर से 25 लाख रुपये का चेक और अंतिम पुरस्कार 'मास्टरशेफ इंडिया' की प्रतिष्ठित ट्रॉफी और गोल्डन शेफ का कोट प्रदान किया गया।

## नेटफ्लिक्स ने 'टूथ परी' का टीजर रिलीज किया



एजेंसियां

**नयी दिल्ली :** नेटफ्लिक्स ने शनिवार को अपनी आगामी रोमांटिक थ्रिलर 'टूथ परीः व्हेन लव बाइट्स' का टीजर रिलीज किया है। वेब सीरीज में शांतनु माहेश्वरी एक डेंटिस्ट उर्फ डॉक्टर रॉय का किरदार निभाते नजर आ रहे हैं। जबकि अभिनेत्री तान्या मानिकतला उर्फ रूमी एक वैम्पायर की भूमिका निभा रही हैं। निर्माताओं ने आगामी सीरीज में कौन क्या है इसका पहले अनावरण किया है। इस शो में सिकंदर खेर, आदिल हुसैन, रेवती, सास्वता चटर्जी और तिलोत्तमा शोम भी नजर आएँगे। प्रतिम दासगुप्ता द्वारा निर्देशित और एंडेमोल शाइन इंडिया द्वारा निर्मित, 'टूथ परीः व्हेन लव बाइट्स' में रोमांस, रहस्य, रोमांच और कल्पना सब कुछ दिखाया गया है। शो का प्रीमियर 20 अप्रैल को रिलीज होगा।

## प्रदेश >> अपडेट

### विवाहिता की धारदार हथियार से प्रहार कर हत्या

**मुरैना :** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में एक विवाहित युवती की उसके प्रेमी ने धारदार हथियार से प्रहार कर हत्या कर दी और मौके से उसी की मोटर साइकिल को लेकर फरार हो गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार रमा भदौरिया (30) मुरैना के तालपुरा मुहल्ले में रंजीत सिकरवार के मकान में पति से अलग होकर बेटी के साथ अपने प्रेमी हरेंद्र गुर्जर के साथ लिव इन रिलेशन में रह रही थी।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### कपड़ा व्यवसायी की गोली मारकर हत्या

**मुरैना :** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले के बानमोर कस्बे में अज्ञात बदमाशों ने एक कपड़ा व्यवसायी की गोली मारकर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गए। घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी है, जिसके आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस सूत्रों ने आज यहां बताया कि कपड़ा व्यवसायी कैलाशी होयल कल शाम अपनी दुकान पर था और उसी दौरान दो अज्ञात युवक उसकी दुकान पर आए और तौलिया लेने का भाव पूछने लगे। जैसे ही कैलाश उन्हें भाव बताने उठा, उसी दौरान दोनों युवकों ने उसपर ताबड़तोड़ कट्टे से फायरिंग कर दी। गोली लगने से गंभीर रूप से घायल कपड़ा व्यवसायी को उपचार के लिये ग्वालियर ले जाया जा रहा था, तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।

### राधाकृष्ण ने बीडीएल सीएमडी के रूप में अतिरिक्त प्रभार किया ग्रहण

**हैदराबाद :** सार्वजनिक क्षेत्र की आयुध निर्माता कंपनी भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीडीएल) के निदेशक (उत्पादन) पी. राधाकृष्ण ने शनिवार को यहां अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया। वह कमोडोर (सेवानिवृत्त) सिद्धार्थ मिश्रा का स्थान लेंगे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### धनखड़ ने दी उत्कल दिवस की शुभकामनाएं

**नयी दिल्ली :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने ओडिशा के लोगों को उत्कल दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। धनखड़ ने शनिवार को यहां जारी एक संदेश में कहा कि अद्भुत प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक समृद्धि के साथ ओडिशा विविधता और अनूठेपन तथा समावेशन का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि उत्कल दिवस पर राज्य के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं हैं। उन्हाने कहा कि ओडिशा ने प्रगति की नई मंजिलें तय की है और राष्ट्र के योगदान में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

### कोविड संक्रमित मामले 16 हजार से अधिक

**नयी दिल्ली :** देश में पिछले 24 घंटे के दौरान कोविड संक्रमण के लगभग तीन हजार नये मामले सामने आए हैं और इसके साथ ही संक्रमित व्यक्तियों की कुल संख्या 16 हजार से अधिक हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि देश में पिछले 24 घंटे के दौरान 2994 नये लोग कोविड संक्रमित हुए हैं। इसके साथ ही कोविड संक्रमितों की संख्या 16354 हो गयी है और संक्रमण दर 2.09 प्रतिशत दर्ज की गई है। मंत्रालय के अनुसार पिछले 24 घंटे में 1840 व्यक्ति कोविड संक्रमण से उबर गए हैं।

### एक शिक्षक को ठगी मामले में किया गिरफ्तार

**दमोह :** मध्यप्रदेश के दमोह जिले के मडियादो थाना के एक शिक्षक को मुंबई साइबर क्राइम ब्रांच द्वारा एक ठगी मामले में गिरफ्तार कर स्थानीय पुलिस की मदद से उसका प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मुलायजा कराकर अपने साथ ले जाया गया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार मुंबई क्राइम ब्रांच में मुंबई के किसी व्यक्ति द्वारा ऑनलाइन ठगी की शिकायत दर्ज कराई गई थी।

---

**विकल्प** — भारत सरकार अब चुपके से पेगासूस का विकल्प खरीदने की तैयारी में

# कम चर्चित फर्मों से हो चुका है संपर्क

- स्पाईवेयर की खरीद का बजट 986 करोड़
- केंद्र सरकार करती आयी है इससे इंकार
- स्वतंत्र जांच में हो चुकी है इसकी पुष्टि

राष्ट्रीय खबर




**नई दिल्ली:** भारत सरकार अब पेगासूस स्पाईवेयर का विकल्प खरीदने की तैयारी में है। मिल रही सूचनाओं के मुताबिक मोदी सरकार इस पर 120 मिलियन डॉलर यानी 986 करोड़ रुपये से अधिक खर्च करने की बजट बना चुकी है। पेगासूस का मामला पकड़ में आने के बाद सरकार को किसी नये स्पाईवेयर की आवश्यकता महसूस हो रही है। याद दिला दें कि पत्रकारों के एक स्वतंत्र संगठन ने पहली बार देश की सरकारों द्वारा इजरायल की कंपनी एनएसओ के स्पाईवेयर पेगासूस के इस्तेमाल का पता लगाया था। तब से आज तक भारत सरकार इससे इंकार करती आयी है। दूसरी तरफ सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त जांच कमेटी ने भी अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट में पेगासूस से जासूसी होने की पुष्टि कर दी है। इस वजह से अब मोदी सरकार पेगासूस के विकल्प की तलाश कर रही है।

पेगासूस का मामला सार्वजनिक होने क बाद कंपनी ने औपचारिक तौर पर सिर्फ यह बयान दिया था कि वह केवल देश की सरकारों को ही यह स्पाईवेयर बेचती आयी है। लेकिन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इस जासूसी में लोगों की निजता का उल्लंघन होने का मामला पकड़ में आने के बाद कंपनी की अपनी आर्थिक स्थिति ही बिगड़ गयी। अब यरुशलम से रिपोर्ट आयी है कि वास्तव में 2017 में 2 बिलियन डॉलर के व्यापक रक्षा सौदे के हिस्से के रूप में इजराइल से पेगासस खरीदा था। अब पता चला है कि कई स्पाइवेयर विक्रेता जिन पर भारतीय रक्षा और खुफिया अधिकारी विचार कर रहे हैं, उनमें इजरायली सेना की प्रत्यक्ष या निहित भागीदारी है। इंटलेक्सिया नाम की कंपनियों में ग्रीस में मुख्यालय है, जिसने इजरायली सैन्य दिग्गजों की भागीदारी के साथ प्रीडेटर स्पाईवेयर बनाया है। प्रीडेटर का पहले से ही मिस्र, सऊदी अरब, मेडागास्कर और ओमान सहित मानवाधिकार सूचकांक में कम देशों में इस्तेमाल होने का एक लंबा रिकॉर्ड है। क्वाड्रीम का भी उल्लेख किया गया है, जिसके बारे में रिपोर्ट में कहा गया है कि पत्रकार जमाल खशोगी की हत्या के बाद सऊदी अरब को बिक्री के लिए मंजूरी दे दी गई थी। भारत की इस संभावित सूची में एक अन्य कंपनी कॉग्नाईट है, जिसे सार्वजनिक रूप से कारोबार करने वाले वेरिंट से बाहर कर दिया गया था, और मेटा द्वारा व्यापक दुरुपयोग पाए जाने के बाद नॉर्वे के सॉवरेन वेल्थ फंड द्वारा इसका स्टॉक डंप कर दिया गया था।

सूचना है कि राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा मंत्रालय के भीतर बातचीत काफी आगे बढ़ चुकी है। यह रिपोर्ट ऐसे समय में आई है जब संयुक्त राज्य अमेरिका ने बड़े पैमाने पर अनियमित स्पाइवेयर उद्योग पर शिकंजा कसने के नए प्रयासों का नेतृत्व किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाईडेन ने 27 मार्च को एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, जो वाणिज्यिक स्पाईवेयर के संघीय उपयोग पर रोक लगाता है, जिसका उपयोग सत्तावादी सरकारों ने निगरानी के लिए किया है।

## शिवराज ने हेडगेवार की जयंती पर नमन किया



एजेंसियां

**भोपाल :** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के संस्थापक डॉ केशव-बलीराम हेडगेवार की जयंती पर नमन किया। चौहान ने निवास कार्यालय स्थित सभागार में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। आधिकारिक जानकारी के अनुसार डॉ हेडगेवार का जन्म 01 अप्रैल 1889 को नागपुर में हुआ। वे बचपन से ही क्रांतिकारी प्रवृत्ति के थे, उन्हें अंग्रेज शासकों से घृणा थी। डॉ हेडगेवार ने वर्ष 1925 में विजयादशमी पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की। उनका मत था कि जात-पात और अस्पृश्यता के भेद के कारण हम असंगठित एवं दुर्बल हुए, परिणामस्वरूप मुट्ठी भर लुटेरों के हाथों हमें हार का सामना करना पड़ा और गुलामी का अभिशाप सहना पड़ा। राष्ट्र को सुदृढ़ बनाने के साथ समाज को संगठित, अनुशासित एवं शक्तिशाली बनाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता थी। उनका निधन 21 जून 1940 को नागपुर में हुआ।

## पूर्व डीसीपी राजिंदर सिंह भाजपा में शामिल हुए



एजेंसियां

**चंडीगढ़ :** पंजाब पुलिस के पूर्व पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) राजिंदर सिंह शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। पार्टी मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस में भाजपा के वरिष्ठ नेता गजेंद्र शेखावत ने राजिंदर सिंह का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि जल्दी ही जालंधर लोकसभा उपचुनाव के लिए पार्टी का उम्मीदवार घोषित कर दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ने चौधरी संतोख सिंह की पत्नी करमजीत कौर चौधरी को चुनाव मैदान में उतारा है जबकि अकाली दल-बसपा, आप और भाजपा ने अभी तक अपने उम्मीदवार का ऐलान नहीं किया है। संभावना जताई जा रही है कि भाजपा पूर्व डीसीपी राजिंदर सिंह को जालंधर उपचुनाव के लिए अपना उम्मीदवार घोषित कर सकती है। शेखावत ने कहा कि भारत विरोधी या देश को बांटने की कोशिश करने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार अपने वायदे पूरे करने में पूरी तरह से फेल हो गई। सारी पार्टियां मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बदनाम करने में लगी हैं।

## जम्मू-कश्मीर में पिछले 24 घंटे में हुई मूसलाधार बारिश



एजेंसियां

**श्रीनगर :** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के अधिकांश हिस्सों में पिछले 24 घंटे में मूसलाधार वर्षा हुई। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को यह जानकारी दी। विभाग ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के अधिकांश स्थानों पर आज हिमपात के साथ रुक-रुक कर वर्षा जारी रहने के आसार हैं। मौसम एजेंसी द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में 5.2 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के कोकरनाग में पिछले 24 घंटों में नौ मिमी वर्षा हुई है। इसके अलावा, जम्मू में 13.7 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने अगले पांच दिन तक बादल छाये रहने और वर्षा होने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि यहां रविवार को मौसम में आंशिक रूप से बादल छाये रहने के अनुमान हैं जबकि तीन से छह अप्रैल के बीच कुछ स्थानों पर शाम तक हल्की बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने के आसार हैं। मौसम अधिकारियों ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में गरज के साथ तेज हवाएं चलने के अनुमान हैं। इसी बीच, उन्होंने खासतौर पर किसानों से छह अप्रैल तक छिड़काव और सिंचाई स्थगित करने को कहा है। इस बीच, श्रीनगर में रात का तापमान सामान्य से 2.7 डिग्री अधिक 9.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि शुक्रवार को श्रीनगर में दिन का तापमान 18 डिग्री सेल्सियस था। आईएमडी के अनुसार, कश्मीर के सीमांत जिले कुपवाड़ा में रात का तापमान 6.8 डिग्री सेल्सियस और अनंतनाग के पर्यटन स्थल पहलगाम में न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## भाजपा का दस अप्रैल को अजमेर में महाघेराव का कार्यक्रम



एजेंसियां

**अजमेर :** राजस्थान में अजमेर शहर जिला भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आगामी 10 अप्रैल को प्रदेश की कांग्रेस सरकार के खिलाफ जन आक्रोश महाघेराव आयोजित करेगी। सांसद भागीरथ चौधरी ने शुक्रवार को यहां भाजपा संगठन की बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य की जनता का हर वर्ग वर्तमान शासन से त्रस्त है और ये सभी इसके खिलाफ भाजपा की आवाज बनेंगे। अजमेर शहर भाजपा अध्यक्ष रमेश सोनी ने कहा कि महाघेराव को सफल बनाने के लिये जिला टोली का विधानसभावार गठन किया गया है। जिसका संयोजक पूर्व महापौर धर्मेन्द्र गहलोत को बनाया गया है। सभी कार्यकर्ताओं का आहान किया गया है कि महाघेराव में अधिक से अधिक जनसाधारण को जोड़े। उन्होंने कांग्रेस के संभाग स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन पर निशाना साधते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के अजमेर आगमन का आमजन में रूझान नहीं रहा और अपेक्षा से कम लोग सम्मेलन में पहुंचे।

**तानाशाही** — म्यांमार के सैनिक शासन द्वारा नियंत्रित चुनाव आयोग

## सैन्य शासन ने आंग सान की पार्टी को भंग करने का एलान किया

- पार्टी एनएलडी ने 2020 का चुनाव जीता और सरकार बनाई
- सैन्य शासन के खिलाफ जनता का विद्रोह अब भी जारी है

राष्ट्रीय खबर



**अगरतला:** म्यांमार के सैनिक शासन द्वारा नियंत्रित चुनाव आयोग ने आंग सान सू की की नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी (एनएलडी) को भंग करने की घोषणा की है। सैन्य सरकार द्वारा तैयार किए गए सख्त चुनावी कानून के तहत पार्टी द्वारा पंजीकरण कराने में विफल रहने के बाद मंगलवार को यह घोषणा की गई। सरकारी मीडिया की खबर में यह बात कही गई है। सू की की पार्टी एनएलडी ने 2020 का चुनाव जीता और सरकार बनाई। सेना ने फरवरी 2021 में एक रक्तहीन तख्तापलट में सत्ता पर कब्जा कर लिया और सू की को नजरबंद कर दिया। इस तख्तापलट को जायज ठहराने के लिए उनका दावा है कि 2020 के चुनाव में बड़े पैमाने पर धांधली हुई थी।

जनवरी में, सैन्य जुंटा सरकार ने नए चुनाव से पहले राजनीतिक दलों को सख्त चुनावी कानून के तहत फिर से पंजीकरण कराने के लिए दो महीने की समय सीमा तय की। नए कानून के तहत, मौजूदा 90 समूहों में से केवल 50 ने ही पुनः पंजीकरण के लिए आवेदन किया था। बाकी टीमें बुधवार से भंग कर दी जाएंगी। स्टेट ब्रॉडकास्टिंग सेंटर एमआरटीवी ने यह जानकारी दी। इस बीच, सैन्य-समर्थित यूनियन सॉलिडेरिटी एंड डेवलपमेंट पार्टी ने फिर से पंजीकृत होने के लिए आवेदन किया है, सैन्य जुंटा के बयान में कहा गया है। सू की ने 1988 में एनएलडी की स्थापना की थी। 1990 के चुनावों में उनकी पार्टी ने भारी जीत हासिल की; लेकिन तत्कालीन सैन्य जुंटा सरकार ने इसे रद्द कर दिया। इस बीच, 2021 के सैन्य तख्तापलट के पहले कुछ घंटों के भीतर सू की को गिरफ्तार कर लिया गया। 77 वर्षीय सुची को विभिन्न मामलों में बंद अदालत में मुकदमे के बाद अब तक 33 साल की सजा सुनाई गई है।

इसके अलावा, तख्तापलट के बाद से 3,100 से अधिक लोग मारे गए हैं और 20,000 से अधिक गिरफ्तार किए गए हैं। दूसरी तरफ म्यांमार के इस सैन्य शासन के खिलाफ जनता का विद्रोह अब भी जारी है। देश के कई इलाकों में अब नागरिक भी हथियार लेकर जंगलों की ओर से सैनिकों पर हमला कर रहे हैं। इस वजह से कई बार सेना ने हवाई हमला भी किया है। कई अवसरों पर म्यांमार की सेना के तोप के गोले भारत और बांग्लादेश के भीतर भी आ गिरे हैं।

## न्यूज फटाफट

### जॉर्जिया में 'हिंदूफोबिया' के खिलाफ पारित हुआ प्रस्ताव

**न्यूयॉर्क :** हिंदू धर्म या हिंदुओं के प्रति गलत बयानबाजी और असहिष्णुता को बढ़ावा देने वाली संकल्पना 'हिंदूफोबिया' के खिलाफ अमेरिकी राज्य जॉर्जिया में एक प्रस्ताव पेश किया गया है। जॉर्जिया ऐसा करने वाला पहला अमेरिकी राज्य बन गया है। स्टेट हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स में सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव को स्वीकार किया गया। प्रस्ताव में कहा गया कि कुछ शिक्षाविदों द्वारा हिंदूफोबिया को संस्थागत रूप दिया गया है जो हिंदू धर्म को खत्म करने का समर्थन करते हैं और इसके पवित्र ग्रंथों पर आरोप लगाते हैं। ये लोग हिंदुओं की सांस्कृतिक परंपराओं को हिंसा और उकसाने वाली बताते हैं। पांच राज्य प्रतिनिधियों द्वारा प्रायोजित प्रस्ताव में दुनिया और अमेरिका के लिए हिंदुओं तथा हिंदू धर्म के योगदान को स्वीकारा गया साथ ही हिंदूफोबिया, हिंदुओं के खिलाफ कट्टरता और असहिष्णुता की आलोचना की गयी।

### हिमस्खलन की चपेट में आकर तीन लोगों की मौत

**मरमंस्क :** यूरोपीय देश नॉर्वे के उत्तरी हिस्से में विभिन्न स्थानों पर हुए हिमस्खलन की चपेट में आकर तीन लोगों की मौत हो गयी है जिसमें विदेशी पर्यटक भी शामिल हैं। नार्वे के ब्रॉडकास्टर एनआरके ने पुलिस के हवाले से एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। एनआरके की शुक्रवार को आयी रिपोर्ट के अनुसार रिनोया द्वीप में हुए हिमस्खलन में दो लोगों की मौत हुई जबकि ट्रॉमसो में एक अन्य हिमस्खलन हुआ जिसमें पांच विदेशी पर्यटकों के समूह में से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। बाकी पयर्टकों की मदद के लिए हेलिकॉप्टर भेज दिया गया है। नार्वे की मीडिया रिपोर्टों के अनुसार शुक्रवार को उत्तरी नॉर्वे में कम से कम चार जगहों पर हिमस्खलन हुआ, जिसमें कई लोग जख्मी हुए।

### जापान के विदेश मंत्री चीन की दो दिवसीय यात्रा पर

**टोक्यो :** जापान के विदेश मंत्री योशिमासा हयाशी चीन-जापान की शांति और मित्रता की 45वीं वर्षगांठ मनाने के लिए शनिवार को बीजिंग की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर जाने वाले हैं और इस दौरान वह अपने चीनी समकक्ष किन गैंग के साथ द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे। जापान सरकार ने बीजिंग को अपना स्वयं का चिप उत्पादन स्थापित करने से रोकने के लिए, चीन के अर्धचालक निर्माण तत्वों पर निर्यात प्रतिबंध लगा दिया। इसके अलावा, एस्टेलस फार्मा कंपनी के लिए काम करने वाले एक जापानी व्यक्ति को रविवार को बीजिंग में कथित तौर पर चीनी कानून का उल्लंघन करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। इन दो अलग-अलग मतभेदों को देखते हुए, राजनयिक की यात्रा के दौरान दोनों देशों के संबंधों में खटास हो सकती है। जापानी विदेश मंत्री की तीन वर्षों में चीन की यह पहली यात्रा है। इससे पहले, 2019 में दो शीर्ष जापानी राजनयिकों ने बीजिंग की यात्रा की थी।

### अरकांसस में तूफान से तीन लोगों की मौत

**वाशिंगटन :** अमेरिका के अरकांसस राज्य में आये भीषण तूफान से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गयी और 50 से अधिक लोग अस्पताल में भर्ती हैं। एबीसी ने शुक्रवार को स्थानीय अधिकारियों का हवाला देते हुए कहा कि तूफान के कारण नॉर्थ लिटिल रॉक में एक मौत की सूचना मिली थी, जबकि दो और मौतें वीन शहर में हुई हैं। एबीसी के अनुसार, पुलास्की काउंटी क्षेत्र में कम से कम 50 लोगों के अस्पताल में भर्ती होने की सूचना मिली थी। अरकांसस की गवर्नर सारा हुकाबी सैंडर्स ने विनाशकारी तूफान के कारण राज्य में आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी है। इसके कारण राज्य के 80,000 से अधिक लोगों के घरों में शुक्रवार रात बिजली की आपूर्ति बाधित हो गयी थी।

### एक फलिस्तीनी की गोली मारकर हत्या

**तेल अवीव :** इस्राइली सुरक्षा बलों ने जेरूसलम के पुराने शहर में अल-अक्सा मस्जिद परिसर के एक प्रवेश द्वार पर एक फिलीस्तीनी को मार गिराया है। राष्ट्रीय प्रसारणकर्ता केएएन (कान) ने यह जानकारी दी। कान ने पुलिस के हवाले से बताया कि यह घटना शुक्रवार को चैन गेट पर हुई। पुलिस के अनुसार फलिस्तीनी ने एक कानून प्रवर्तन अधिकारी से हथियार चुराने की कोशिश की थी। शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वीडियो दिखाई दिए जिसमें क्षेत्र में फ़लिस्तीनियों और इजराइली कानून प्रवर्तन के बीच झड़पें दिखाई गईं। इजरायली पुलिस के अनुसार रमजान की नमाज के लिए शुक्रवार को टेम्पल माउंट पर अल-अक्सा मस्जिद में एक लाख से अधिक लोग एकत्रित हुए।

### सूडान में सोने की खदान धंसने से चौदह की मौत

**खार्तूम :** उत्तरी सूडान में एक सोने की खान ढहने से कम से कम चौदह लोगों की मौत हो गयी और 20 से अधिक अन्य घायल हो गये। सूडान की मिनरल रिसोर्सेज कंपनी ने (एसएमआरसी) ने यह जानकारी दी। कंपनी ने एक बयान में कहा, कम्पनी के महानिदेशक, उत्तरी राज्य में कंपनी के कार्यालय के प्रमुख और कर्मचारी वादी हलाफ़ा शहर के दक्षिण में 70 किलोमीटर दूरी पर स्थित अकाशा के पास एक सोने की खदान के ढह जाने की दुखद घटना का शोक मना रहे हैं। इस दुर्घटना में 14 श्रमिकों की मौत हो गयी थी। कंपनी ने कहा कि दुर्घटना में 20 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

### मस्क ने अमेरिका में घटती जन्म दर के परिणामों पर चेताया

**वाशिंगटन :** अमेरिका के अरबपति उद्यमी एलन मस्क का कहना है कि घटती जन्म दर के परिणाम अमेरिका को भुगतने होंगे। मस्क ने ट्विटर पर कहा, ''निम्न जन्म दर के कारण बड़ी गणना हो रही है।''जापानी प्रधान मंत्री फुमियो किशिदा ने पिछले महीने कहा था कि लंबे समय से चली आ रही जन्म दर में गिरावट को उलटने के लिए अगले छह से सात साल देश के लिए ''आखिरी मौका'' होगा। वर्ष 2022 में, जापान ने 799,700 बच्चे पैदा हुये , जो 2021 की तुलना में 43,000 या 5 प्रतिशत कम है। 1899 के बाद पहली बार जन्म दर 800,000 से नीचे गिर गई। राष्ट्रीय जनसंख्या और सामाजिक सुरक्षा अनुसंधान संस्थान ने 2017 में अनुमान लगाया कि कुल जन्म जापान 2030 से पहले 800,000 से नीचे नहीं गिरेगा। संयुक्त राज्य अमेरिका में 2021 में लगभग 30 लाख बच्चे पैदा हुए थे। 2020 तक अमेरिकी जन्म दर 1.64 थी, जबकि जापान की जन्म दर 1.34 थी। वहीं, पिछले पांच दशकों से अमेरिका में जन्म दर में गिरावट आ रही है।

## आज का इतिहास

- 1559 : इटली के जेनोआ क्षेत्र से यहूदियों को निकाला गया।
- 1745 : ऑस्ट्रिया और बवेरिया ने शांति संधि पर हस्ताक्षर किया।
- 1755 : ईस्ट इंडिया कॉम के कोमोडोर विलियम जेम्स के नेतृत्व में एक नौसैनिक बेड़े ने मराठों के किले सुवर्णदुर्ग पर कब्जा कर लिया।
- 1767 : यीशु की सोसायटी का स्पैनिश साम्राज्य और नेपल्स के साम्राज्य में दमन किया गया।
- 1787 : न्यायपालिका के एक चार्टर ने आपराधिक और नागरिक अधिकार क्षेत्र के पहले न्यू साउथ वेल्स न्यायालयों की स्थापना के लिए अधिकार प्रदान करने पर हस्ताक्षर किए।
- 1792 : सिक्का कानून पारित कर दिया गया,संयुक्त राज्य मिंट की स्थापना हुई।
- 1801 : कोपेनहेगन (द्वितीय गठबंधन युद्ध) की पहली लड़ाई: एडमिरल सर हाइड पार्कर के तहत यूनाइटेड किंगडम की रॉयल नेवी शाही डैनो-नार्वे नेवी को एक युद्धविराम स्वीकार करने के लिए मजबूर किया गया।
- 1801 : वाइस एडमिरलहोरियो नेल्सन के नेतृत्व में दूसरे गठबंधन-ब्रिटिश सेनाओं के युद्ध ने कोपेनहेगन के युद्ध में डानो-नॉर्वेजियन बेड़े को हराया।
- 1860 : ट्यूरिन में पहली इटली की संसद की बैठक शुरू हुई।
- 1865 : अमेरिकी गृहयुद्ध तीसरी कोशिश में, केंद्रीय सेना बलों ने पीटर्सबर्ग, वर्जीनिया पर कब्जा कर लिया, हालांकि कॉन्फेडरेट के सरकारी अधिकारी और शेष अधिकांश कन्फेडरेट सेना भागने में सफल रहे।

## शहर >> अपडेट

### दीपोत्सव छह को : पुरोहित

रांची : श्री महावीर मंडल रांची के पदधारियों की बैठक मंडल अध्यक्ष अशोक पुरोहित की अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक में मुख्यरूप से श्री महावीर मंडल रांची के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा , चैती दुर्गापूजा महासमिति के महामंत्री गोपाल पारीक उपस्थित थे ।बैठक में श्री महावीर मंडल के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा ने बताया कि बैठक में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में राजधानी रांची सभी मंदिरों एवं अखाड़ो में दीपोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया । हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में दीपोत्सव को सफल बनाने के लिए 9 क्षेत्रिय प्रभारी नियुक्त किये गए है जिनके नेतृत्व में दीपोत्सव को सफल बनाया जायेगा ।

**सम्मान** मुंबई नेत्र सोसाइटी की वार्षिक कांफ्रेंस में

# डॉ भारती कश्यप गोल्ड मेडल से सम्मानित

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** मुंबई नेत्र सोसायटी एवं आई एडवांस संस्था के द्वारा मुंबई में 25मार्च को मुंबई नेत्र सोसाइटी की वार्षिक कांफ्रेंस के उद्घाटन समारोह में डॉ भारती कश्यप को नेत्रचिकित्सा के क्षेत्र में किये गये उत्कृष्ट कार्यों की वजह से गोल्ड मैडल के द्वारा सम्मानित किया गया। उन्हें यह गोल्ड मैडल पूर्व राज्यसभा सदस्य एवं पद्मश्री डॉ विकास महात्मे के द्वारा दिया गया। यह गोल्ड मैडल प्रतिवर्ष संस्था के द्वारा मोतियाबिंद एवम लासिक सर्जरी के क्षेत्र में उत्कृष्ट काम



करने वाले देश के कुछ चुनिंदा नेत्र चिकित्सकों दिया जाता है। वर्ष 2019 में इंडियन सोसायटी ऑफ कैटरैक्ट एंड इफेक्टिव सर्जरी के द्वारा भी डॉ भारती कश्यप को गोल्ड मेडल द्वारा सम्मानित किया गया था। भारती कश्यप ने वहां पर फेम्टो लेजर ब्लेडलेस मोतियाबिंद सर्जरी पर कई व्यख्यान दिए। ज्ञातव्य हो की यह लेजर एसिस्टेड ब्लेड रहित मोतियाबिंद सर्जरी की इस पद्धति को झारखंड में लाने का श्रेय कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल को प्राप्त है, डॉ भारती कश्यप ने बताया कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल में वर्ष 2014 से यह ब्लेड रहित फेमटो लेजर मोतियाबिंद सर्जरी की पद्धति शुरू की गई है और इस से झारखंड के मरीजों को लगातार इसका फायदा मिल रहा है। लेजर असिस्टेड मोतियाबिंद सर्जरी में आप की छवियों को ओसीटी नामक एक उन्नत इमेजिंग सिस्टम द्वारा पकड़ा जाता है और फेमटो सेकंड लेजर की सहायता से कॉर्निया का चीरा ,लेंस कैप्सूल के बीच का छिद्र एवं मोतियाबिंद का विघटन रोबोटिक पद्धति से किया जाता है। लेजर सर्जरी बेजोड़ सटीकता, कॉर्निया पर सुरक्षित, आरामदायक एवं दर्द रहित होती है। यह पतले कॉर्निया और मधुमेह हृदय, कैंसर हीमोफीलिया दमा एवं अत्यधिक मायोपिया वाले रोगी के लिए उपयुक्त होती है। कुछ ही घंटों में अच्छी रोशनी आ जाती है।

## न्यूज फटाफट

### संत गैब्रियल एंड मोनिका स्कूल एदलहातू में बच्चों को किया सम्मानित

**रांची:** संत गैब्रियल एंड मोनिका स्कूल एदलहातू में 14 स्थापना दिवस सह शैक्षणिक अवार्ड दिवस मनाया गया। सौ परसेंट परीक्षा फल के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर मुख्य अतिथि के रूप में प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय विद्यालय नंबर वन कोलाबा, मुंबई की रिटायर्ड शिक्षिका शांति केरकेट्टा ने बच्चों को प्रोत्साहन और आशीर्वचन प्रदान किए। उनके हाथों से ट्रॉफी और सर्टिफिकेट्स तथा उनके पेरेंट्स को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम मिस डेजी मुस्कान के निर्देशन में बच्चों के प्रस्तुत किया। इस अवसर पर संस्थापिका, निदेशक सह प्राचार्या डॉ सुषमा केरकेट्टा ने अपने पिता को और सर जी को याद किया साथ ही पिता के कठिन कार्यों और मेहनत की चर्चा की और बच्चों को निरंतर इमानदारी पूर्वक मेहनत करने का संदेश दिया तथा माता-पिता एवं अभिभावकों को अपने पिता की तरह ही बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखकर शिक्षा के महत्व को लेकर आगे बढ़ते रहने का संदेश दिया। स्थापना दिवस के मुख्य अतिथि प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष श्री आलोक कुमार दुबे ने बच्चों को परिवार राज्य तथा देश की बहुमूल्य धरोहर बताया और खुद को तराशते हुए देश और राज्य का नाम ऊंचा करने का संदेश दिया। विशिष्ट अतिथि शांति केरकेट्टा ने जीवन के संस्कारों के साथ माता पिता के आदर शिक्षकों को सम्मान देना एवं लक्ष्य साध कर निरंतर आगे बढ़ते हुए सफलता के शिखर पर पहुंचने का संदेश दिया और अपनी 30 वर्षों के शैक्षणिक यात्रा के अनुभव भी बताया।

### सुबह सात बजे से एक बजे तक चलेगी स्कूल

**रांची:** शिक्षा विभाग की ओर से जारी शेड्यूल के अनुसार आज से राज्य के सरकारी और निजी स्कूलों के टाइम टेबल में बदलाव किया गया है। आज एक अप्रैल से मार्निंग शिफ्ट के तहत नियमित रूप से सुबह की कक्षाएं शुरू हो गयी। सरकार के निर्देश पर यह व्यवस्था झारखंड में अगले तीन माह 30 जून तक चलेगी। अब स्कूलों में चल रही डे शिफ्ट की बजाय मॉर्निंग शिफ्ट में स्कूल संचालित किए जाएंगे। सरकारी स्कूल दो घंटे पहले खुलेंगे, जबकि अन्य निजी स्कूल भी एक से दो घंटे पहले खुलेंगे। पूर्व में सरकारी स्कूल सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक संचालित होती थी। बहुत से स्कूलों में नया टाइम टेबल लागू कर दिया गया है, जबकि कई स्कूलों ने आज शनिवार होने की वजह से नया टाइम टेबल सोमवार से लागू करने की सूचना दी है। बजे से खेलों के आयोजन पर असमंजस : शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार सुबह की पाली की कक्षाओं की समाप्ति दोपहर एक बजे होगी। इसके बाद इंडोर और आउटडोर खेलों का आयोजन किये जाने का शेड्यूल दिया गया है। ऐसे में अभी भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है कि गर्मी में दोपहर 1 बजे तक बच्चे खुले मैदान में कैसे खेलेंगे। इसको लेकर शिक्षक संगठनों के साथ ही झारखंड विधानसभा में विधायकों ने भी आवाज उठायी है।

### श्री हनुमान मंडल का 45वां वार्षिकोत्सव आज सुबह 7 बजे

रांचीः धार्मिक संस्था श्री हनुमान मंडल का 45वां वार्षिकोत्सव दो अप्रैल को सुबह 7 बजे से रात के 10 बजे तक मारवाड़ी भवन हरमू रोड में मनाया जाएगा। इस मौके पर देशभर के नामी-गिरामी भजन गायक अपनी प्रस्तुति देंगे। इस मौके पर कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। 301 महिलाएं सुंदर काण्ड पाठ करेंगी। सुबह सात बजे गणेश पूजन के साथ कार्यक्रम शुरू होगा। दिन के 12.30 बजे छप्पन भोग एवं पाठ करने वाली महिलाओं के बीच भोग का वितरण किया जायेगा।

कैंप लगाकर की जाएगी मरीजों की स्क्रीनिंग

## झारखंड को हार्ट ट्रीटमेंट के लिए मिले 97 लाख



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:**97 लाख 60 हजार रुपए सीएम हार्ट ट्रीटमेंट योजना के तहत दिए गए है। इस राशि का उपयोग हार्ट के मरीजों की स्क्रीनिंग के लिए किया जाएगा। वहीं स्क्रीनिंग के बाद इलाज में भी सरकार मदद करेगी। इसके अलावा कैंप लगाकर लोगों को हार्ट अटैक आने की स्थिति में क्या करें इसकी जानकारी दी जाएगी। जिससे कि हार्ट अटैक से होने वाली मौत में कमी आएगी। बताते चलें कि डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के अनुसार हार्ट डिजीज के कारण होने वाली 5 मौत में से 4 केवल हार्ट अटैक और स्ट्रोक से होते है।झारखंड सरकार और श्री सत्य साईं हार्ट हॉस्पिटल के बीच एमओयू हुआ है। जिसके प्रतिवर्ष झारखंड के एक हजार हार्ट मरीजों का मुफ्त इलाज गुजरात के श्री सत्य साईं हॉस्पिटल में होगा। झारखंड सरकार इन मरीजों के यात्रा पर प्रति मरीज 10 हजार रुपया खर्च करेगी। इस एमओयू से श्री सत्य साई हॉस्पिटल राजकोट और अहमदाबाद में झारखंड के युवा तथा वयस्कों का मुफ्त हार्ट का इलाज होगा। पैसे के अभाव में जो लोग इलाज नहीं करा पाते हैं। तीन माह से 18 वर्ष के बीच के बच्चों और राजकोट में 18 से 65 वर्ष तक के लोगों की हृदय संबंधी बीमारियों का मुफ्त इलाज होगा।

आरयू मास कॉम में संपन्न हुआ फिल्म एडिटिंग पर बेहतरीन कार्यशाला सह सेमीनार

## असीम सिन्हा ने छात्रों को फिल्म संपादन के इतिहास से वर्तमान तक से रूबरू कराया

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:**शनिवार एक अप्रैल को आरयू के मास कॉम डिपार्टमेंट के स्भागार में बॉलीवूड तथा अंतर्राष्ट्रीय फिल्मों के प्रसिद्ध फिल्म एडिटर असीम सिन्हा ने एक सेमीनार सह कार्यशाला में विभाग के छात्रों को फिल्म संपादन के बारीकियों को सिलसिलेवार तरीके से बताया। इस कार्यक्रम में सैकड़ो छात्रों ने भाग लिये और अपने सवाल भी पूछे। असीम सिन्हा के विभाग में आगमन पर मास कॉम की प्राध्यापक पूजा उरांव ने झारखंड के परंरा के अनुसार लोटा के जल से उनका हाथ धोकर किया। इसके बाद विभाग के उपनिदेशक डॉ. विष्णु चरण महतो ने उन्हें शॉल देकर सम्मानित किया और स्वागत भाषण दिया। मास कॉम के निदेशक प्रो. डॉ. बी.पी. सिन्हा ने असीम सिन्हा को स्मृति चिन्ह दिया और अपने संबोधन में सभागार में आये छात्रों और मीडिया को बताया कि असीम सिन्हा ने चंद्रकांता सीरियल से लेकर फिल्म मम्मो, वेलकम टू सज्जनपुर, जजंतरम ममतरम जैसे चर्चित फिल्मों सहित बॉलीवूड के सैकड़ो फिल्मों का संपादन किया है। इसके अलावा वह अंतर्राष्ट्रीय



फिल्मों के संपादन का भी काम करते हैं। इस कार्यशाला सह सेमीनार में असीम सिन्हा ने 19वीं सदी के प्रारंभ से लेकर आज तक के फिल्मों के संपादन में तकनीक, बदलाव और स्पेशल इफेक्ट्स तक के बारे में प्रोजेक्टर पर फिल्मों को दिखा कर बहुत ही रोचक और सटीक तरीके से बताया। इस दरम्यान उन्होंने प्रारंभिक दौर के फिल्मों द ग्रेट ट्रेन रॉबरी, द ओडेसा स्टेट्स जैसी फिल्मों को भी दिखाया।

असीम सिन्हा ने कहा कि ग्रीफिथ को फादर आफ एडिटिंग कहते हैं और 1915 से ड्रामाटिक कंटेट की शुरूआत हुई वही 1926 में मोंटाज सिक्वेंस की शुरूआत हुई।रूसी फिल्मकार पोदोवकीन ने इंटेलेक्चुअल मोंटाज की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि फिल्म मेकिंग एक व्यक्ति का नहीं बल्कि टीम वर्क है और फिल्म के एडिटिंग में तीन चीजें बहुत महत्वपूर्ण हैं। वो है सेलेक्सन आफ शोट्र्स, अरेंजमेंट आफ शाट्स, टाइमिंग आफ शाट्स

इस आयोजन में विभाग के शिक्षक डॉ. संकर्षण परिपूर्णन, संतोष उरांव, कुदंन कुमार चौधरी, पूजा उरांव, मनोज कुमार शर्मा, अंग्रेजी विभाग की प्राध्यापक डॉ. पूनम निगम सहाय। मास कॉम विभाग के कर्मी पूर्णेंदूशेखर तिवारी, सुशील रंजन, डहरू टोप्पो , रेखा बाखला समेत सैकड़ो छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अंशिता सिंह ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन मनोज कुमार शर्मा ने किया।

## मक्के की खेती से सालों भर अच्छी पैदावार एवं आमदनी कर सकते हैं किसान:डॉ पीके सिंह



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** आईसीएआर अखिल भारतीय समन्वित मक्का फसल अनुसंधान परियोजना के टीएसपी कार्यक्रम के तहत मक्का की सफल खेती विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन आज हो गया। मौके पर निदेशक अनुसंधान डॉ पीके सिंह ने कहा कि मक्का की फसल एक बहुपयोगी फसल है। यह मनुष्य और पशुओं के आहार का प्रमुख स्रोत और औद्योगिक दृष्टिकोण से भी काफी महत्वपूर्ण है। इसकी खेती झारखंड के पहाड़ी क्षेत्रों के अलावा मैदानी इलाकों में बहुतायत की जाती है। किसान भाई खरीफ, रबी एवं जायद फसल के रूप में इसे वैज्ञानिक विधि से उगाकर सालोंभर अच्छी पैदावार के साथ-साथ अच्छी आमदनी भी कर सकते है। बीएयू ने मक्का की उन्नत किस्म बिरसा बेबीकार्न-1 विकसित की है। पौष्टिक दृष्टि से महत्वपूर्ण तथा सब्जी और सलाद में उपयोगी इस मक्का की खेती से 48 वें दिन से 65 वें दिन के बीच तीन बार तुड़ाई से किसान बढ़िया लाभ कमा सकते है।इस अवसर पर डीन एग्रीकल्चर डॉ डीके शाही ने मक्का की सफल खेती में मिट्टी जांच अनुशंसा के आधार पर संतुलित मात्रा में उर्वरकों के प्रयोग के महत्त्व पर प्रकाश डाला। निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र डॉ एस कमार्कार ने मक्का की खेती में खरीफ, रबी एवं जायद के उपयुक्त किस्मों के चयन तथा प्रमाणित संस्था से स्वस्थ्य एवं उन्नत बीज लेने पर जोर दिया। प्रशिक्षण के दौरान मक्का परियोजना प्रभारी डॉ मनिगोपा चक्रवर्ती, टीएसपी कार्यक्रम (मक्का) प्रभारी डॉ सीएस सिंह तथा मक्का अनुसंधान परियोजना से जुड़े वैज्ञानिक डॉ मिलन चक्रवर्ती, डॉ सुनील कुमार, डॉ एमके बर्नवाल, डॉ योगेन्द्र प्रसाद एवं डॉ तेजवर ने खरीफ, रबी एवं जायद फसल के रूप में मक्का की खेती तकनीक, मक्का की जैविक कृषि तकनीकी, मक्का के प्रमुख कीट तथा रोग एवं फॉल आर्मी वर्म तथा मक्का चारा फसल की खेती एवं सिलेज निर्माण आदि आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी।

### इग्नू का 36वां दीक्षांत तीन अप्रैल को, 405 डिग्रियां दी जायेंगी

रांची : इग्नू का 36वां दीक्षांत समारोह तीन अप्रैल को आयोजित किया जायेगा। समारोह 12.45 बजे कन्वेंशन सेंटर इंस्टीट्यूट नामकुम में होगा। देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुरमू दीक्षांत समारोह की मुख्य अतिथि होंगी। जो इग्नू नई दिल्ली मुख्यालय से दीक्षांत भाषण देंगी। रांची रिजनल सेंटर में बतौर मुख्य अतिथि रांची बिरसा कृषि विवि के कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह मौजूद रहेंगे। रांची रिजनल सेंटर में कुल 12314 छात्र डिग्री के लिये योग्य हैं। लेकिन, समारोह में कुल 405 छात्रों को डिग्री प्रदान की जायेगी।

**पहल** बोकारो के डीसी ने परिजनों के लिए भी जीविकोपार्जन के अवसर की पहल

## सीएम की पहल पर बोकारो के होनहार अंकित को मिलेगा आवास और कोचिंग का मौका

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** मैट्रिक परीक्षा में शानदार परफॉर्म करने वाले बोकारों के अंकित कुमार की दयनीय स्थिति पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने संज्ञान लिया। इसके बाद उनके आदेश को उपायुक्त बोकारो ने अमलीजामा पहना दिया है। बोकारो डीसी ने बताया कि अंकित कुमार एवं उनकी माता बिराजू देवी से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना गया।



तत्काल बीडीओ को अंकित के परिवार वालों को डॉ भीमराव आंबेडकर आवास योजना के तहत आवास स्वीकृति का आदेश दिया गया है। अंकित के लिए कोचिंग संस्थान में नामांकन, आवासन, पुस्तक/नोटबुक आदि की व्यवस्था प्रशासन द्वारा जल्द सुनिश्चित कराया जा रहा है।वहीं डीसी ने कहा कि परिवार को जीविकोपार्जन में सहयोग को ले मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, जेएसएलपीएस योजना के तहत क्रेडिट लिंकेज उपलब्ध कराने, अंकित की छोटी बहन पिंकी को 11वीं में केजीबीवी गोमिया में नामांकन एवं पिता अशोक प्रजापति को संपूर्ण चिकित्सीय जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पूर्व से राशन कार्ड, प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ मिल रहा है।

